नवरात्र का 7वां दिन

पूजन मंत्र - एकवेणी जपाकर्णा, पूरा नग्ना खरास्थिता/ लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी, तैलाभ्यक्तशरीरिणी//
वामपादोल्लसल्लोह, लताकंटकभूषणा/ वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा, कालरात्रिभयंकरी//



माँ कालरात्रि

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com • रायपुर, सोमवार 15 अप्रैल 2024 • पृष्ठ-12 • वर्ष-08, अंक-232 • मूल्य ₹3.00

## क्विक न्यूज

### बसपा ने तीन सीटों पर प्रत्याशी किए घोषित

**रायपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की है। सरगुजा की सीट पर संजय एक्का, रायगढ़ की सीट पर इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्वनी रजक को प्रत्याशी घोषित किया है।

### मुर्मु, धनखड़ मोदी, बिड़ला, अन्य गणमान्य ने दी भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला , केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विभिन्न सदस्यों , अनेक सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की।

### भारत ने ईरान इज़रायल से की शांति की अपील

**नयी दिल्ली।** भारत ने पश्चिम एशिया में इज़रायल पर ईरान के हमले पर गहरी चिंता जताते हुए आह्वान किया कि वे हिंसा छोड़ कर कूटनीति एवं संवाद की दिशा में लौटें। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा, हम इज़रायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से गंभीर रूप से चिंतित हैं जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। हम तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हैं।

### बेकाबू स्कॉर्पियो के कुचलने से मां-बेटे सहित तीन लोगों की मौत

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में पालड़ी के पास रविवार को बेकाबू स्कॉर्पियो गाड़ी के कुचलने से मां-बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर भीलवाड़ा-आसींद रोड़ स्थित पालड़ी के पास सडक् पार कर रहे तीन लोगों को वहां से गुजर रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौत मौके पर ही हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। चालक स्कॉर्पियो छोडक़र भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को आसींद अस्पताल भिजवा दिया।

# भाजपा ने लोकसभा चुनावों का संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी 2024' किया जारी

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए अपना संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी 2024' को जारी किया और देश में गरीब कल्याण योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के रोडमैप को विस्तार दिया गया है। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय के विस्तारित भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणात्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछ्ले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे।



## हमारा संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज : विष्णु देव साय

**रायपुर।** हमारा संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज होता है। पिछले दस वर्षों में हमने यह साबित किया है कि भाजपा अपने घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है, जैसा हमने मोदी की गारंटी में कर के दिखाया है। ख़ासकर पिछले दस वर्षों में मोदी ने जो किया है वह विश्वास बहाली का नया अध्याय है। उक्त बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को समर्पित



भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही। वे यहां कुशभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। साय ने कहा कि आज का दिन बड़ा ही पावन है। असम से लेकर बंगाल और तमिलनाडू तक देश भर में अलग-अलग रूपों में त्यौहार मनाया जा रहा है। कहीं नव वर्ष की चर्चा है, तो कहीं वैसाखी की धूम है।उन्होंने कहा कि देवी उपासना का पर्व नवरात्र का भी छठा दिन, माता कात्यायनी जी का भी दिन है। और जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी कि कात्यायनी माता के दोनों हाथ में कमल है। इससे अधिक पावन संयोग की बात और क्या होगी? साय ने कहा कि इसी संयोग के अवसर पर सोने पे सुहागा की तर्ज़ पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जन्मजयंती भी है और इस पवित्र अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना संकल्प पत्र 'मोदीकी गारंटी' के रूप में जनता जनार्दन के सामने प्रस्तुत किया है। वास्तव में यह घोषणा पत्र भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, विश्वास बहाली का, भारत के भविष्य का एक सुनहरा रोडमैप है। मेरा यह सौभाग्य है कि इस संकल्प पत्र में मुझे भी सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदान किया है। भाजपा के पिछले संकल्प पत्रों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि 2014 और 2019 का हमारा संकल्प पत्र हमारा ऐसा विजन डॉक्युमेंट था जिस पर लोगों को सहज विश्वास नहीं होता था, लेकिन पिछले दस वर्ष ने यह साबित किया है कि भाजपा अपने द्वारा घोषित घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है।

उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ़्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जाएं। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि 10 साल इस बात का प्रमाण है कि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी होने की गारंटी है। इस संकल्प पत्र में पार्टी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी 'ज्ञान- (गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति)' को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। एक व्यक्ति, जो भरोसे का पर्याय बन चुका है... क्योंकि मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। इस संकल्प पत्र को तैयार करने के लिए विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा के दौरान के प्राप्त सुझावों, विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों से प्राप्त सलाहों और नमो ऐप एवं ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त कुल करीब 15 लाख सुझावों को संकलित किया गया है। इन सुझावों की आर्थिक व्यवहार्यता का अध्ययन करने के बाद उनकी 360 डिग्री समीक्षा की गयी तथा चुने सुझावों को समेकित करके उन्हें 24 विषयों में वर्गीकृत किया गया। पुनः इनमें से दस विषयों को गरीब कल्याण एवं सामाजिक विकास के वर्ग में तथा 14 विषयों को विकसित भारत के वर्ग में रखा गया है।

# कांग्रेस ने भगवान महादेव के नाम पर बेटिंग घोटाला किया

**मोदी 3.0 में हम छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बना देंगे, जब तक भाजपा राजनीति में है, आरक्षण को कोई नहीं हटा सकता**

पायनियर संवाददाता ✓ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की राजनांदगाँव लोकसभा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, 'कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे दुष्प्रचार फैलाते हैं कि मोदी संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। आरक्षण चाहे ओबीसी का हो या पिछड़ा वर्ग का, भारतीय जनता पार्टी ना आरक्षण खत्म करेगी ना किसी को खत्म करने देगी। कांग्रेस पार्टी झूठ का व्यापार करती है। उन्होंने कहा कि, हाल ही में छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। महादेव एप के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाले भूपेश कका अभी भी सांसद बने रहना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव में भूपेश कका को हराया था, इस बार लोकसभा में फिर से हराकर उन्हें वापस घर भेजना है। कमल के निशान पर दिया गया आपका एक-एक वोट सीधा नरेन्द्र मोदी के खाते में जाएगा। मोदी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से लगभग मुक्त हो चुका है, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। भूपेश कका की सरकार में नक्सलवाद के खिलाफ आंदोलन बंद हो गया था। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इतने कम दिन में 54 से ज्यादा



नक्सलवादियों को ढेर कर दिया। 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार करने का काम किया गया है और 250 से ज्यादा लोग आत्मसमर्पण कर चुके हैं। मोदी ने 10 वर्षों में पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया है। मोदी के तीसरे टर्म में छत्तीसगढ़ में बचे-खुचे नक्सलवाद का खात्मा निश्चित है। अमित शाह ने कहा कि, कांग्रेस के जमाने में किसान कल्याण का बजट सिर्फ 22 हजार करोड़ रुपये था। मोदी ने किसान कल्याण के लिए 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये का बजट देने का काम किया है। आज हर किसान को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये देने का काम मोदी कर रहे हैं। कांग्रेस ने धान की खरीदी 475 लाख मैट्रिक टन की थी, भारतीय जनता पार्टी ने 830 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी की है। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं के खाते में सीधा पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राजनांदगाँव में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया है। यहां बंद पड़ी शुगर फैक्ट्री को खोलने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के दौर में कभी भी जनजातीय कल्याण मंत्रालय नहीं बन पाया, अटल जी ने जनजातीय कल्याण मंत्रालय बनाया। मोदी जी ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ-साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास देने का काम किया है। सालों तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी किसी आदिवासी बेटा या बेटी को राष्ट्रपति का पद नहीं सौंपा। मोदी ने ओडिशा की गरीब परिवार की आदिवासी बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर देश भर के आदिवासियों का सम्मान किया है और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का काम किया है। एससी के लिए कांग्रेस 24 हजार करोड़ रुपये का बजट छोड़ कर गई थी, मोदी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये कर दिया है।' अमित शाह ने कहा कि, '10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार में छत्तीसगढ़ को 77 हजार करोड़ रुपये दिया गया था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 72 हजार करोड़ रुपये, सड़क निर्माण के लिए 25 हजार करोड़ रुपये, रेलवे के लिए 45 हजार करोड़ रुपये और एयरपोर्ट के लिए 250 करोड़ रुपये खर्च करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। लगभग 38 लाख किसान को पीएम किसान का लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में 40 लाख गरीबों के घर में नल से जल पहुँच रहा है। 2 करोड़ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। 38 लाख घरों में शौचालय बनाया जा चुका है। 2 करोड़ लाभार्थी को प्रति माह 5 किलो अनाज मुफ्त में देने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार कर रही है। मोदी के शासन में 38 लाख गैस कनेक्शन और 12 लाख आवास भी दिए जा चुके हैं।

# भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई बेरोजगारी गायब : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोज़गारी गायब हैं। गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है।उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मज़बूत कर देश में



'रोज़गार क्रांति' लाएगा। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। भाजपा उनके बनाए संविधान को ख़त्म करने की स्पष्ट रूप से साज़िश रच रही है। प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मंच से खुद कुछ और बोलते हैं और अपने नेताओं से कुछ और बुलवा रहे हैं। रमेश ने कहा, उनका मक़सद साफ़ है - यदि इस बार उन्हें मौका मिला तो सबसे बड़ा ख़तरा बाबा साहेब के संविधान पर होगा।

# मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया :'आप'

वार्ता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है। 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है।जुमला पत्र के ज़रिए भाजपा द्वारा पिछ्ले 10 सालों में पूरे न किए गए वादों का कच्चा चिट्ठा पूरे देश के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि मोदी और भाजपा ने पिछ्ले 10 सालों में देश के लोगों को अपने जुमलों से बस धोखा देने का काम किया है।अगर 10 साल में काम किया है तो उसके आधार पर वोट माँगकर दिखाए, 10 साल के वादों के आधार पर नहीं। आतिशी ने कहा कि हर साल दो करोड़ रोज़गार देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री ने 75 पन्नों के जुमला पत्र में ये आँकड़ा तक नहीं दिया कि 10 सालों में उन्होंने कितने युवाओं को रोज़गार दिया। उन्होंने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज अपने जुमलापत्र में इसका आँकड़ा नहीं दिया, 10 सालों में देश में महंगाई का स्तर कम होने के बजाय बढ़कर दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुँच गया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाली भाजपा के जुमला पत्र में किसानों के आय की बात नहीं,एमएसपी के क़ानून की बात नहीं; भाजपा किसानों से अपने किए वादों पर मुकर गई। जिस आयुष्मान भारत की आज भाजपा पूरे देश में अपने जुमला पत्र में डुगडुगी बजा रही है, उसपर पिछले साल दिल्ली जैसे छोटे राज्य के स्वास्थ्य बजट से भी कम खर्च हुआ।

# महादेव सट्टा ऐप को चालू रखने के लिए भाजपा ने कितना चंदा लिया : भूपेश बघेल

**अमित शाह झूठ परोस कर गये**

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खैरागढ़ की चुनावी सभा में राज्य की भाजपा सरकार के कारनामों को छिपाकर बड़े बड़े झूठ बोलकर चले गए. उन्होंने महादेव ऐप के बारे में तो ढेर सारी बातें की लेकिन यह नहीं बताया कि अब जबकि डबल इंजन की सरकार है तो महादेव ऐप क्यों चल रहा है? उन्हें बताना चाहिए कि भाजपा ने महादेव ऐप को चालू रखने के लिए चलाने वालों से कितना चुनावी चंदा लिया है? भूपेश बघेल ने कहा है कि महादेव ऐप पर कार्रवाई तो कांग्रेस की सरकार ने की थी और केंद्र की भाजपा सरकार से अनुरोध किया था कि महादेव ऐप



को बंद करके उसके संचालकों को गिरफ़्तार कर लें लेकिन गिरफ़्तारी तो दूर की बात केंद्र सरकार ने महादेव ऐप को बंद तक नहीं करवाया. उन्होंने पूछा कि क्या वजह है कि महादेव सट्टा ऐप अभी भी बिना रोक टोक चल रहा है तो भाजपा ने उनसे कितना चंदा लिया है? बघेल ने कहा है कि अगर वे सच में सट्टेबाज़ी के खिलाफ होते तो केंद्र की भाजपा सरकार सट्टेबाज़ी पर जीएसटी वसूलकर उसे कानूनी रूप नहीं देती. उन्होंने कहा है कि राजनीतिक रूप से भाजपा लड़ नहीं पा रही है तो बेवजह आरोप लगाकर कांग्रेस को बदनाम करने की साज़िश रच रही है. उन्होंने कहा कि धर्म की बात करने वाले अमित शाह को बताना चाहिए उनकी पार्टी की सरकार ने गाय की देखभाल के लिए बने गौठानों को बंद कर दिया? क्यों गोबर की खरीदी बंद हो गई? और क्या वजह है कि भाजपा की सरकार बनते ही गौ-तस्करी शुरू हो गई? और गौ तस्करी इसी राजनांदगांव ज़िले के बाघ नदी वाली सीमा से हो रही है. अमित शाह को यह भी बताना चाहिए कि यदि वे इतने ही गौरक्षक हें तो उनकी पार्टी ने गौमांस तैयार करने वाली कंपनी से करोड़ों रुपयों का चंदा क्यों लिया? अमित शाह पर तमाम तरह के झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, हमने गंगाजल हाथ में लेकर किसानों की कर्जमाफ़ी और प्रति क्विंटल 2500 रुपए देने का वादा किया था। ➤ विस्तृ पेज 10 पर

## 80 फीसदी छूट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी

# 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्गों के लिए आएगी आयुष्मान भारत योजना

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से वादा किया है कि इस आम चुनाव में जीत कर सत्ता में आने पर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्गों के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक के निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी। मोदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्र 'मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024' को जारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च-मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा, मोदी गारंटी देते हैं कि जन औषधि केंद्रों पर 80 फीसदी छूट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय के विस्तारित भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणात्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछ्ले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ़्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जाएं। मोदी ने कहा, बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती भी है। ऐसे पावन समय में आज भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है। इसका एक बड़ा कारण है। 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। भाजपा ने घोषणापत्र की शुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। उन्होंने गरीबों के प्रति अपनी सरकार के सतत प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा, मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो। यानी गरीब का पेट भरे, मन भरे और जेब भी भरे। मोदी ने कहा, भाजपा सरकार ने पिछ्ले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर दिखाया है। हालाँकि, उन्हें लगातार स्थिरता की आवश्यकता है, अन्यथा गरीबी में फिर से गिरने का जोखिम है। इसी मानसिकता के साथ भाजपा ने अनेक गरीबी उन्मूलन योजनाओं के विस्तार के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है।

### अपराध शाखा करेगी सलमान के घर पर गोलीबारी की घटना की जांच

**मुंबई।** बॉलीवुड मेगास्टार सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित घर के बाहर गोलीबारी की घटना की जांच अपराध शाखा करेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, हम इस मामले की विभिन्न कोणों से जांच कर रहे हैं और



संदिग्ध में से एक लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की कथित संलिप्तता है, क्योंकि अभिनेता को पंजाब स्थित कुछ माफिया समूहों से खतरा है और पिछले कुछ वर्षों में उन्हें और उनके पिता सलीम खान को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि अभिनेता को परिवार को एक पत्र भेजने सहित विभिन्न तरीकों से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। गौरतलब है कि सुबह लगभग पांच बजे हेलमेट पहने हुए दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेजी से आए और अंधेरी तथा सुनसान सड़क पर जाने से पहले सलमान खान के घर की ओर कम से कम चार गोलियां चलाईं। पुलिस शूटरों का पता लगाने, उनके उद्देश्यों और लक्ष्यों की जांच करने के लिए क्षेत्र में क्लोज सर्किट टीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

## जोधपुर संसदीय क्षेत्र में गहलोत का रहा दबदबा

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा है और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक



गहलोत यहां सर्वाधिक पांच बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। जोधपुर गहलोत का गृह नगर है और यहां अब तक हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने सर्वाधिक आठ बार जीत दर्ज की जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने पांच बार चुनाव जीता है। पिछले दो चुनावों में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने चुनाव जीता है और वह इस बार जीत की तिकड़ी बनाने के लिए फिर चुनाव मैदान में है। इस बार शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उचियाड़ा से है जबकि पिछले चुनाव में उन्होंने अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को करीब पौने तीन लाख मतों से चुनाव हराकर दूसरी बार संसद पहुंचे। इस बार वैभव गहलोत को जोधपुर से टिकट नहीं देकर उन्हें जालोर-सिरोही लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया जा रहा है। इस बार भी शेखावत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर ही चुनाव लड़ रहे है जबकि उचियाड़ा प्रदेश की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की उपलब्धियों एवं कांग्रेस की नई पांच गारंटियो के साथ एक बार सेवा का मौका देने का लोगों से आग्रह कर रहे हैं। इस बार चुनाव में इन दो उम्मीदवारों के साथ बहुजन समाज पार्टी की मंजू मेघवाल एवं अन्य दलों एवं निर्दलीयों सहित कुल पन्द्रह उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे है।

# डॉ. अंबेडकर की जयंती मनायी गयी मध्यप्रदेश में

वार्ता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मध्यप्रदेश में गौरवपूर्ण ढंग से मनायी गयी और उनकी जन्मस्थली महू समेत राज्य में विभिन्न आयोजन किए गए। इंदौर के पास महू में डॉ अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न संगठनों ने आयोजन कर उनके कार्यों का स्मरण किया और उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजधानी भोपाल के अलावा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, रीवा, सतना, भिंड, मुरैना और अन्य जिलों में भी डॉ अंबेडकर की जयंती पर आयोजन किए गए। विभिन्न स्थानों पर स्थापित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। हालाकि लोकसभा चुनाव के कारण प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के चलते व्यापक कार्यक्रम देखने को नहीं मिले। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने डॉ अंबेडकर का स्मरण करते हुए लिखा है, भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें सादन नमन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर कहा, संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी को जयंती पर कोटि कोटि नमन करता हूं। संविधान, लोकतंत्र और विकास के संकल्प के लिए समर्पित आपका जीवन समाज के कमजोर व वंचित वर्ग के उत्थान की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर के सपनों के भारत के निर्माण के लिए हम सब कटिबद्ध हैं। इस अवसर पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य पार्टी नेता भी मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी अन्य पार्टी नेताओं के साथ यहां डॉ अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज हमें संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की जयंती पर संविधान बचाने का प्रण लेना है। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करने के लिए कुचक्र तैयार कर रही है, लेकिन देश की जनता मंसूबे पूरे नहीं होने देगी। डॉ अंबेडकर की जयंती पर सत्तारूढ़ दल भाजपा के अलावा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और अनेक सामाजिक संगठनों की ओर से आयोजन कर डॉ अंबेडकर के कार्यों का स्मरण किया गया।

## भाजपा सभी को साथ लेकर चलती है, संकल्प पत्र को लागू भी करते हैं: यादव

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए आज जारी संकल्प पत्र को लेकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और हम संकल्प पत्र को बनाने के साथ उसे लागू भी करते हैं। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि भाजपा शुरु से डॉ भीमराव अंबेडकर के मूल भाव को समझते हुए आगे बढ़ रही है। पार्टी की पंच निष्ठाओं में से एक लोकतंत्र भी है। हम संविधान के मूल भाव को स्थापित करते हुए पांच बातें करते चले रहे हैं और यही कारण है कि जो कांग्रेस 60 साल में नहीं कर पाई, वह 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि एक चाय वाले के परिवार से निकलकर मोदी ने देश में लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ-साथ, संविधान की भावनाओं को ध्यान रखते हुए सभी समाजों को जोड़ते हुए विश्व में भारत की छवि बनाई। संकल्प पत्र समिति के सदस्य रहे मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भाजपा अम्बेडकर जयंती के अवसर पर नया संकल्प पत्र लाई है। भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। हम संकल्प पत्र को लागू भी करते हैं।

# समाजवादी पार्टी ने फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को बनाया प्रत्याशी

एजेंसी ◀ प्रयागराज
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी ने फूलपुर लोकसभा सीट से अमरनाथ मौर्य को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की छठी लिस्ट रविवार को जारी की जिसमें सात उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कि उसमें फूलपुर सीट के लिए अमरनाथ मौर्य का नाम शामिल है। कांग्रेस ने अभी तक इलाहाबाद सीट से अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। उज्ज्वल रमण सिंह सपा से निकल कर हाल ही में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। राजनीतिक गलियारों में उनके ही चुनाव लड़ने की प्रबल संभावना है लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा नहीं हुई है। भाजपा ने दो दिन पहले ही फूलपुर सीट से प्रवीण पटेल को और इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के गठबंधन के चलते इलाहाबाद लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में है जबकि फूलपुर सीट सपा के खाते में है। अमरनाथ ने 1995 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सदस्यता ग्रहण की। 1996 में बसपा की सरकार बनने पर जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य किया। वर्ष 2002 में शहर पश्चिमी से माफिया अतीक अहमद के खिलाफ बसपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा था, जिसमें इन्हें लगभग 24 हजार मत मिले थे। वर्ष 2010 में अमरनाथ मौर्य फूलपुर संसदीय क्षेत्र से जिला सहकारी बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। बाद में 2016 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद 2018 में दोबारा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चुने गए। अमरनाथ मौर्य 2022 में सपा में शामिल हो गए। पार्टी ने शहर पश्चिमी से इनको प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन पर्चा भरने के बाद उनका टिकट अचानक काटकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष डॉ. ऋचा सिंह को उम्मीदवार बना दिया था। राजनीतिज्ञों का मानना है कि सपा ने विशेष जाति समीकरण को देखते हुए अमरनाथ पर अपना भरोसा जताया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता पहले ही कह चुके थे कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यहां से पटेल उम्मीदवार खड़ा करती है तो उनका उम्मीदवार मौर्य ही होगा।

# दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर जम्मू में विरोध- प्रदर्शन

एजेंसी ◀ जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मू में नल से दूषित जल की आपूर्ति के खिलाफ लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया और जल शक्ति विभाग के खिलाफनारेबाजी की। यहां के न्यू कंपनी बाग, ओल्ड यूनिवर्सिटी कैंपस लेन के निवासियों ने नारेबाजी करते हुए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) कैम्पस कार्यालय लेन के सामने नाली की चल रही मरम्मत और निर्माण कार्य के मद्देनजर पिछले एक महीने से दूषित पानी की आपूर्ति का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने त्वरित कार्रवाई नहीं किए जाने पर जल-जनित बीमारियों के फैलने की आशंका जताते हुए आरोप लगाया कि नाले की मरम्मत के काम के कारण पाइप क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक महीने से अधिक समय से इलाके के घरों में दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। इस बारे में निवासियों ने कई बार शिकायतें कीं, लेकिन जल शक्ति विभाग ने निवासियों द्वारा की गई कई मांगों और अपीलों को अनसुना कर दिया है। क्या वे (जल शक्ति विभाग) किसी त्रासदी के घटित होने का इंतजार कर रहे हैं? हम बदबूदार पानी पीने के लिए मजबूर हैं, जिसमें रोगाणुओं या रसायनों का असुरक्षित स्तर होता है और इससे जल-जनित बीमारियाँ फैल सकती हैं। प्रदर्शनकारियों ने एक बार फिर संबंधित विभाग से मामले को तुरंत हल करने का अनुरोध किया है और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी शिकायत के शीघ्र निवारण के लिए निर्देश जारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा, हमारा जीवन खतरे में है और अब समय आ गया है कि जल शक्ति विभाग को निवासियों को जल्द से जल्द स्वच्छ पानी की आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।

# जौनपुर से सपा ने मौर्य समाज पर खेला दांव, बाबू सिंह कुशवाहा प्रत्याशी घोषित

एजेंसी ◀ जौनपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा जौनपुर लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी के रूप में प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है जबकि जिले में मछली शहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज को प्रत्याशी बनाया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लम्बे इन्तजार के बाद सपा ने आज सात लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया है। इसमें जौनपुर से सपा ने मौर्य समाज के उपर दांव लगाया है, बाबू सिंह कुशवाहा को भाजपा के प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह के मुकाबले चुनाव मैदान में उतार दिया है। देखना यह है कि क्या अब जौनपुर में मौर्य समाज साइकिल की सवारी करेगा जो अभी तक कमल खिला रहा था? जौनपुर जिले में मछलीशहर लोकसभा से सपा ने पासी समाज पर दांव लगाया है। प्रिया सरोज को चुनावी जंग में उतारा है अब मछलीशहर सुरक्षित से सपा, भाजपा, बसपा, तीनों दलों के प्रत्याशी पासवान समाज के है। सपा के प्रत्याशियों की सूची जारी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर भी जन मानस के पटल पर परिलक्षित होने लगी है। मछली शहर में भारतीय जनता पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद बीपी सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है, तो बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपा शंकर सरोज को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी द्वारा आज घोषित की गई सूची में मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। इस तरह इस क्षेत्र में तीनों ही दलों ने सरोज बिरादरी पर अपना भरोसा जताते हुए अपने-अपने प्रत्याशी उतारे हैं। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं भाजपा के नेता कृपा शंकर सिंह को अपनी पहली सूची में ही प्रत्याशी बनाकर भेजा है।

# हिमाचल में यमुना के गहरे पानी में समाए दो युवक की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश से सटे विकासनगर (उत्तराखंड) कोतवाली के अंतर्गत डुमेट में यमुना में डूबकर दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों युवक लांघा रोड स्थित एक कंपनी में कार्य करते थे, जो अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए थे। दोनों युवक नहाते समय यमुना में गहरे पानी में निकल गए। जिस से रितिक उपाध्याय व संदीप सिंह राणा की मौत हो गयी। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।



पुलिस ने बताया जा रहा है कि मृतक ऋतिक उपाध्याय (25 वर्ष) पुत्र कमलेश उपाध्याय, निवासी कलानी छीना जनपद पिथौरागढ़ और संदीप राणा (24 वर्ष) पुत्र दीवान सिंह राणा, निवासी अल्मोड़ा से सम्बंध रखते है। पुलिस ने दोनों शवों की कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगामी जांच जारी है।

# अंतरजनपदीय शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, छह बाइक बरामद

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले की सराय अकिलथाना पुलिस ने रविवार को एसओजी टीम के साथ मिलकर एक शातिर अंतर्जनपदीय वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर एक चार पहिया वाहन व चोरी की 6 मोटरसाइकिलें भी बरामद कर लीं गयीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सराय अकिल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति चोरी की स्विफ्ट डिजायर कारसे नंदाकापुरवा गांव के पास यमुना नदी पीपा से आने वाला है। इस सूचना पर सराय अकिल पुलिस एसओजी टीम के साथ मौके पर पहुंच वाहनों की निगरानी करने लगी। इसी दौरान गलत नंबर प्लेट लगाई गई सफेद रंग की कार पुल से आते हुए दिखाई पड़ी, पास आने पर पुलिस टीम ने कार रोक कर चालक को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक कट्टा कारतूस पुलिस ने बारामद किये। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित कुमार कुशवाहा निवासी देवरानरवलपट्टी थाना संदीपन घाट कौशांबी बताया । उसी के निशानदेही पर पुलिस ने मेला बाजार मूरतगंज के एक खडहर से 6 मोटरसाइकिलें बरामद कीं। आरोपी के विरुद्ध पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

# बाबा साहब दलित समाज के महानायक थे: तंवर

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी के सिरसा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित समाज के महानायक थे जिन्होंने इस समाज के उत्थान के लिए जीवनभर संघर्ष किया और संविधान के रूप में एक नायाब ग्रंथ हमें दिया। वह भारत माता के महान सपूत और दलितों के मसीहा थे। डॉ. तंवर ने झूंथरा धर्मशाला में आयोजित जयंती समारोह में यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं को समानता का अधिकार दिया। हर नागरिक को एक वोट का अधिकार दिया और ऐसी व्यवस्था की कि अब राजा रानी के पेट से नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मत पेटी से पैदा होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के पांचों तीर्थों को स्मारक बनाने का काम किया है। बाबा साहब ने गरीब दलित परिवार में जन्म लेकर इतना ऊंचा नाम किया जिससे हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि जुल्म करने वाले से जुल्म सहने वाला ज्यादा गुनाहगार होता है। इससे पहले उन्होंने अंबेडकर चौक पर पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उधर, आम आदमी पार्टी द्वारा बाबा साहिब भीम राव अंबेडकर जयंती को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया। पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष हैप्पी रानियां की अगुवाई में स्थानीय भीम राव अंबेडकर चौक पहुंच कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन द्वारा स्थापित संविधान की रक्षा करने के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करने की शपथ ली। समारोह में पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य वीरेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप सचदेवा आदि ने संबोधित किया।

# भाजपा का संकल्प पत्र सभी वर्गों का विकास एवं विकसित भारत का आधार: जोशी

**जयपुर।** राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने पार्टी के लोकसभा चुनाव को लेकर जारी संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के साथ सभी वर्गों के विकास एवं विकसित भारत का आधार बताया है। जोशी ने संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया और यह ही मोदी की गारंटी है, इसलिए जनता का पूर्ण विश्वास मोदी पर है। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों में मुफ्त राशन सहित कई वादे संकल्प पत्र में हैं और यह एक बार फिर मोदी की गारंटी को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के विजन को लेकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं और पिछले दस वर्ष में मोदी ने जो कहा है वह करके दिखाया गया है, इसलिए उन पर जनता का भरोसा हैं। संकल्प पत्र के लिए पार्टी के शीर्ष नेताओं को बधाई दी।

# जीआरपी टूंडला ने चेकिंग के दौरान 814 ग्राम सोने सहित युवक को लिया हिरासत में

वार्ता ◀ फिरोजाबाद
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रेलवे पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जीआरपी टूंडला ने रेलवे स्टेशन से एक युवक को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 814 ग्राम सोना बरामद करने में सफलता हासिल की। जीआरपीके उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पुलिस अधीक्षक जीआरपी आदित्य लॉन्ग और क्षेत्राधिकार इटावा के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जीआरपी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार अपनी टीम के साथ टूंडला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की चेकिंग कर रहे थे चेकिंग के दौरान उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया पुलिस ने उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से 814 ग्राम सोना बरामद हुआ पुलिस ने सोने को कब्जे में लेते हुए उसका बिल और अन्य डॉक्यूमेंट दिखाने को कहा तो वह कुछ भी नहीं दिखा सका। हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने अपना नाम धीरज कुमार गौड़ पुत्र दयाचंद शर्मा निवासी सतोहा गोवर्धन रोड मथुरा बताया है पूछताछ के दौरान धीरज ने बताया कि वह कानपुर से सोना लाकर मथुरा में एक ज्वेलर्स के यहां ले जाता है, और वहां से बने हुए सोने के आभूषण लेकर कानपुर में बेचने का काम करता है।

# केरल में शख्स ने अपनी प्रेमिका की हत्या के बाद आत्महत्या की

**पलक्कड़।** केरल में पलक्कड जिले के पट्टांबी के पास त्रिथला में एक व्यक्ति (45) ने रविवार को अपनी प्रेमिका की चाकू मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पट्टांबी पुलिस के अनुसार, एक फोटोस्टेट दुकान के मालिक एम. संतोष नामक आरोपी ने त्रिथला के पास पट्टीथारा-कंगट्टुपल्ली की निवासी केपी प्रव्या (30) की पट्टांबी के पास कोडुमुंडा में सड़क के किनारे चाकू मारकर हत्या कर दी और फिर उसके शव को आग लगा दी। वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया। पुलिस ने जांच की और आरोपी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया। बाद में आरोपी का शव उसके रिश्तेदार के घर से बरामद किया, जहां उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। प्रव्या, संतोष की दुकान की पूर्व कर्मचारी थी और उसने छह महीने पहले नौकरी छोड़ दी थी। उसने बाद में पट्टांबी के एक निजी अस्पताल में स्टोरकीपर के रूप में काम शुरू कर दिया था। रिपोर्ट्स में कहा गया कि संतोष और प्रव्या के बीच अवैध संबंध थे। प्रव्या अपने पहले पति से अलग हो गई थी और उसका 12 साल का एक बच्चा है। संतोष के भी दो बच्चे हैं और प्रव्या के साथ अवैध संबंध होने के बाद उसकी पत्नी अलग रह रही थी। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये पट्टांबी तालुक अस्पताल भेज दिया गया है।

# सिरसा में 31हजार से अधिक की जुआ व सट्टा राशि सहित आठ लोग गिरफ्तार

एजेंसी ◀ सिरसा
www.dailypioneer.com



हरियाणा में सिरसा जिला की सीआईए स्टॉफ सिरसा तथा स्पेशल स्टॉफ, सिरसा व एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर जुआ व सट्टा खाई वाली करते हुए आठ लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 31,145 रुपए की जुआ व सट्टा राशि बरामद की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए की पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान डिंग थाना क्षेत्र में मौजूद थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि गांव कोटली क्षेत्र में कुछ लोग सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस पार्टी ने गांव कोटली में दबिश देकर 6 लोगों को 25 हजार 600 की जुआ राशि के साथ काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान ओमप्रकाश पुत्र बुधराम, सुनील पुत्र रतनलाल, राधेश्याम पुत्र मोहनलाल निवासी कोटली, नरेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी हुडा सेक्टर 20 सिरसा, रमेश पुत्र हरिश्चंद्र निवासी गांव वेदवाला ढाणी व रविंद्र पुत्र बनवारी लाल निवासी सरस्वती कॉलोनी सिरसा के रूप में हुई है। वहीं स्पेशल स्टॉफ की एक टीम ने गांव शाहपुर बेगू से एक व्यक्ति को 3470 की सट्टा राशि के साथ काबू किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान मनोज कुमार निवासी गांव शाहपुर बेगू के रूप में हुई है । जबकि एंटी नारकोटिक्स सेल ,सिरसा पुलिस टीम ने शिव चौक सिरसा क्षेत्र से रोशन पुत्र रामस्वरूप निवासी खालसा स्कूल वाली गली गुरु नानक नगर, सिरसा को सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाई वाली करते हुए 2075 की सट्टा राशि के साथ काबू किया है ।

# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का संकल्प पत्र: भजनलाल

एजेंसी ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह विकसित भारत का संकल्प पत्र हैं जो गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं को समर्पित हैं। शर्मा ने घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया में रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया जो गरीब, किसान, युवा एवं महिला को सशक्त करने का संकल्प है। पिछले दस वर्ष में महिला गरीमा एवं इसके नये अवसरो को समर्पित किया गया है और महिला शक्ति की नई भागीदारी कैसे होगी यह इसके लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने संकल्प पत्र को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत एवं देश को आगे बढाने एवं उसे सुरक्षित करने का संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गरीब कल्याण के तहत तीन करोड़ से ऊपर नये घर बनाने का काम किया जायेगा। उज्जवला योजना जारी रहेगी और इसके तहत पाइप लाइन से सस्ती दर पर गैस देने का काम भी होगा। शर्मा ने कहा कि 80 करोड़ लोगों को जो खाद्यान मिल रहा है वह आगे भी पांच साल तक मिलता रहेगा। इसी तरह मुद्रा योजना के तहत जो दस लाख रुपए का लोन मिलता था उसे बढ़ाकर उसकी सीमा 20 लाख रुपए तक कर दी जायेगी। 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग लोगों को आयुष्मान योजना में शामिल कर उनका पांच लाख रुपए तक निशुल्क इलाज किया जायेगा । उन्होंने कहा कि इसी तरह राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आये हैं जिसके तहत डेयरी आदि की संख्या बढाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जो वादे किए है उन्हें पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है और अभी बहुत कुछ करना है।

उन्होंने संकल्प पत्र के लिए श्री मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं को बधाई दी है।

# कांग्रेस ने मंडी से विक्रमादित्य व शिमला लोस सीट से विनोद को मैदान में उतारा

एजेंसी ◀ शिमला
www.dailypioneer.com

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह उप-चुनाव की सीटों पर विचार-विमर्श करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में बैठक बुलाई, जिसमें अंततः मंडी संसदीय सीट के लिए विक्रमादित्य सिंह और शिमला से विनोद सुल्तानपुरी की उम्मीदवारी पक्की हो गई। दोनों युवा नेता वर्तमान में विधायक हैं। सबसे पुरानी पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारने का फैसला किया है। यह निर्णय मंडी से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार व बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के विरोध में लिया गया और एक ऐसा कदम जो मंडी जिले में एक गतिशील प्रतियोगिता का पूर्वाभास देता है। विक्रमादित्य और रानौत के बीच हालिया वाकयुद्ध से भी एक गर्म चुनावी लड़ाई की ओर इशारा कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह मंडी निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुने गए उम्मीदवार के रूप में उभरे, इस फैसले का प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी समर्थन किया। यह घोषणा भाजपा द्वारा कंगना के राजनीतिक पदार्पण की घोषणा के बाद आई है, जिससे चुनावी प्रतियोगिता को दिलचस्प अंजाम की ओर ले जाएगा। मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र से आने वाली और मनाली में रहने वाली कंगना इस चुनावी मैदान में अपनी स्टार पावर लेकर आती हैं। ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का गढ़ रहे मंडी संसदीय क्षेत्र ने अतीत में वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह जैसे उल्लेखनीय नेताओं का प्रतिनिधित्व किया है। वीरभद्र सिंह 2009 में पंडित सुखराम के बाद चुने गए, जबकि प्रतिभा सिंह ने लगभग तीन दशकों तक इस सीट पर कब्जा जमाये रखा। यह विरासत हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य में मंडी के महत्व को रेखांकित करती है। शिमला लोकसभा सीट के लिए विचार-विमर्श भी विनोद सुल्तानपुरी की उम्मीदवारी की पुष्टि के साथ समाप्त हो गया है। जिससे एक अन्य प्रमुख चुनावी युद्धक्षेत्र में स्पष्टता प्रदान की गई है। वर्ष 2022 में विधान सभा के सदस्य चुने गए विनोद सुल्तानपुरी केडी सुल्तानपुरी के बेटे हैं और कांग्रेस पार्टी ने 15 साल बाद फिर से अपना गढ़ हासिल करने के लिए उन्हें परखने का फैसला किया है। छह बार के कांग्रेस सांसद स्वर्गीय कृष्णदत्त सुल्तानपुरी ने 1980, 1984, 1989, 1991,1996 और 1998 से शिमला संसदीय सीट बरकरार रखी थी।

# मतदान के बदले मेखावाया के ग्रामीणों ने मांगी सड़क की सुविधा

**लगातार ग्रामीणों के बीच पहुंच कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप को जिताने के लिए अपील कर रही हैं भाजपा नेत्री दीपिका शोरी**

## स्वयं के पैसे से गांव वालों ने बनाया है सड़क

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में जहाँ ग्रामीणों के बीच पहुंच कर समस्त राजनीतिक दलों के द्वारा लोकलुभावन वादे किए जा रहे हैं तो वही मतदाता भी अब जागरूक होकर अपने गाँव के विकास की मांग कर रहे है रविवार को छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम मेखावाया में भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी महेश कश्यप के पक्ष में मतदान करने की अपील करने भाजपा की आदिवासी नेत्री अधिवक्ता दीपिका शोरी पहुंची तो ग्रामवासियों ने उनसे अपने गाँव के विकास की मांग रख दी



### इडजेपाल जाने 15 किमी चलना पड़ता है पैदल सड़क बन जाए तो दूरी हो जाएगी 3 किमी

ग्राम वासियों ने सड़क की मांग रखते हुए कहा कि ग्राम इडजेपाल से हमारा रोटी बेटी का सम्बंध है हमको पहाड़ी पार करके इडजेपाल जाना पड़ता है, जिनके पास साधन है वो अपने साधन से जाते हैं जिनके पास नहीं है वो पैदल जाते हैं इसी समस्या को देखते हुए हम समस्त ग्रामवासियों ने पंचायत के सहयोग से बड़े बड़े बोल्डर निकालकर चलने योग्य बनाया है यह सड़क यदि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्माण करा दिया जाए तो हम समस्त ग्रामवासियों को बहुत ज्यादा सुविधा हो जाएगी साथ ही कहा कि हम समस्त ग्रामवासी महेश कश्यप को मतदान करने का वादा करते हैं परंतु नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं तो हमारी यह समस्या भी जल्द दूर होनी चाहिए, ग्रामवासियों के इस मांग पर दीपिका ने गांव वालों को भरोसा दिलाया कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनते ही उनकी यह मांग पूरी हो जाएगी।

**मोबाइल पर महेश ने दिया मांग पूरी करने का आश्वासन :** ग्रामीणों की मांग पर भाजपा नेत्री दीपिका ने लोकसभा प्रत्यासी महेश कश्यप से मोबाइल पर इस समस्या के सम्बंध में चर्चा किया तो महेश कश्यप ने भी नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही इस सड़क कार्य की स्वीकृति दिलवाने की बात की।

# चैत्र नवरात्र के छठवें दिवस की गई माता कात्यायनी की पूजा

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्री राघव मन्दिर किरंदुल में वासन्तीय नवरात्रि पर्व के छठवें दिवस रविवार को माता कात्यायनी देवी की पूरे श्रद्धा भाव से पूजा की गई।पंडित सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि कात्यायनी देवी दुर्गा जी का छठा अवतार हैं।शास्त्रों के अनुसार देवी ने कात्यायन ऋषि के घर उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया, इस कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ गया।मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी मानी गई हैं।शिक्षा प्राप्ति के क्षेत्र में प्रयासरत भक्तों को माता की अवश्य उपासना करनी चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इनकी उपासना से विवाह बाधा का समाधान भी होता है।



### विधायक नीलकंठ टेकाम होन्हेड में आमा जोगानी चैतराई महापर्व में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को दी बधाई

**केसकाल।** ब्लॉक केसकाल के ग्रामपंचायत होन्हेड मैं दिनांक 12.04.2024 को ग्रामवासियों द्वारा आमा जोहानी चैतराई महा पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचें श्री नीलकंठ टेकाम ने उपस्थित लोगों को आमा जोहानि चैत राई महा पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस दौरान कार्यक्रम का अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि रतिराम नाग, कैलाश कुंजाम विशिष्ठ अतिथि व कृष्णादत्त उपाध्याय, लक्ष्मण कुंजाम, हरि कुंजाम,राधेश्याम कुंजाम,वा समस्त पुजारी, मांझी, गायता, पटेल के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ है साथ में नीलकंठ टेकाम ने अपने साथीयों के साथ मन्दिर में पूजा अर्चना किया है।

# चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मतदाताओं को किया गया जागरूक



पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर दंतेवाड़ा कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुवेदी के आदेशानुसार जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवम नगरीय निकाय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत रविवार को किरन्दुल वार्ड क्रमांक 02 भाग संख्या 247 लक्ष्मणपुर कैंप रामपुर कैम्प में मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में मतदान करने हेतु जागरूक करने के साथ ही संकल्प दिलाया गया।मौके पर मतदाताओं की सूची चस्पा एवं पर्ची वितरण की गई। इस दौरान बीएलओ विजेंद्र गुप्ता, अनिल यादव,नागेश चौरे, चंद्रमणि साहू,दसरी कश्यप उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली व्यापारी संघ, निजी शैक्षणिक संस्थान, ट्रांसपोर्टर्स एवं विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों की बैठक

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जिले के समस्त व्यापारी संगठन, निजी शैक्षणिक संस्थान, ट्रांसपोर्टर्स के प्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक ली। ज्ञात हो कि 15 अप्रैल को माओवादी प्रतिबंधात्मक संगठनों द्वारा बंद का आव्हान करने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को माओवादी खोखली विचार धारा से जुड़े प्रतिबंधात्मक संगठनों का विरोध करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान सामान्य दिनों की तरह खुले रखने की अपील की जिस पर डेढ़ सौ से अधिक समाज, व्यापारी, ट्रांसपोर्टर्स एवं अन्य संगठनों ने पूर्ण सहयोग करने की सहमति दी।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक रूप से वाहन रैली का आयोजन

- सौ से अधिक चार पहिया वाहनों का काफिला ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण का मतदान बस्तर लोकसभा-10 में शामिल बीजापुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-89 का मतदान 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में लगातार व्यापक रूप से स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के गतिविधियों और आयोजन से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मोटरसाइकिल एवं चारपहिया वाहनो की रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया जिसमें सैकड़ों बाईक के अलावा सौ से अधिक चार पहिया वाहन शामिल हुए।

कलेक्टर, एसपी, सीईओ जिला पंचायत ने बाईक पर सवार होकर रैली की अगुवाई की, वाहनों की रैली कलेक्टोरेट कार्यालय से शुभारंभ होकर नया बस स्टैण्ड, नया बस स्टैण्ड से दो टुकड़ी में एक गंगालूर मार्ग की ओर एवं दूसरी टुकड़ी डारा पारा, चट्टान पारा होते हुए वापस कलेक्टर परिसर पहुंचकर रैली का समापन हुआ।

# धरमपुर कैंप किरंदुल में सूर परिवार के द्वारा रामनवमी का आयोजन किया जा रहा



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरंदुल कि वार्ड क्रमांक 04 धरमपुर कैंप स्थित सूर परिवार के द्वारा वासन्तीय नवरात्रि पर्व के के छठवें दिवस माता कात्यायनी देवी की पूरे श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की गई। पंडित हेमप्रकाश वर्मा ने बताया कि कात्यायनी देवी दुर्गा जी का छठा अवतार हैं। शास्त्रों के अनुसार देवी ने कात्यायन ऋषि के घर उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया, इस कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ गया। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी मानी गई हैं। शिक्षा प्राप्ति के क्षेत्र में प्रयासरत भक्तों को माता की अवश्य उपासना करनी चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इनकी उपासना से विवाह बाधा का समाधान भी होता है।

# बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कलेक्टर ने मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर मतदान करने की दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्म दिवस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय ने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को गजमाला पहनाकर जयकारे लगाते हुऐ, बाबा साहेब के आदर्शो पर चलकर संविधान की रक्षा करने एवं लोकतंत्र पर पूर्ण आस्था रखकर अपने मताधिकार का प्रयोग बिना डर, भय, दबाव एवं प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से करने की शपथ दिलाई और



बीजापुर में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने की अपील की। इस दौरान एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, दिलीप उईके, उप संचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास केएस मशराम, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन वन विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

# अम्बेडकर कॉलोनी में मनाई गई शीतला माता मंदिर के 49 वीं वर्षगांठ



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

शनिवार को किरन्दुल वार्ड क्र. 08 अम्बेडकर कॉलोनी में शीतला माता मंदिर की 49 वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया।मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि भक्त गणों द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया गया। इस पूजा में नगर से सैकड़ों की संख्या में भक्त गण सम्मिलित होकर माता रानी की दर्शन किए। भक्त जन सुबह से ही उपवास रहकर पूजा अर्चना कर देवी को पुष्पांजलि अर्पित किए। जिसके बाद शाम को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

**एएम, एनएस ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

# वार्षिकोत्सव समारोह में टॉपर्स को साइकिल वितरण

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

13 अप्रैल को एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा पालनार एवं फूलपाड़ ग्राम पंचायत में मोबाइल स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसके अंतर्गत प्राथमिक उपचार के साथ-साथ मलेरिया, रक्त शर्करा स्तर और रक्तचाप की निः शुल्क पैथोलॉजिकल जॉंचें की गई।जिसका संचालन जिला अस्पताल के डॉक्टर, फार्मासिस्ट और अटेंडेंट की टीम द्वारा किया गया। वहीं एएम/एनएस इंडिया कम्पनी ने दंतेवाड़ा के पाइपलाइन गांव, बांगुरु कॉलोनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित




वार्षिकोत्सव समारोह में स्कूल के मेधावी छात्रों को साइकिल का वितरण किया।इस वर्ष विद्यालय को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित करने हेतु ब्लॉक शिक्षा विभाग द्वारा नामित किया गया था। समारोह में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री देवी, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, बड़ापदर जीपी के सभी प्रधानाध्यापक और शिक्षक उपस्थित रहें।कार्यक्रम के दौरान गायत्री देवी ने समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से छात्रों को पढ़ाई जारी रखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी लगातार स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, खेल और संस्कृति, बुनियादी ढांचे के विकास और पेयजल सुविधाओं में पहल के साथ ही विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए इन विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। जिससे प्रमुख हितधारकों, विशेष रूप से ग्रामीणों, स्थानीय प्रशासन और संस्थानों को इन सभी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# किरंदुल में किया गया भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब को याद



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी के 133 वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को एनएमडीसी एससी एसटी कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किरंदुल बैंक चौक के समीप स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके देश के प्रति किए अतुलनीय कार्यों एवं योगदान को याद किया गया।बता दें एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक बी के माधव,बी एल तारम अध्यक्ष एस टी एस सी कल्याण समिति, सचिव इंटक एके सिंह, एस के एम एस सचिव राजेश संधू ,एस के एम एस अध्यक्ष देवरायलु, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एमव्ही लाल, एसटी एससी कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों मौजूद थे।

**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **भिलाई शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
**पुराना पता**- प्लॉट नं. 14, ब्लॉक नं.-21, पहली मंजिल, शारदा मोटर्स के ऊपर, जीई रोड के सामने, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग-490023 (छत्तीसगढ़)
**नया पता** - ब्लॉक नं. 02, प्लॉट नं. 01, 02, 03, 04, 05, 07, 08, 09, 11 ब्लॉक बी, दूसरी मंजिल, मौजे सुपेला, विश्वकर्मा मार्केट, भिलाई,राधिका नगर,वार्ड नं. 4, तहसील व जिला, दुर्ग- 490023 (छत्तीसगढ़)
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।

# अधिकारी चुनाव कार्य में व्यस्त भूमाफिया अवैध प्लाटिंग में मस्त

## जिले के चारों तरफ धड़ल्ले से चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल, हरे-भरे वृक्षों की भी बिना अनुमति कर रहे कटाई

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के लिये अधिसूचना जारी होने के बाद समूचे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। धमतरी जिले में भी इसे लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी द्वारा शत प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के निर्देशन में इसका व्यापक प्रचार प्रसार समूचे जिले में किया जा रहा है। गांव-गांव, गली-गली सभी वर्गों के द्वारा मतदान की शपथ ली जा रही है। इस कार्य में जिले के अधिकारी मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं। इन्हीं कार्यों में अधिकारियों के रहने की वजह से अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं की बांछें खिल गई हैं और वे इस समय का लाभ उठाते हुए द्रुतगति से यह कार्य कर रहे हैं। हद तो यह है कि संबंधित विभाग के निचले क्रम के अधिकारी भूमाफियाओं के द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग को लेकर खामोशी अख्तियार किये हुए हैं। इधर आगामी लोकसभा चुनाव के चलते अधिकारी, कर्मचारी चुनाव कार्य में व्यस्त हैं जिसकी वजह से भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग का धड़ल्ले से जारी रखे हुए हैं। शहर एवं आसपास के ईलाकों में बेतहाशा रूप से अवैध प्लाटिंग का कार्य निरंतर जारी है। वहां कार्यरत एक-दो मजदूरों ने बताया कि हमारे सेठ द्वारा कहा गया है कि इस कार्य को 26 अप्रेल के पहले-पहले कराना है, चाहे इसके लिये सैकड़ों मजदूर लगे और यही कारण है कि शहर एवं आसपास के ईलाकों में बेतरतीब अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इस संबंध में बताया गया कि कृषि योग्य भूमि को खरीदने के पश्चात तीन साल तक का इसे परिवर्तित नहीं कराया जा सकता। लेकिन देखा जा रहा है कि कृषि योग्य भूमि को तत्काल अवैध प्लाटिंग के रूप में तब्दील किया जा रहा है। रूद्री रोड, करेठा, हरफतराई, श्यामतराई, अर्जुनी के साथ साथ शहर के हटकेशर, विवेकानंद कालोनी, रत्नाबांधा रोड जैसे क्षेत्रों में भी अवैध प्लाटिंग धड़ल्ले से की जा रही है। बिना रेरा की अनुमति के इस प्रकार के निर्माण कार्य को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं और वे अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे भूमाफियाओं को सहयोग कर रहे हैं। जिले में होने वाली अवैध प्लाटिंग को लेकर तत्कालीन कलेक्टर ने संज्ञान लिया था और ऐसे कार्यक्षेत्र में निरीक्षण दल को भेजकर कार्यवाही भी करवाई थी। यहां स्थल पर पड़ी निर्माण सामग्रियों को तक जप्त कराया था। लेकिन उनके स्थानांतरण के पश्चात यह कार्यवाही शिथिल पड़ गई जबकि अन्य जिलों में नगर निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अवैध प्लाटिंग को लेकर 9 साल पहले से भूमाफियाओं द्वारा जगह जगह सस्ती दर पर भूमि खरीदकर उसे प्लाटिंग में बदलते हुए भारी भरकम मकान बनाये जा रहे हैं और सर्वसुविधायुक्त कालोनी का लोक-लुभावन सपना दिखाकर मकान पाने वाले लोगों को बेवकूफ बनाकर उनसे भारी भरकम राशि वसूल की गई है किंतु जब ये अपने खरीदे मकान में जाकर देखे तो वहां पर न नाली है, न पेयजल, न विद्युत व्यवस्था। इसे लेकर उन्होंने संबंधित व्यक्ति के पास जाकर अपने पैसे की मांग की। लेकिन उन्होंने मकान प्राप्ति का सपना संजोये व्यक्ति को पैसा वापस नहीं किया। शहर में हुई अवैध प्लाटिंग को लेकर निगम द्वारा भी लोगों को नोटिस जारी कर नियमितिकरण कराने के लिये कहा था। लेकिन इन लोगों ने अभी तक नियमितिकरण नहीं कराया है। इसके बाद निगम की कोई कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। और तो और नगर निगम द्वारा पूर्व वर्षों में अवैध प्लाटिंग को लेकर विवादित स्थलों पर निगम का सूचना बोर्ड लगाकर अनजान व्यक्तियों को होशियार करने की दृष्टि से उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के लेनदेन को नहीं करने की हिदायत दी गई थी। लेकिन आज भी ऐसे सूचना बोर्ड के पिछवाड़े में अवैध प्लॉटिंग का खेल चल रहा है। और तो और पिछले महीने अपर कलेक्टर द्वारा 5-6 अवैध कालोनियों का निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर न सिर्फ इसका निर्माण कार्य रूकवाया गया था बल्कि इसके पंजीयन पर भी रोक लगा दी गई थी किंतु कुछ दिनों बाद इस आदेश को अपर कलेक्टर ने शून्य घोषित कर दिया। भूमाफियाओं द्वारा जिले में लागू आदर्श आचार संहिता एवं मतदान को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी व्यस्त हैं, जिसका पूरा-पूरा लाभ ऐसे लोगों द्वारा उठाया जा रहा है और इनकी कोशिश है कि चुनाव के पहले तक उनके अवैध प्लाटिंग, एवं निर्माण कार्य पूरा हो जाये। इसे लेकर पिछले दिनों एक भूमाफिया द्वारा हरे-भरे वृक्ष तक की कटाई की गई है जबकि पूर्व समय में ऐसे भूमाफियाओं द्वारा कृषि योग्य भूमि खरीदने के पश्चात उसके आसपास स्थित शासकीय भूमियों को इन्होंने अपने अवैध प्लाटिंग में मिला लिया है जिसके कारण शासन को एक ओर नियमितिकरण से प्राप्त होने वाली का नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर शासन की बेशकीमती भूमि भी ऐसे भूमाफियाओं के प्लाटों में समाहित कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। समय समय पर ऐसे कार्यों में लिप्त लोगों के विरूद्ध कार्यवाही चलते में इसे रोक देना ऐसे लोगों को प्रश्रय देने के समान है। इसीलिये मांग की जा रही है कि अवैध प्लॉटिंग करने वालों के विरूद्ध लगातार ठोस कार्यवाही होनी चाहिये। लोगों ने कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी से शहर एवं आसपास के ईलाकों में हो रही अवैध प्लाटिंग, वृक्ष कटाई, शासकीय अतिक्रमण पर तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# ट्रक से भारी मात्रा में खैर लकड़ी परिवहन करते एक गिरफ्तार

**लकड़ी व ट्रक को किया जब्त**

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com




वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा सरसीवाँ रोड पर माधोपाली के पास अवैध रूप से एक ट्रक में भारी मात्रा में खैर लकड़ी का परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उक्त लकड़ी को ट्रक सहित जब्त कर वन विभाग सुपुर्द किया गया है।

वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक 12 चक्का ट्रक में अवैध रूप से खैर लकड़ी सागरपाली से सरसीवां की ओर जा रही है। मुखबिर की सूचना पर वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशन, उप वन मंडलाधिकारी अनिल भास्करन के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली प्रत्यूष टाण्डेय के नेतृत्व में परिक्षेत्र सरायपाली के कर्मचारियों की टीम गठित कर पुलिस की टीम के साथ मुखबिर की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची। पुलिस विभाग द्वारा मुखबिर के बताए गए ट्रक का पीछा करते हुए मेन रोड ग्राम माधोपाली (लंबर) बजरंगबली मंदिर सरसीवां रोड के पास उक्त ट्रक को रोका गया। वन विभाग की टीम द्वारा उक्त ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 1454 के चालक से नाम पूछने पर अपना नाम मकरध्वज भोई पिता बनमाली भोई उम्र 40 वर्ष निवासी जाड़ामुड़ा थाना बसना जिला महासमुंद का रहने वाला बताया। ट्रक में लोड सामान के संबंध में पूछने पर गोल-गोल जवाब देने लगा। गंभीरता से पूछने पर अवैध खैर लकड़ी को बसना से जांजगीर चांपा ले जाना स्वीकार किया। पुलिस एवं वन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में खैर लकड़ी पाया गया। ट्रक को लकड़ी सहित वजन करवा कर सरायपाली थाना में लाया गया तथा वन विभाग के सुपुर्द किया गया है। ट्रक से खैर प्रजाति के लट्ठा 1073 नग 11.360 घन मीटर कीमत 1.25 लाख रुपए को ट्रक सहित जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41, 42 के साथ धारा 76 छत्तीसगढ़ अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 03, 04, 05, 14 एवं धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है एवं प्रकरण की विवेचना जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सरायपाली अमित शुक्ला एवं स्टाफ तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली श्री टाण्डेय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सिंघोड़ा संतोष कुमार पैंकरा, सरायपाली योगेश्वर निषाद, बलौदा रविलाल निर्मलकर, पालीडीह योगेश्वर कर एवं सरायपाली परिक्षेत्र के समस्त वनरक्षक और सुरक्षा श्रमिकों का विशेष सहयोग रहा।

# प्रभात फेरी निकाल कर मनाया गया आंबेडकर जयंती



पायनियर संवाददाता ◀ सरायापाली
www.dailypioneer.com

संविधान के निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जयंती 14 अप्रैल 2024 को ग्राम सिंघोडा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेडकर जयंती मनाया गया जिसमे सिंघोड़ा क्षेत्र के सभी एसटी एससी जाति के युवा उपस्थित थे जिसमे सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष और पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली के अनंतराम बिशी द्वारा बाबा साहेब प्रतिमा की पूजा अर्चना किया गया और पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाल के सविधान के बारे में चर्चा किया गया जिसमे युवा वर्ग में मुकेश मिरी विष्णु मिरि महेन नवरंग कैलाश रिंकू जगदीश राम मिरी और भी बहुत लोग उपस्थित थे।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विरेन्द्र नगर में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ सरायापाली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, एस. आलोक जिला स्वीप समिति, डॉ. नीता वाजपेई राज्य संपर्क अधिकारी के निर्देशानुसार तथा डॉ. मालती तिवारी संयोजक जिला स्वीप समिति प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन तथा प्राध्यापक नोडल अधिकारी यू के बरिहा के नेतृत्व में-स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के द्वारा वीरेंद्र नगर में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने प्रेरक नारा के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन 2024 में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सबसे पहले वोट करने की अपील की। भारत एक लोकतांत्रिक देश होने के नाते युवा मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक है तथा युवाओं को लोकतंत्र में सरकार के निर्माण में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। लोकतंत्र की आधारशिला मतदान करने से ही मजबूत होता है, संकीर्ण विचारधाराओं, धर्म, वर्ग, जाति ,संप्रदाय एवं क्षेत्र के आधार पर तथा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपना मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए तथा दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु सहयोग करना चाहिए। जिले में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों एवं कार्यक्रम चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राध्यापक नोडल अधिकारी यू के बरिहा एवं स्वीप नोडल अधिकारी पीतांबर बाघ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता के दिशा निर्देश में स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं तथा अनिवार्य मतदान करने के लिए अपील कर रहे हैं। मतदाता जागरूकता रैली में नये मतदाताओं और महिला मतदाताओं की सहभागिता रहती है। मतदाताओं को प्राध्यापक नोडल अधिकारी यू के बरिहा के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक सेत कुमार कोसरिया, पूर्व छात्र अविनाश सिंह, लीलाधर उरांव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकगण सम्मिलित हुए।

# विजय संकल्प अभियान के तहत शक्ति केंद्र जोगनीपाली में कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता ◀ सरायापाली
www.dailypioneer.com

जोगनीपाली शक्ति केंद्र के डिपापारा में बुथ क्र 189 जोगनीपाली में बुथ विजय संकल्प अभियान व चाय पे चर्चा कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष विपिन राजेन्द्र उपोवेजा कुटेला शक्ति केंद्र प्रभारी अमृत पटेल जोगनीपाली संयोजक व बुथ अध्यक्ष सतीस साहू सह संयोजक परक्षित प्रधान गाँव के वरिष्ठ नेता उसत प्रधान बुथ के अध्यक्ष विश्वनाथ पटेल व गाँव की मातृ शक्ति व ग्रामीण जन उपस्थित थे जिला अध्यक्ष ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री व हमारे प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपिल की जिलाउपाध्यक्ष ने मोदी की गारंटी व दोनों बुथों में प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिए सभी से आग्रह किये इस कार्यक्रम प्रभारी व शक्ति केंद्र प्रभारी शोशल मीडिया विधानसभा सरायपाली मुरलीधर नायक के साथ ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# यश की संदेहास्पद मौत, पिता ने की जांच की मांग

**मामला-भाठागांव स्थित रिसॉर्ट में करंट से हुई मौत का**


पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाठागांव रायपुर स्थित रिसॉर्ट में होली पर्व के अवसर पर 30-40 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गये खैरागढ़ निवासी यश सालेचा की रहस्यमय ढंग से करंट लगने से हुई मौत को लेकर खैरागढ़ निवासी गौतमचंद सालेचा(जैन)ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री छग शासन, डीजीपी इत्यादि को एक शिकायत प्रेषित कर इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इन्होंने अपनी शिकायत में बताया है कि होली पर्व मनाने के लिये मेरा पुत्र यश सालेचा उम्र 26 वर्ष अपने दोस्तों के साथ गया था जहां से उसकी मौत की सूचना उन्हें मोबाईल पर उसके दोस्तों ने दी। सूचना के बाद धीरे-धीरे हमारा पूरा परिवार रायपुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में पहुंचा। लेकिन वहां के प्रबंधन द्वारा न तो उन्हें मिलने दिया गया और न ही उसकी सही खबर बताई गई जिससे इस मौत के पीछे एक सुनियोजित साजिश का पता चलता है। शिकायत पत्र में मृतक के पिता गौतमचंद सालेचा ने बताया है कि 17 मार्च 2024 को उनके पुत्र को करंट लगने की जानकारी मोबाईल द्वारा हमारे परिवार को दी गई जिसकी खबर पाकर हम परिवार के लोग निजी अस्पताल में पहुंचे जहां हमारे परिवार के किसी भी सदस्य को मिलने नहीं दिया गया। उसके दोस्तों ने भी इधर उधर की बात कर मेरे परिवार को बहलाये रखा। भाठागांव रायपुर स्थित उक्त अस्पताल के प्रबंधन द्वारा जब परिवार के लोग देखने की जिद करने लगे तो उन्हें कभी आईसीयू में ईलाज किये जाने की जानकारी दी गई, बाद में कहा गया कि उसे एमएमआई रायपुर रिफर किया गया है। एमएमआई में जब हमारे द्वारा यश सालेचा की खोजबीन का प्रयास किया गया तो वहां पता चला कि उसे मेकाहारा रिफर कर दिया गया है। जिससे हम लोग बेहद व्यथित होकर मेरे पुत्र से मिलने का प्रयास करते रहे किंतु हमें मिलने ही नहीं दिया गया और वहीं पर यश सालेचा की मौत होने की जानकारी दी गई। गत 17 मार्च 2024 को हुई इस मौत को लेकर इनका परिवार बुरी तरह आहत है। बताया जाता है कि यश सालेचा किसी भी नशे का आदी नहीं था। उसके दोस्तों द्वारा जिद कर उसे जबरन पिकनिक में ले जाया गया, उसके चंद घंटे बाद उसे करंट लगने की मोबाईल में जानकारी दी गई। मृतक के पिता ने बताया कि हमें अपने पुत्र से मिलने भी नहीं दिया गया। इन्होंने यह भी बताया है कि जिस रिसॉर्ट में ये लोग ठहरे थे, वहां 10 फिट की दूरी पर हाईटेंशन तार स्थित है। एकलौते पुत्र यश सालेचा की रहस्यमय ढंग से हुई मौत को लेकर इनका परिवार भारी सदमें में था जिसके कारण उसी वक्त इसकी रिपोर्ट संबंधित थाने में नहीं की गई। सदमे से उबरकर उनके पिता गौतमचंद सालेचा पिता टीकमचंद सालेचा खैरागढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, डीजीपी, पुलिस महानिरीक्षक आदि को कर इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इनका तर्क है कि रिसॉर्ट एवं भाठागांव रायपुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम तथा इनके दोस्तों की कार्यशैली पर संदेह है। इस मामले को लेकर मृतक के चाचा प्रमोद सालेचा ने पिछले दिनों दौरे पर आये प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर इस संदेहास्पद मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# पंचमी में रहा देवी मंदिरों में भीड़, महामाया मंदिर लवन में हुआ माता का श्रृंगार

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



शनिवार 13 अप्रैल चैत्र नवरात्रि को पँचमी तिथि होने के चलते देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी रही। लवन स्थित सिद्ध शक्तिपीठ माँ महामाया मंदिर लवन में माँ का श्रृंगार हुआ, माँ महामाया को निम्बू का माला पहनाया गया।दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ देर रात्रि तक रहा।पंडित भावेश तिवारी ने बताया कि सप्तमी की रात्रि को माता का विशेष श्रृंगार अष्टमी तिथि के लिए किये जाने की बात बताया, आगे चर्चा में कहा कि पँचमी तिथि एवं शनिवार अवकाश होने के कारण बहुत भीड़ रहने की बात बताया, रविवार को दोगुना भीड़ होने की बात कहा जिसकी तैयारी भी होने के बारे में चर्चा किये।

# करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन सड़क नागरिकों के लिये हो रहा जानलेवा साबित

**मामला-श्यामतराई से संबलपुर सेहराडबरी सड़क निर्माण का**

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरूण साव द्वारा लगातार अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पाठ पढ़ाया जा रहा है। लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उनकी इन बातों को नजरअंदाज कर श्यामतराई से संबलपुर तक चलने वाले सड़क निर्माण के प्रति उदासीनता बरत रहे हैं जिसके कारण 16 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सड़क में वाहनें हिचकोले खा रही है। इस बात को लेकर जागरूकों ने शुरू से ही उक्त सड़क निर्माण को लेकर अधिकारी और ठेकेदार पर उंगलियां उठाते हुए इस निर्माण कार्य को आनन-फानन में संपादित कराये जाने का आरोप लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। लेकिन राजधानी में बैठे अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी और वे इस सड़क निर्माण के गुणवत्ता को लेकर गुण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को आज तक स्थल पर नहीं भेजा जिससे नागरिकों की बहुप्रतीक्षित इस सड़क निर्माण में की जा रही धांधली को लेकर मायूसी देखी जा रही है। करोड़ों की लागत से बन रहे सड़क में विभाग की लापरवाही नागरिकों के लिये जानलेवा साबित हो रही है।

पिछले वर्ष की हुई तेज बारिश की वजह से श्यामतराई से संबलपुर तक की सड़क में बड़े-बड़े गढ्डे हो गये थे जिसके कारण अनेक दुर्घटनाएं हो गई हैं। इसे लेकर जागरूक नागरिकों, समाजसेवी संगठनों द्वारा लगातार इस सड़क की निर्माण की मांग की जा रही थी। पूर्ववर्ती सरकार के समय सुधार कार्य, पेचवर्क के नाम पर करोड़ों रूपये की राशि दी गई थी। उससे सड़कों का सुधार कार्य किया गया। इस कार्य में भी भारी कोताही बरती गई और पेचवर्क, सुधार कार्य के नाम पर करोड़ों रूपये की राशि लगाने के बाद भी माह भर बाद यह सड़क उसी स्थिति पर आ गई। सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश के मुखिया साय एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री साव ने नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मांग को गंभीरता से लेते हुए इसके लिये 16 करोड़ 84 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान कर राशि भी प्रदान कर दी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार को यह कार्य सौंपा जिसने निर्माण के पूर्व स्थल पर कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया जिसके कारण लोगों को यह भी नहीं मालूम चला कि यह सड़क निर्माण प्रारंभ हो चुका है। हद तो यह है कि प्रथम चरण के निर्माण कार्य समाप्ति के बाद सूचना बोर्ड दो स्थानों पर लगाये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस बोर्ड में भी कार्य समाप्ति और स्वीकृति राशि को कम दर्शाया गया है। सड़क का निर्माण कार्य रात्रि में प्रारंभ किया गया और निरंतर यही पैटर्न पर कार्य होते रहा। इस सड़क निर्माण के पूर्व जैसा कि लोक निर्माण विभाग का नियम है कि सड़क की सफाई, बेसकोट इत्यादि पहले कराया जाता है। उसका भी ध्यान न रखते हुए ठैकेदार एवं अधिकारियों ने जिस स्थिति पर सड़क थी, उसमें डामर मिक्चर को लगाना प्रारंभ कर दिया और इसमें चलने वाले रोलर का भी इस्तेमाल इस कार्य में नहीं किया गया जिसके कारण यह सड़क का समतलीकरण बिगड़ा सा नजर आता है। इसमें चलने वाली वाहनें हिचकोले खाते नजर आती हैं। लोगों का कहना है कि यदि करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य में अधिकारी एवं ठेकेदार जरा सी जिम्मेदारी निभाते तो सड़क की यह स्थिति नहीं होती। इनका यह भी कहना है कि सड़क निर्माण के समय अधिकारी, ठेकेदार के भरोसे कार्य सौंप दिये और ठेकेदार ने अपने मेट के जरिये सड़क के प्रथम चरण के निर्माण कार्य को पूरा कर लिया। महीने भर पूर्व शुरू हुए इस निर्माण कार्य की समय सीमा भी समाप्त हो चुकी है। इसे लेकर भी विभाग गंभीर नहीं है। सड़क निर्माण में अर्जुनी मोड़ के पास डामर का जो मिक्चर लगाया गया है, उसका लेवल दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। आये दिन यहां से गुजरने वाले लोग लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। अगर समय रहते पुराने सड़क के साईड लेवल एवं उक्त स्थल का समतलीकरण नहीं किया गया तो कभी भी भयंकर हादसा अथवा किसी की जान जा सकती है। बताया जाता है कि करोड़ों की लागत से बन रहे सड़क में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार इतनी बड़ी लापरवाही कैसे कर रहे हैं, समझ से परे है। सड़क तो बना रहे हैं लेकिन बाजू के लेवल को बराबर करने का काम नहीं किया गया है जिससे इस सड़क पर चलने वाले वाहन आये दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं और राहगीर, अधिकारी एवं ठेकेदार की कार्यशैली पर आक्रोश जता रहे हैं। नागरिकों ने स्थानीय अधिकारी एवं ठेकेदार के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग मंत्री द्वारा लगातार अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिये जाने की एक तरफ बात कर रहे हैं दूसरी ओर उनके अधिनस्थ अधिकारी द्वारा ठेकेदार पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया जाना अनेक संदेहों को जन्म देता है। यहां यह बताना जरूरी है कि पिछले माह किये गये निर्माण कार्यों में सिहावा चौक के पास स्थित सड़क में एक विशाल गड्ढा बन गया था जिसे मिट्टी और मुरूम से पाटने का कार्य किया गया और अपनी गलतियों का छुपाने का पूरा प्रयास किया गया परंतु इस सड़क निर्माण को लेकर नागरिकों की गिद्ध दृष्टि के कारण लोनिवि के अधिकारी एवं ठेकेदार का कृत्य नहीं छुप पाया जिन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री और लोनिवि मंत्री से इस सड़क की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# प्रशिक्षकों ने अथक परिश्रम करके रुचि और क्षमता के अनुसार बच्चों को खूब निखारा : जयंती लुंकड़

■ सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित 4 केटेगरी में बच्चों ने परीक्षा दी थी प्रथम रहे- प्री प्राइमरी -मनोहर, प्राइमरी- नेमेश, वोकेशनल 1- यज्ञदत्त, वोकेशनल 2-अर्जुन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com




मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र सार्थक स्कूल में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम पालकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सार्थक संस्था के संरक्षक मदनमोहन खंडेलवाल, वरिष्ठ सदस्य जयंती लुंकड़ एवं समाज सेवी कांता राठी एकविता राठी, विशेष रूप से उपस्थित थे। सार्थक के विशेष बच्चों ने अतिथियों का स्वागत गीत गाकर स्वागत किया।बच्चों के अभिभावकों, हरीश नारायण गजेंद्र, बलविंदर खालसा, मनोहर जसूजा, रंभा दीप, उमेश पटेल, शकुंतला सोनी, माया नामदेव, ओमेश्वरी, मुकेश्वरी सिन्हा, अनिल दुग्गड़, सुमित नागवानी, प्रेमबती साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्कूल द्वारा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सार्थक में आने के पश्चात अपने. अपने बच्चों में आई प्रगति के लिए संतोष और खुशी जाहिर किया। तत्पश्चात सभी बच्चों को परीक्षा परिणाम दिया गया। चारों ग्रुपो में जिसमे प्री प्राइमरी-मनोहर-प्रथम, तनिश. द्वितीय, प्रतीक- शांडिल्य- तृतीय, प्रायमरी - नेमेश-प्रथम, मनीषा- द्वितीय, एकलव्य- तृतीय, वोकेशनल 1- यज्ञदत्त-. प्रथम, श्वेता. द्वितीय, कुणाल- तृतीय, वोकेशनल 2 -अर्जुन. प्रथम,निखिल व्दितीय, करण खालसा तृतीय स्थान पर रहे। सभी बच्चों को मार्कशीट प्रदान की गई एवं जयंती लुंकड़ ने उन्हें टिफिन बॉक्स का उपहार देकर प्रोत्साहित किया। सार्थक अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी ने बच्चों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल,चित्रकला एवं अन्य गतिविधियों के विषय में जानकारी दी और कहा ये बच्चे विशेष है, इनके बीच प्रतिस्पर्धा नहीं होती। प्रथम, द्वितीय रैंक देना एक सिस्टम के अंतर्गत है। जयंती लुंकड़ ने कहा प्रशिक्षकों ने अथक परिश्रम से रुचि और क्षमता के अनुसार ए बच्चों को खूब निखारा है और उन्हें आत्मविश्वासी बनाया है। अतिथि कांता राठी, कविता राठी ने सार्थक के सुचारू संचालन एवं विशेष बच्चों की उपलब्धियों और प्रतिभाओं की बेहद सराहना की और कहा कि उन्होंने सार्थक के बारे में सुना था आज पहली बार बच्चों से मिलने एवं उनके विषय में जानने का मौका मिला है। उन्होंने बच्चों के सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। और सार्थक को व्यक्तिगत रूप से यथासंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव स्नेहा राठौड़ ने किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी को कविता एवं कांता राठी ने स्वल्पाहार कराया । इस अवसर पर सुभाष मलिक, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, गीतांजलि देवी, स्वीटी सोनी,देविका दीवान, सुनैना गोड़े और अभिभावक गण उपस्थित थे।

# बच्चों को मोबाईलऔर खिलौने नहीं,अच्छे संस्कार दें : जन्मजय

## संगीत मय भागवत कथा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



सप्तदिवसीय संगीतमय भागवत कथा का आयोजन ग्राम ढुटीकोना में किया गया है। कथा वाचक शेषाचार्य जी महाराज के मुखारवृन्द से आस-पास के सैकड़ो श्रद्धालु भक्तों द्वारा भक्तिमय वातावरण में भागवत कथा का श्रवण किया जा रहा है। सप्त दिवसीय इस भागवत कथा कार्यक्रम के तृतीय दिवस वंदेमातरम् सेवा संस्थान (छत्तीसगढ़ ) के उपाध्यक्ष, समाज सेवी, शिक्षक, गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हा.से.स्कूल जोगनीपाली के संचालक जन्मजय नायक शामिल हुए। इस अवसर व्यासपीठ के मंच से संबोधित करते हुए नायक ने कहा-बच्चों को मोबाईल और खिलौने नहीं, अच्छे संस्कार दें।अच्छे संस्कार के लिए बच्चों को अध्यात्मिकता से जोड़कर,समय-समय पर विविध स्थानों पर होने वाले कथा आयोजनों में बखूबी उन्हें सम्मिलित करें, इससे बच्चों के कोमल मष्तिष्क में भक्ति और अध्यात्म के भावों का जागरण होगा तथा उनके चारित्रिक गुणों का विकास होगा।कथाओं के विविध प्रसंगोंऔर पात्रों के जीवन चरित्र को जान-सुनकर उसे जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा मिलेगी। नायक ने आगे कहा-भारतीय शिक्षा प्रणाली में बच्चों को संस्कार दिए जाना लगभग नगण्य होता जा रहा है।यह एक चिंता का विषय होना चाहिए।पहले घर से लेकर स्कूल तक बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाता था जो उनके जिंदगी को ही नहीं बल्कि पूरे समाज की दशा और दिशा को निर्धारित करता था। नायक ने आगे कहा- माता-पिता बच्चों की हर जिद पूरी करने की बजाय उन्हें अच्छे संस्कार दें।बच्चों में अच्छे संस्कार डालने से वे अधिक विनम्र, विचारशील, सहानुभूतिपूर्ण हो जाते हैं और उनसे जुड़ना और सिखाना आसान हो जाता है।नायक ने व्यासपीठ मंच से अंचल में संचालित विद्यालयों को आड़े हाथों लेते हुए कहा- शिक्षा को लाभ कमाने की दृष्टि से चलाने वाले व्यापारी बन चुके हैं। परिणाम स्वरूप शिक्षा आज व्यापार बन गया है।व्यावसायिक तौर पर चलाए जाने वाले अधिकांश विद्यालयों के बच्चे संभ्रांत तो हैं, पर विवेकशील नहीं। शिक्षा का तात्पर्य केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि चारित्रिक ज्ञान भी होता है जो कि आज की इस भागदौड़ वाली जिंदगी में हम भूल चुके हैं। अवसर पर गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हा.से.स्कूल जोगनीपाली के संस्थापक गोपनाथ गुरूजी, उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, संचालन सहयोगी चतुर्भुज स्वाई सह अनेक कथा प्रेमी, श्रद्धालुजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विभिन्न शासकीय सेवाओं में भर्ती की तैयारी के लिए युवाओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आगामी पुलिस भर्ती, अग्निवीर भर्ती एवं अन्य शासकीय पदों में नियुक्ति के लिए युवाओं का मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण जानकारी देने हेतु, आयोजित किया गया कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम। एसडीओपी बलौदाबाजार एवं रक्षित निरीक्षक बलौदाबाजार द्वारा विभिन्न शासकीय सेवाओं में भर्ती की तैयारी के लिए युवाओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का पदभार ग्रहण करने के बाद एक नए सकारात्मक विजन के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा एक समेकित बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम सृजन अभियान की परिकल्पना। की गई। इसके तहत अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में कम उम्र के बच्चों के रचनात्मक अभिरुचि जागृत करना, किशोरवय युवाओं में नशे के विरुद्ध जागृति लाना, युवाओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करना एवं सामान्य नागरिकों में भयमुक्त समाज एवं वातावरण का भाव जगाना जैसे महत्वकांक्षी परियोजना प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में प्रातः 11:30 बजे से पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में विभिन्न शासकीय पदों में भर्ती होने की तैयारी के लिए आवश्यक जानकारी देने एवं मार्गदर्शन हेतु कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार द्वारा उपस्थित युवाओं को आगामी पुलिस भर्ती, अग्निवीर भर्ती एवं शासकीय सेवाओं में भर्ती की तैयारी के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। उन्होंने उपस्थित युवाओं को विशेष रूप से पुलिस भर्ती के लिए आवश्यक सभी फिजिकल अहर्ताओं की पूर्ति के लिए निरंतर शारीरिक व्यायाम करने के साथ-साथ इस दौरान आयोजित होने वाले लिखित परीक्षा के लिए भी अपना ध्यान केंद्रित करते हुए लगातार प्रयास करने हेतु आवश्यक सुझाव दिया गया।

# नुक्क ड़ नाटक कर छात्र छात्राओं ने वरिष्ठजनों से शतप्रतिशत मतदान करने की अपील, एसडीएम अमित गुप्ता ने मतदान करने दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में शतप्रतिशत मतदान करने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज बलौदाबाजार में विकासखंड स्तरीय मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को मतदान करने की आवश्यकता क्यों है समझाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई इस अवसर पर छात्र छात्राओं के बीच भाषण, निबंध, चित्रकला नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में शाश्वत इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूल, गुरूकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, अंबुजा विद्यापीठ, आरएलबी स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जनपद सीईओ मनहरण मंडावी, बीईओ टंडन, बीआरसी सी अविनाश तिवारी, गिरीश पटेल, मनीष बरनवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। एसडीएम अमित गुप्ता ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का त्यौहार है और इसे हम सभी को हर्षोल्लास के साथ मनाना है और अधिक से अधिक मतदान कर एक स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना करना है। आप सभी मतदान अवश्य करें।

# सूने मकान में अज्ञात चोर की दस्तक, नगदी रकम, सोनें चांदी के जेवरात की चोरी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूचिदा में एक अज्ञात चोर ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए नगदी रकम के अलावा सोनें चांदी के जेवरात समेत 90 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूचिदा निवासी लवकेश कुमार साहू ने पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह इंजीनियरिंग का कोर्स कर रायगढ में प्राईवेट व्यवसाय करता है। वर्तमान में वह अपने माता पिता के साथ शिवम बिहार रायगढ़ मे मकान बना कर निवास करते आ रहे हैं। लवकेश ने बताया कि पुसौर ब्लाक के रूचिदा में उसके दादा ठण्डा राम साहू एवं दादी तखतकुंवर साहू रहते है। 10 अप्रैल को उसके दादा ठण्डा राम साहू की तबियत खराब होने से ग्राम रूचिदा पहुंच कर घर में ताला लगा कर दादा, दादी को साथ लेकर इलाज के लिये जिन्दल अस्पताल रायगढ़ में भर्ती करवाये है। लवकेश ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह करीब 07 बजे गांव के चाचा चेला राम साहू ने मोबाइल फोन से सूचना देते हुए बताया कि तुम्हारे घर का सामने गेट में लगा ताला टुटा हुआ है जिसकी सूचना के बाद रूचिदा पहुंच कर चाचा चेला राम साहू एवं बडे पिता जी राम कुमार साहू के साथ जाकर देखने पर लोहे गेट में लगा ताला का कुन्दा टुटा हुआ था। अंदर प्रवेश करने पर मुख्य दरवाजा में लगा ताला कुन्दा टुटा हुआ था अंदर प्रवेश करने पर रूम में रखे आलमारी का कुंन्दा टुटा हुआ, सामान बिखरा पडा हुआ आलमारी का भी लाकर टुटा हुआ था। जहां आलमारी के अंदर रखे नगदी रकम 15 हजार रूपये एवं चांदी का बिछिया 02 तोला नही था एवं पूजा रूम मे रखे सोने का कान का करंज फुल करीब 02 तोला, चांदी का पायल करीब 40 तोला, चांदी का सांटी करीब 02 तोला सभी पुराना इस्तेमाली कुल कीमती 75 हजार रूपये एवं जेवरात व नगदी रकम कुल जुमला 90 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा ताला कुन्दा तोड कर घर अंदर प्रवेश कर उक्त सामान एवं नगदी रकम को चोरी कर ले गया है।

# 117.5 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त, 1140 किलो महुआ लाहन को किया गया नष्ट

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के.एल चौहान के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा ग्राम सुड़हेली में 117.5 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त सहित 1140 किलो महुआ लाहन को किया गया नष्ट किया गया है। अधिकारी एल के गायकवाड़ ने बताया कि गुप्त सूचनाओं के आधार पर ग्राम सुड़हेली में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण करते पाया गया। वहा नाला के किनारे पहुचकर विधिवत तलाशी लेने पर 15 लीटर क्षमता वली 3 प्लास्टिक डिब्बो म कुल 45 बल्क लीटर महुआ मदिरा, एक प्लास्टिक झिल्लि मे लगभग 55 बल्क लीटर महुआ मदिरा,एक 5 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में 5 लीटर महुआ मदिरा,दो प्लास्टिक बोरी में भरी 25 झिलियो (प्रत्येक में लगभग 500 मि.ली) कुल 12.50 बल्क लीटर महुआ मदिरा कुल- 117.5 बल्क लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया कच्ची महुआ शराब को कब्जा आबकारी विभाग द्वारा लिया गया और 38 प्लास्टिक झिल्लियों वाली बोरियों में प्रत्येक में 30 किलो महुआ लाहन कुल 1140 किलो महुआ लाहन को सैंपल लेकर विधिवत नष्टीकरण किया गया है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) 34(2) का, प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# 23 क्विंटल महुवा लहान के साथ 150 लीटर महुआ शराब जप्त

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com




सिंघोड़ा पुलिस द्वारा सीमावर्गति ग्रामो में छापामार कार्यवाही करते हुवे अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामानों के साथ 23 क्विंटल महुवा लहान पास के साथ ही 150 लीटर महुआ शराब भी जप्त किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही से वन विभाग की कार्यशैली व लापरवाही फिर सामने आ गई। जंगलों के भीतर भारी मात्रा में अवैध शराब बन रही है, बिक रही है व संग्रहण भी किया जा रहा है पर जिस वन विभाग का यह कार्य क्षेत्र है वह विभाग उनके ही जंगलों में बन रहे अवैध शराब व भारी मात्रा में बनाये जा रहे शराब प्रकरणों से अनभिज्ञ है। सिंघोड़ा पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब महुवा लहान व पास के साथ ही शराब भी जंगलों के भीतर तक पहुंचकर कार्यवाही कर जप्त कर रही है। सिंघोड़ा पुलिस द्वारा कुछ दिनों पूर्व ही 2 बार छापामार कार्यवाही करते हुवे लगभग 50 क्विंटल लहान पकड़ा जा चुका है व साथ ही 100 लीटर शराब भी पकड़ा गया। लगातार पुलिस की सफलता पूर्वक कार्यवाही के बावजूद वन विभाग की कोई सक्रियता इस ओर दिखाई नही दे रही है। इस संबंध में सिंघोड़ा टीआई महेश साहू ने जानकारी देते हुवे बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों तथा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब रखने/बिक्री करने/परिवहन करने वालों के ऊपर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। इस पर कार्यवाही करते हुवे मुखबीर सूचना पर सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण साहू आरक्षक वीरेंद्र बाघ, जितेंद्र आदिले व राजकुमार यादव की एक टीम बनाकर ग्राम बंदूपाली व गुठानीपाली के जंगल,पहाड़ी क्षेत्र में चल रहे अवैध महुआ शराब निर्माण कार्य पर छापामार कार्यवाही की गई । शराब बनाने के लिए रखे 2300 किलोग्राम महुआ लहान (पास) कुल कीमती 1,15,000 रुपये को जप्त कर तत्काल ही नष्ट किया गया एवं 150 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती 30,000 रुपए जप्त कर अवैध शराब बनाने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। सिंघोड़ा पुलिस द्वारा यह लगातार जंगलों के भीतर जाकर सफ्लतापूर्वक कार्यवाही की गई है।

# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा अम्बेडकर जयंती मनाया

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



विश्वरत्न बोधिसत्व समाज सुधारक भारतीय संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सर्व अनुसूचित जाति समाज एवं प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम बालसी मंगल भवन में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुकलाल राय अथगंवा अध्यक्ष सतनामी समाज बालसी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रकाश नंद जिला उपाध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति समाज, विशिष्ट अतिथि जगदीश चौहान, सफेद लाल दास, जयलाल गिरी, सुरेश अस्तुरा जिला संगठन मंत्री सर्व अनुसूचित जाति की उपस्थिति रही। सार्वजनिक रूप से लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के प्रचार प्रसार के लिये स्वीप मतदाता जागरूकता का शपथ लेकर संविधान को अक्षुण बनाये रखने का संकल्प भी लिया गया। बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के कार्यो एवं उनके योगदान को याद कर बाबा साहब के बताए मार्गो में चलने का सपथ लिया गया। कार्यक्रम के पश्चात सर्व अनुसूचित जाति ब्लॉक कार्यकारिणी गठन हेतु चर्चा की गई जिसमें सर्व सम्मति से जगदीश चौहान एवं सफेद लाल दास को सरंक्षक मनोनीत किया गया। 05 मई 2024 को सर्व अनुसूचित जाति कार्यकारिणी गठन हेतु संभावित तिथि घोषित किया गया तथा स्थान गाड़ा समाज भवन सरायपाली चिन्हित कर कार्यक्रम की वृहद प्रचार प्रसार करने हेतु जिम्मेदारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतनामी समाज से जगजीवन रत्नाकर गुरुजी, चंदनसिंह रात्रे गुरुजी, जगतराम रत्नाकर अथगंवा सचिव सतनामी समाज , मुरलीधर बारीक ब्लॉक युवा अध्यक्ष pcss त्रिलोचन रात्रे, सुबोधन रात्रे, लीलाधर रात्रे, गोपीश्वर रात्रे, परसुराम रात्रे अन्य समाज से चंद्रशेखर सोना रूढ़ा, चमरा दीप, उत्तम दीप, देवेंद्र मुन्ना एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अलग-अलग महिला संकीर्तन मंडलियों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया।

# छत्तीसगढ़ महिला संकीर्तन महासम्मेलन का राधा माधव आश्रम में किया आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com




संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल के तत्वाधान में श्री श्री राधा माधव आश्रम बरडीह में छत्तीसगढ़ महिला संकीर्तन महासम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महासमुंद जिला अंतर्गत सरायपाली, बसना, सांकरा पिथौरा की महिला संकीर्तन मंडलियों द्वारा बैठकी के माध्यम से अलग-अलग महिला संकीर्तन मंडलियों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक महिला संकीर्तन मंडलियों को अपने कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए 15 से 20 मिनट तक समय निर्धारित किया गया। दूर दराज से आए महिला संकीर्तन मंडलियों के रात्रि विश्राम के लिए श्री श्री राधा माधव आश्रम में समुचित व्यवस्था किया गया था। बरडीह, मोहका, गिधली, बैगनडीह, मुंडपहार, बड़ेपंधी, कसलबा, मनकी, तोषगांव,लमकेनी, भदरपाली, सहित दूर दराज के संकीर्तन प्रेमी उपस्थित रहे। दोनों दिन भंडारा का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ महिला संकीर्तन महासम्मेलन को अयोजित करने एवं कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए संगम सेवा समिति के संस्थापक/संचालक प्रखर अग्रवाल को उपस्थित सभी महिला संकीर्तन मंडलियों ने साधुवाद देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की- जय का एक स्वर में नारा लगाया। बैठकी कार्यक्रम के मध्य में छत्तीसगढ़ महिला संकीर्तन समिति के अध्यक्ष सियाराम गड़तिया के द्वारा उपस्थित संकीर्तन प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल से जब हमारे छत्तीसगढ़ महिला संकीर्तन समिति के पदाधिकारी गणों द्वारा महासम्मेलन के आयोजन में सहयोग के लिए कहा गया तुरंत प्रखर अग्रवाल द्वारा आप लोगों द्वारा सेवा के लिए जो भी आदेश दिया जाएगा मुझे मंजूर है कहा गया। बीच-बीच प्रखर अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम की तैयारी के बारे में जानकारी भी लिया जाता रहा। आने वाले वर्ष में भी छत्तीसगढ़ महीला संकीर्तन महासम्मेलन में प्रखर अग्रवाल द्वारा सहयोग करने की बात कही गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ महिला संकीर्तन समिति के संचालक रविशंकर प्रधान, अध्यक्ष सियाराम गड़तीय , उपाध्यक्ष चंद्रहास प्रधान, संरक्षक राजेंद्र बेहरा, कुमारी कुसुम भोई, तूलिका छत्तर, आरती बेहरा, मीडिया प्रभारी नरेन्द्र प्रधान, गिरधारी गड़तीया, विनय भोई, राधा माधव आश्रम के अध्यक्ष संतोष साहू, सचिव गौतम गड़तिया, मैनेजर चतुर्भुज भोई, पलटन पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह दुश्कल प्रधान, दैतारी भोई, हेमसागर साहू, अशोक गड़तिया, आर्यन प्रधान, कृष्णा सराफ रोहन गडतीया,धर्मेन्द्र भोई सहित ग्रामवासी बरडीह का विषेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संचालन डिग्रीलाल प्रधान (गुरुजी) द्वारा किया गया।

# संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर को जयंति पर किया गया याद

## संविधन के उद्देशिका का किया गया वाचन



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंति पर 14 अप्रैल को उन्हें याद किया गया। कलेक्टर के. एल. चौहान ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन परिसर में स्थित डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर उन्होंने संविधान के उद्देशिका का वाचन किया तथा उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल के दिन भारत के साथ ही विश्व के अनेक देशों में भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन मनाया जाता है और उन्हें आत्मीय श्रद्धा के साथ याद किया जाता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सहित अन्य अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शादी को प्राइवेट ही रखना चाहती हैं तापसी पन्नू



बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू की प्राइवेट वेडिंग सेरेमनी के कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने पहली बार अपनी प्राइवेट वेडिंग पर बात की है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो इसे प्राइवेट और पर्सनल ही रखना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में जब तापसी से पूछा गया कि वो अपनी शादी को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कब करेंगी तो एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं इस बात को लेकर श्योर नहीं हूं कि मैं अपनी पर्सनल लाइफ में लोगों को इन्वॉल्व करना चाहती हूं या नहीं। मैंने जो किया वो मेरा फैसला है, ना कि मेरे पार्टनर का और ना ही उन लोगों का जो इस शादी में शामिल हुए थे। मैं श्योर नहीं हूं कि इसके पब्लिक होने पर मैं कैसा फील करूंगी इसलिए मैंने अब तक इसे अपने तक ही सीमित रखा है।'

### जो करीबी थे उन्हें पता था

हालांकि, तापसी ने यह भी कहा कि उन्होंने जान बूझकर अपनी शादी को सीक्रेट नहीं रखा। एक्ट्रेस बोलीं, 'जो लोग वाकई मेरे करीब हैं वो इस सेलिब्रेशन का हिस्सा थे। उन्हें हमेशा से ही मेरे रिलेशनशिप के बारे में पता था और यह भी पता था कि मैं कब शादी करूंगी।'

### अपनी शादी एंजॉय नहीं कर पाती

तापसी ने आगे कहा, 'मैं बस इसे पब्लिक अफेयर नहीं बनाना चाहती थी क्योंकि तब मुझे इस बात की टेंशन होती कि इसे पब्लिक में किस तरह से लिया जा रहा है। ऐसे में कहीं ना कहीं मैं खुद अपनी शादी खुलकर एंजॉय नहीं कर पाती।'

### फोटोज शेयर करने के लिए मेंटली प्रिपेयर नहीं हूं

वहीं जब पूछा गया कि क्या वो आने वाले समय में इस फंक्शन के फोटोज और वीडियोज शेयर करेंगी तो एक्ट्रेस ने कहा, 'नहीं, मेरा ऐसा कोई प्लान नहीं है। मैं अभी इसके लिए मेंटली प्रिपेयर नहीं हूं। जो लोग मेरी शादी में थे उनके सामने में कम्फर्टेबल थी पर पब्लिकली इन्हें शेयर करने के लिए मैं अभी तैयार नहीं हूं। फ्यूचर में कभी कम्फर्टेबल हुई तो शायद मैं अपनी शादी के फोटो-वीडियो शेयर करूं पर फिलहाल तो नहीं।'



## जूनियर एनटीआर की देवारा से जुड़े करण जौहर

जूनियर एनटीआर स्टारर 'देवारा- पार्ट 1' से अब फिल्ममेकर करण जौहर जुड़ चुके हैं। करण ने अक्टूबर में रिलीज होने जा रही इस फिल्म के नॉर्थ इंडियन थिएट्रिकल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स खरीदे हैं। इस डील में करण का साथ रवीना टंडन के पति अनिल थडानी की कंपनी एए फिल्म्स भी देगी। दोनों ने युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स के साथ मिलकर यह कोलैबोरेशन किया है। इससे पहले करण 'बाहुबली', 'गाजी अटैक', 'बाहुबली 2' और 'रोबोट 2.0' से भी बतौर प्रेजेंटर जुड़ चुके हैं। इस डील की जानकारी देते हुए करण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवारा' का हिस्सा बनकर सम्मानित और बेहद आभारी महसूस कर रहा हूं। हम भारतीय सिनेमा में अगले बड़े सिनेमैटिक एक्सपीरियंस के लिए नॉर्थ स्टेट्स में इस फिल्म से बतौर डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर जुड़े हैं।' इससे पहले यह फिल्म इस साल 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, मेकर्स ने इसे वीएफएक्स वर्क अधूरा रहने के चलते टाल दिया था। अब यह इस साल दशहरा पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। दो पार्ट्स में रिलीज होने वाली इस फिल्म का पहला पार्ट तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगा। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी नजर आएंगी। इसे कोरतल्ला शिवा ने डायरेक्ट किया है। वर्कफ्रंट पर जूनियर एनटीआर जल्द ही मुंबई में अपनी अगली फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे। इसमें वो ऋतिक रोशन से फेस ऑफ करते नजर आएंगे।



## अंकिता ने शादी की वजह से ठुकराई थी भंसाली की रामलीला

कंगना रणौत एक ओर बीजेपी की टिकट पर अपनी राजनीतिक पारी खेलने को तैयार हैं, वहीं दूसरी ओर वे राजनीतिक ड्रामा फिल्म इमरजेंसी भी दर्शकों के सामने लाने वाली हैं। इस फिल्म में कंगना भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस बीच हाल ही में दिए साक्षात्कार में फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने महिलाओं के लिए अपनी बात सामने रखी और साथ ही फिल्म के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। कंगना पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार के साथ सिनेमाई इतिहास बनाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने न केवल अभिनय किया है, बल्कि फिल्म का निर्देशन भी किया है। अभिनेत्री ने इस बारे में बात की कि आखिर इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित यह फिल्म क्यों बनाई। कंगना का कहना है कि साल की सबसे बड़ी राजनीतिक ड्रामा रिलीज में से एक मानी जाने वाली इस फिल्म का उद्देश्य इतिहास पर एक वास्तविक चित्रण प्रदान करना है।

कंगना रनौत ने कहा कि जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मुझे महिलाओं के प्रति बहुत सहानुभूति है। मैं इसका दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई, इसलिए जब यह सामने आएगी तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगी। उन्हें इसे एक मनोरंजन फिल्म के रूप में देखना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं? उन कारणों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में हमारे संविधान में कोई हस्तक्षेप न हो, इसलिए मैंने यह फिल्म बनाई। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## अब अंताक्षरी शो के होस्ट बनेंगे कपिल




साल 2006 में पहली बार टेलीविजन पर पंजाबी रियलिटी शो 'हंसदे हंसादे रवो' में कैमरे के सामने आए कॉमेडियन कपिल शर्मा का नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रहा शो रंग जमाने में नाकाम रहा। नेटफ्लिक्स प्रबंधन अब इस कोशिश में है कि कैसे तरह इस शो के बचे हुए एपिसोड के लिए दर्शकों की रुचि बरकरार रखी जाए। इस बारे में दर्शकों की राय जानने के लिए बाकायदा सर्वे हो रहे हैं। इस बीच पता चला है कि कपिल शर्मा अब फिर से टेलीविजन पर एक शो होस्ट की तरह लौटने के जुगाड़ में हैं। अमेरिकी ओटीटी नेटफ्लिक्स के लिए कपिल शर्मा ने खुद ही अपनी कंपनी के बैनर तले एक साप्ताहिक कॉमेडी शो बनाया है, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो'। इस शो के अब तक दो एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और दोनों ही एपिसोड से उनके प्रशंसक खासे निराश हुए हैं। इस शो को 10 लेखकों की टीम मिलकर लिख रही है लेकिन मामला जम नहीं पा रहा।



## आउटफिट को लेकर फिर ट्रोल हुईं भूमि

भूमि पेडनेकर अपनी निजी जिंदगी को अलावा अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपने आगामी वर्क प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में, भूमि ईद पार्टी की हिस्सा बनी थीं। इस पार्टी में अभिनेत्री ब्लैक और गोल्डन आउटफिट में नजर आईं। अभिनेत्री की तस्वीरें जैसी ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि यह सांस रोककर क्यों खड़ी होती हैं।

## अब सिंगल से मिंगल होने को तैयार हैं कार्तिक



कार्तिक आर्यन अपने चार्म से फीमेल फैंस को दीवाना बनाते आए हैं। अपनी एक्टिंग के साथ ही वो अपने गुड लुक्स से भी लोगों का दिल जीतते रहे हैं। एक्टर का नाम उनकी को-एक्ट्रेसेज के साथ भी कई बार जुड़ चुका है। कभी सारा अली खान तो कभी जाह्नवी कपूर के साथ उनकी डेटिंग रूमर्स सामने आईं, लेकिन अब काफी वक्त से भूल भुलैया 2 एक्टर किसी को डेट नहीं कर रहे हैं, वो लव रिलेशन से पूरी तरह दूर हैं, लेकिन हाल में ही उन्होंने रिलेशनशिप में आने का मन बना लिया है और ऐलान कर दिया है कि वो अब किसी को अपनी लाइफ में स्पेशल जगह देने के लिए पूरी तरह तैयार हो गए हैं और उन्होंने इसके लिए एक बी-टाउन हसीना को बड़ा जिम्मा भी सौंपा है। बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन शो नो फिल्टर नेहा के फिनाले एपिसोड में नजर आए। नो फिल्टर नेहा सीजन 6 के एक मजेदार सेगमेंट में नेहा ने कार्तिक से पूछा कि क्या वह सिंगल हैं और रिलेशनशिप के लिए तैयार हैं, इस पर एक्टर ने कहा, फिलहाल मैं पूरी तरह से सिंगल हूं। काफी समय हो गया है मैं किसी भी तरह के रिश्ते से दूर हूं। मतलब यह थोड़ा सा घिसा-पिटा जवाब है, लेकिन वास्तव में मैं अपनी फिल्म चंदू चैंपियन पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं और उसमें बहुत सारे फोकस की जरूरत है। शो में पहुंचे एक्टर ने कहा, फिल्म इंडस्ट्री में कई सालों की भागदौड़ के बाद अब मुझे प्यार करने के लिए समय मिल गया है। मैंने शो की होस्ट नेहा धूपिया से भी अपने लिए किसी को ढूंढने के लिए कहा है।

### नेहा को दी जिम्मेदारी

कार्तिक ने कहा, जिस तरीके की चीजें इस फिल्म में थी वह मैंने पहले कभी नहीं की थी। मैंने दो साल तक इसकी तैयारी की। समय ही नहीं मिला, मैं हर चीज बहुत नीरस और एक रोबोटिक जीवनशैली में जी रहा था, लेकिन अब मेरे पास प्यार करने के लिए समय है। मेरे लिए कोई ढूंढो, नेहा। इस पर नेहा धूपिया भी एक्टर द्वारा दी गई जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाती नजर आईं।

## सलमान ने अनाउंस की अपनी अगली फिल्म 'सिकंदर'

सलमान खान ने ईद के मौके पर अपनी अगली फिल्म 'सिकंदर' की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगाडोस डायरेक्ट करेंगे, जो इससे पहले 'गजनी' और 'हॉलीडे' जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्टर कर चुके है। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर होगे। ईद के खास मौके पर सलमान ने सोशल मीडिया के जरिए इस फिल्म की अनाउंसमेंट की। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'इस ईद 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' को देखो और अगली ईद 'सिकंदर' से आ कर मिलो.. आप सभी को ईद मुबारक।' बता दें कि मुरुगाडोस और सलमान इससे पहले साथ में फिल्म 'जय हो' पर भी काम कर चुके हैं।



## दोहरी भूमिका में नजर आएंगे थलापति विजय

बॉक्स ऑफिस पर पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो देने वाले अभिनेता थलापति विजय इन दिनों अपनी अगली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। गुरुवार को इस फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के प्रदर्शन तिथि की घोषणा की। विजय की यह फिल्म लंबे समय से सुर्खियों में हैं। गुरुवार को फिल्म के निर्माताओं में से एक, ऐश्वर्या कल्पथी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। इसके साथ उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर भी साझा किया। पोस्टर में थलापति विजय दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' 5 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म बेहद खास होने वाली है। फिल्म के नए पोस्टर में विजय एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में एक विस्फोट होता हुआ भी दिखाई दे रहा है। हाल ही में, थलापति विजय का फिल्म के सेट से एक वीडियो भी वायरल हुआ था.



## हॉरर फिल्म में नजर आएंगे आयुष्मान

डायरेक्टर अनीस बज्मी इन दिनों भूल भुलैया 3 की शूटिंग में बिजी हैं। इसी के साथ खबर यह आ रही हैं कि अनीस बज्मी एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म शुरू करने वाले हैं, जिसका नाम भूतियापा बताया जा रहा है। हालांकि अभी तक इस फिल्म की ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। फिलहाल अनीस बज्मी का इस समय पूरा ध्यान भूल भुलैया 3 पर है, जिसमें कार्तिक आर्यन के अलावा विद्या बालन और तृप्ति डिमरी भी अहम किरदारों में दिखेंगी। इस फिल्म की शूटिंग के बाद अनीस बज्मी नो एंट्री 2 की तैयारी में जुट जाएंगे, जिसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि नो एंट्री 2 के बाद अनीस बज्मी फिल्म भूतियापा पर काम शुरू करेंगे। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान आयुष्मान खुराना से अनीस बज्मी के साथ काम करने को लेकर सवाल किया गया तो आयुष्मान खुराना ने कहा - मैं अब इसे कैसे बताऊं। कुछ होगा तो जरूर बताऊंगा। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो पिछले दिनों अनीस बज्मी ने आयुष्मान खुराना ने फिल्म भूतियापा को लेकर बात की। आयुष्मान खुराना के वर्क फ्रंट की बात करें तो सौरव गांगुली की बायोपिक के अलावा जेपी दत्ता की फिल्म बॉर्डर 2 में काम करने की चर्चा है। फिलहाल आयुष्मान खुराना का फोकस अपने म्यूजिक करियर पर है। उन्होंने वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है। उनका गाना अंख दा तारा हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।



# बगैर मंजूरी कृषि भूमि पर काट रहे प्लाट, बसाई जा रही अवैध कालोनियां

## बालोद जिले में किसी भी कालोनाइजरों ने नही कराया रेरा से पंजीयन, ऐसे में नियमों को ताक में रखकर कालोनाइजर कर रहे मनमानी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com


रायपुर, शनिवार 13 अप्रैल 2024
पायनियर
महादेव भवन के पीछे धड़ल्ले से की गई अवैध प्लाटिंग, स्थानीय प्रशासन खामोश


रायपुर, रविवार 14 अप्रैल 2024
www.dailypioneer.com
आचार सहिंता की आड़ में बड़ा खेल, निकाय औ...
ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग व कब्जे बढ़ने ल...



जिला मुख्यालय बालोद सहित आसपास के क्षेत्र में बगैर मंजूरी कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। प्लाटिंग कर अवैध रूप से कॉलोनियां भी बसाई जा रही हैं। कालोनाईजर नियमो को ताक पर रख बिना मंजूरी व पंजीयन के भूमाफिया प्लाटिंग कर कॉलोनी काट रहे हैं और सुविधाएं भी नहीं दे रहे। इससे जब लोग मकान बना लेते हैं तो उन्हें नाली, सड़क, सीवेज, बिजली और पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। ऐसी कॉलोनी शहर के अंदर और सीमा क्षेत्र में काटी जा रही हैं। लेकिन जिम्मेदार निकाय व राजस्व के अधिकारी कोई कार्यवाह नहीं कर रहे हैं। बालोद नगरपालिका और आसपास कुछ लोग खेती की जमीन पर प्लॉट काटकर बेच रहे हैं। इन दिनों यह कारोबार काफी बढ़ गया है। यह सभी कॉलोनी अवैध रूप से बिना मंजूरी लिए काटी जा रही हैं। बाद में जब लोग मकान बनाते हैं तो उन्हें सड़क, बिजली, पानी और नाली जैसी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ता है। लंबे समय से यह कारोबार स्थानीय प्रशासन के न्याक के नीचे धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन कॉलोनी काटने वाले भूमाफ़िआओ के खिलाफ कभी कोई सख्ती से कार्यवाही नहीं की गई। की गई तो बस नोटिस थमा सिर्फ नाममात्र की कार्यवाही। यूं तो शहर में कई कॉलोनी अवैध हैं, उन्हें भूमाफ़ियाओ ने नाम भी दे दिया है। लेकिन कई क्षेत्र पुरानी बसाहट वाले हैं। शहर में नई बसाहट व नई कॉलोनियों को भी नियमानुसार नहीं बसाया जा रहा।

**नियमों के उल्लंघन पर सजा का हैं प्रावधान**

लेकिन बालोद जिला मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में रेरा के अधिनियम का रत्तीभर भी पालन नहीं हो रहा है। यहां कृषि योग्य भूमि पर प्लाटिंग कर जमीन की खरीद-बिक्री करने वाले अवैध तरीके से कॉलोनियां बसा रहे हैं। न नक्शा पास करा रहे हैं और न ही रजिस्ट्री के समय इसकी जानकारी दे रहे हैं। इससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। यही नहीं, रेरा में बिना रजिस्ट्रेशन भूमि के प्लाटिंग का कारोबार जिले में धड़ल्ले से चल रहा है। सब कुछ जानने के बाद भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला मुख्यालय बालोद सहित गुरुर, गुंडरदेही मुख्यालय में भी रेरा अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। भूमाफ़िआओं द्वारा कृषि योग्य भूमि, सीलिंग, बंजर तथा नदी-नालों तक की जमीनों पर अवैध रूप से अपने-अपने रकबो में मिलाकर खरीद फरोख्त कर रहे हैं। खरीदारों को इसकी कोई जानकारी नहीं हैं, लेकिन इसके नियमों के उल्लंघन पर सजा का प्रावधान है।

**स्थानीय निकाय और प्रशासन को करनी चाहिए कार्रवाई**

नगर पालिका बालोद में भूमाफियाओं द्वारा जगह-जगह कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लाट काटे गए हैं। अवैध कालोनियां बसाई जा रही हैं। पालिका क्षेत्र अंतर्गत पाररास से बघमरा बायपास रोड में कृषि योग्य भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की गई है। कई जगहों पर तो घर भी बन गए हैं। जहां खरीददारों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। और जहां पर कृषि भूमि पर प्लाट काटे गए हैं वहां भी अवैध रूप से नियमों को ताक पर रखकर कालोनियां बसाने की तैयारी की जा रही है। सहायक मंडल विद्युत अभियंता कार्यालय के सामने कृषि भूमि पर मुरुम बिछाकर रास्ता बनाया गया है। यह जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और संबंधित निकाय की होती है कि उसके क्षेत्र में अवैध कॉलोनी नहीं काटी जाए। यदि कोई ऐसा कर रहा हो तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। लेकिन शहर में न तो नगर पालिका के अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं न ही प्रशासनिक अधिकारी। यही कारण है कि भू-माफिया लगातार अवैध रूप से कॉलोनी काटते जा रहे हैं।

### शासन को हो रही राजस्व की हानि, प्लाट खरीदने वाले आम लोग भी हो रहे मूलभूत सेवाओं से वंचित

भारतीय संसद द्वारा लाया गया रेरा अधिनियम बालोद जिले में प्रभावी है। इस अधिनियम के मुताबिक आवासीय कॉलोनी निर्माण अथवा भूखण्ड विक्रय करने वाले लोगों को जमीन के 62 फीसदी हिस्से को ही बेचने की अनुमति होती है जबकि 38 फीसदी हिस्से को खुला छोड़ना होता है। इसके अलावा कॉलोनी निर्माता को स्थानीय निवासियों के लिए सड़क, बिजली, पानी, पार्क आदि मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी होती है। इस कानून के प्रभावी होने के बाद भी जिले में बड़े पैमाने पर अवैध कॉलोनाइजर कृषि भूमियों को भूखण्डों में तब्दील कर विक्रय करने में जुटे हुए हैं। इससे न सिर्फ शासन को राजस्व की हानि होती है बल्कि प्लाट खरीदने वाले आम लोग भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहते हैं। नियमानुसार कालोनाइजरों को कालोनियों का निर्माण समेत प्लाटिंग करने के पूर्व रेरा में पंजीयन कराना अनिवार्य होता है। विभिन्न बिंदुओं पर जांच-पड़ताल करने के बाद भी कालोनोइजरों को पंजीकृत किया जाता है। जबकि बालोद जिले में किसी भी कालोनाइजरों ने रेरा से पंजीयन ही नहीं कराया है। ऐसे में नियमों को ताक में रखकर कालोनाइजर मनमानी कर रहे है। बालोद जिले में बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति एवं अनुमति के जमीन को भूखंडों में विभाजित किया जा रहा है। कालोनी निर्माण के लिए धड़ल्ले से जमीन की अवैध खरीदी बिक्री हो रही है। कालोनी विकास के लिए स्थानीय निकाय की अनुमति का नहीं होना नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग 3 के अधीन अवैधानिक एवं दंडनीय अपराध है। बावजूद इसके कार्रवाही के लिए जिले का प्रशासनिक अमला साहस नही जुटा पा रहा।

# 48 वाहनों से 16,100 रूपये का लिया गया समन शुल्क



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 12.04.2024 को यातायात बेमेतरा 18 चालान में 18 व्यक्ति, थाना नांदघाट 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 चालान में 01 व्यक्ति, चौकी देवकर 11 चालान में 11 व्यक्ति, चौकी कंडरका 02 चालान में 02 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 08 चालान में 08 व्यक्ति, कुल 48 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 48 प्रकरण में कुल 16,100/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 12.04.2024 को जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नवागढ 04 प्रकरण में 04 व्यक्ति, थाना परपोडी 03 प्रकरण में 05 व्यक्ति, थाना साजा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी कंडरका 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति के खिलाफधारा 110,107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत 14 प्रकरण में 17 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इसी क्रम में दिनांक 12.04.2024 को थाना दाढी एवं पुलिस चौकी मारो में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 02 प्रकरण में 02 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक 15 अप्रेल से गुरूद्वारा के नये भवन में होगा संचालित

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्रबंधक पास्कल टोप्पो ने जानकारी देते हुए बताया की नगर में स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैक नगर में स्थित शाखा का नया ब्रांच गुरूद्वारा साहिब की मुख्य द्वार के बाजू के नये भवन में स्थांतरित हो रहा है। बैंक प्रबंधक ने बताया 15 अप्रेल को बैंक अपने नये भवन में संचालित होना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया की पूरी सावधानी के साथ बैंक की सबसे महत्वपूर्ण अमानती लॉकर को बैंक के नये भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है व साथ ही विज्ञापन के माध्यम से व फोन के माध्यम से खाता धारकों को सूचना भी दे दी गई थी की इच्छुक ग्राहक जिनका लॉकर बैंक में है वे अपना सामान 12 अप्रेल तक वापस ले सकते है। बैंक प्रबंधक श्री टोप्पो ने यह भी कहा की पंजाब एण्ड सिंध बैंक की स्थापना आज से 117 साल पहले 1908 में हुई थी तब से पंजाब एण्ड सिंध बैंक भारत की जनता को अपनी सेवा दे रही है,जो आज तक निरंतर जारी है। उन्होने आगे कहा की बैंक में आने वाले खाताधारकों को अच्छी सुविधा मिले यही हमारी कोशिश रहती है साथ ही यह भी कहा की पंजाब एण्ड सिंध बैंक से जुड़े खातेदार को लेनदेन के साथ अन्य कार्यो में कभी भी किसी कर्मचारी से दिक्कतें होती है तो सीधा मेरे पास आएं, हम सभी बैंक मैनेजर, कर्मचारी तो आज है कल दूसरे शहर के बैंक शाखा में चले जाएंगे परन्तु बैंक के असली धरोहर तो बैंक का खाताधारक होता है। हमारी पूरी कोशिश होती है की हम सभी अधिकारी कर्मचारी आपके साथ बैंक की प्रक्रिया में सार्थक भूमिका के साथ सेवा दे यही हमारी पंजाब एण्ड सिंध बैंक की नीति है। बैंक प्रबंधक टोप्पो ने बैंक के सभी खाताधारकों को 15 अप्रेल को बैंक के नये भवन में अपनी उपस्थिति देने का आग्रह किया है। यह भी बताया गया कि वर्तमान में इस बैंक में एटीएम की सुविधा कतिपय कारणों से नहीं है। एटीएम के सुविधा शीघ्र ही ग्राहकों को मिलने लग जाएगी।

# चैत्र नवरात्रि में मां महामाया मंदिर कुम्हारी में 2051 अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्रि में स्वयं प्रकटा मां महामाया मंदिर में 2051 तेल ज्योति कलश स्थापना कर प्रज्वलित की गई । माता के अनन्य श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा विदेशों से भी मनोकामना, अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित करवाया गया है, जिसमे अमेरिका, कनाडा एवं अन्य देश सम्मिलित हैं, साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों से भी भक्तगणों ने दीप प्रज्वलित करवाए हैं । सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं, पुरूष, बच्चे श्रद्धा तथा भक्ति भाव से परिपूर्ण पैदल यात्रा कर माता के अद्वितीय दर्शन करने आते हैं । यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी दुर्गा प्रसाद देवांगन ने बताया कि पंचमी तिथि को माताजी का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना सम्पन्न कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है । इसी प्रकार नगर के बड़ा तालाब स्थित शीतला माता मन्दिर एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों परसदा के दक्षायणी रोहिणी माता मंदिर में 51, रामपुर चौरहा 36, कुगदा ग्राम में भी भक्तजनों ने श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश स्थापित करवाया है तथा प्रतिदिन बड़ी संख्या में माता दर्शन और पूजन हेतु आ रहे हैं । आसपास के ग्राम, नगर के श्रद्धालुओं की अपार भीड़ महामाया मंदिर में माता रानी के दर्शन करने तथा पूजा हेतु लगी रहती है, जो स्वयं अनुशासित ढंग से तथा भक्तों के सहयोग से सम्पन्न होती है ।

# समाधान महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन




पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई सामूहिक तत्वाधान में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कराया गया। इस प्लेसमेंट कैंप में सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड रायपुर (छ.ग.), हयाती बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड बेमेतरा तथा एसबीआई लाइफ़ इंश्योरेंस, कवर्धा ने अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों में भर्ती के लिये आवेदन आमत्रित किये । इस कैंप में विभिन्न पदों जैसे ह्यूमन रिसोर्स, एकाउंटेंट्स, परचेस मेनेजर, केमिस्ट, लैब टेक्नीशियन, फिटर, वेंडर, हेल्पर, ट्रेनी, फील्ड वर्क शामिल थे। सर्वप्रथम अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से करवाया गया। तत्पश्चात एच आर और टीम ने भर्ती के लिए निःशुल्क आवेदन फार्म भरवाए । सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए क्रमशः बुलाया गया। साक्षात्कार के लिए अलग-अलग कक्ष की व्यवस्था की गई थी। इस प्लेसमेंट कैंप में 50 से अधिक युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया गया। इन सभी अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के दौरान उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर किया गया । महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री अविनाश तिवारी एवं डॉ. अवधेश पटेल ने चयनित युवाओं को शुभकामना संदेश दिए एवं शेष अभ्यर्थियों को आगे और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में इस प्रकार के प्लेसमेंट कैंप आयोजित कराये जाने का आश्वासन दिया । इस कार्यक्रम में समन्वयक के रूप में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत रहें। इस कैंप में सहयोग के रूप में महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी राजेश गजपाल, आईटीआई के अधीक्षक सुबीर टंडन तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रूपेंद्र डहरिया, लक्ष्मीनारायण साहू, अंशु दत्ता, राजेंद्र वर्मा, शुभम गजभिये, राजेश यादव, तुकाराम जोशी, आकाश हिरवानी एवं संतराम साहू रहे ।

# लोकसभा चुनाव 2024 : बीरेश ठाकुर विरूद्ध भोजराज नाग में कड़ी टक्कर

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठाकुर न केवल आदिवासी समाज में बल्कि सभी समाज में सर्वाधिक लोकप्रिय प्रत्याशी है। उत्तर बस्तर कांकेर लोकसभा क्षेत्र में गोड़ एवं हलबा जाति के आदिवासियों की संख्या अधिक है जिसका भरपूर लाभ कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठाकुर को ही मिलने वाला है। प्रदेश को पहली बार आदिवासी मुख्यमंत्री मिला है जो कंवर जाति के है जिसकी संख्या नहीं के बराबर है। वैसे ही कंवर आदिवासी सरगुजा कोरबा क्षेत्र में अधिकाधिक है इसलिए इस अंचल में खासा प्रभाव पड़ने की संभावना कम ही है। राजनीति में अच्छी पकड़ के कारण बीरेश ठाकुर इस अंचल में लोकप्रिय राजनेता के रूप में जाने जाते है। उनके परिवार का हर उच्च पदों में कार्यरत है इनकी सोच विकास का रहा है। ठाकुर का कहना है कि वे सांसद बनते है तो सबसे पहला काम अंचल में रेललाइन बिछाने, श्रृंगी ऋषि के क्षेत्र सिहावा में विकास कार्य एवं पर्यटन केन्द्र विकसित करने कांकेर को सीधे केशकाल से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करेंगे। उन्होंने अपने चुनाव क्षेत्र को कांग्रेस के पक्ष में लाने हेतु कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट एवं कन्हैया कुमार की जंगी आमसभा आयोजित किए जाने की संभावना व्यक्त की हैं। कांकेर। लोकसभा चुनाव में उत्तर बस्तर कांकेर लोकसभा क्षेत्र को फतह करने का लक्ष्य लेकर कांग्रेस और भाजपा अलग अलग चुनावी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है। कांग्रेस के सामने पिछले चुनाव की हार को लेकर जीत में बदलने की है वही भाजपा के सामने सीट को बचाए रखने का है। भाजपा के सांसद मोहन मंडावी ने मात्र 6 हजार से कुछ अधिक मत लेकर जीत दर्ज की थी वही कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार कांग्रेस ने बीरेश ठाकुर पर पुनः विश्वास करते हुए लोकसभा की टिकट प्रदान की है वही भाजपा ने अंतागढ़ के पूर्व विधायक एवं आदिवासी बैगा भोजराज नाग को टिकट देकर लोकसभा चुनाव को रोचक बना दिया है।

**काफी लोकप्रिय है भोजराज नाग, मिलेगा लाभ**

भारतीय जनता पार्टी के उत्तर बस्तर कांकेर प्रत्याशी राजनैतिक हलके में कम एवं बैगा के रूप में काफी लोकप्रिय है जबकि वे पूर्व में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र में नाग आदिवासियों की संख्या हलबा गोड़ी आदिवासियों के अनुपात में संख्या बहुत ही कम है। लोकप्रियता के हिसाब से इस अंचल में सुमित्रा मारकोले के बाद मन्नू कुमेटी आदिवासी समुदाय में अधिक लोकप्रिय रहे है लेकिन आरएसएस की नजर में भोजराज नाग को इन दोनो से बेहतर आंका गया दूसरे पीछे आदिवासी समाज का बैगा होना एवं नीबू काटकर इलाज करना तथा इसाई धर्मान्तरण का खुलकर विरोध करना प्रमुख रहा है। इनके लिए ऋणात्मक सोच का कारण अंतागढ़ का विधायक रहते हुए किसी तरह का विकास कार्य नही कराना एवं वर्ष 2010 का नरसो बाई प्रकरण है जो एक बार फिर सुलग चुका है। दूसरी ओर घनात्मक पाइंट भोजराज के पक्ष में सांसद मोहन मंडावी के सहयोग के अतिरिक्त मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री (आमाबल क्षेत्र) का चुनाव प्रचार में सक्रिय भागीदारी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का खुलकर समर्थन प्रमुख है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल की व्यवस्था

**दल्लीराजहरा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए सभी प्लेटफॉर्मों पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । रायपुर रेल मंडल पर रेल प्रशासन के द्वारा यात्रियों के लिए निःशुल्क सादा एवं ठंडा पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है यात्री इस सुविधा का लाभ रायपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित वाटर बूथ और वाटर कूलर में लगे नलों से पेयजल प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं । रायपुर रेल मंडल के रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 01 पर निःशुल्क आर ओ वॉटर बूथ भी लगाया गया है। रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों के प्लेटफार्म पर यात्रियों की पेयजल व्यवस्था के लिए 283 वाटर बूथ पर लगभग 953 नल एवं ठंडे पानी के लिए 104 वाटर कूलरों पर लगभग 307 नल पेयजल की व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

# भीषण सड़क हादसा में दो सगे भाई समेत तीन युवक की मौत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में एक भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन युवक की मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके घटनास्थल पर पहुंची और वहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया यह घटना जिला मुख्यालय से करीब छै किलोमीटर दूर पर हुई और तीनों मृतक युवक बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी के निवासी है। इस के संबंध में जानकारी के अनुसार ग्राम अर्जुनी से ग्राम संडी बारात गए थे और वापसी के दौरान बाईपास रोड चोरभट्टी मोड के समीप अज्ञात वाहन ने ठोकर मार कर मौके से फरार हो गया बताया जा रहा है कि ग्राम अर्जुनी मे मृतक के दोस्त का विवाह हो रहा था जिसका बरात ग्राम संडी गए थे खाना खाने के बाद तीनों अपने गांव अर्जुनी वापसी के दौरान एक बाईक में सवार थे रात्रि तकरीबन 10 बजे रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम चोरभट्टी के मुड़ के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । इनमे दो मृतक सगे भाई है कोमल साहू 26 साल और दूसरा मुकेश साहू उम्र 24 साल पिता भरत साहू दोनों सगे भाई है। और तीसरा युवक रवि यादव उम्र 26 साल पिता नारोत्तम यादव ये दोस्त है। बेमेतरा जिला अस्पताल में तीनों का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। वही मामले की जांच में बेमेतरा कोतवाली पुलिस जुटी गई है इस संबंध में बेमेतरा सिटी पुलिस कोतवाली के टीवी चंद्र देव वर्मा ने बताया कि कि घटना रात को हुई थी, जहां पर पुलिस पहुंच कर शव को रात को ही जिला अस्पताल में भेजवाया दिया गया था।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में आज दिनांक 13/04/2024 को पूर्व माध्यमिक शाला के 6वी,7वी,व 8वी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे कक्षा आठवीं से जानवी साहू प्रथम,एकता खंडे द्वितीय,कक्षा सातवीं से करीना वर्मा प्रथम,सीमा श्रीवास द्वितीय,कक्षा छठवीं से विधि पांडे प्रथम,याचना वर्मा द्वितीय स्थान पर उत्तीर्ण हुए।जिसमें संस्था के प्रधानपाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हे रिजल्ट प्रदान किया ।इस उपलक्ष्य में संकुल समन्वयक चेतन कुमार देवांगन,अलका वासनिक रेणुका अग्रवाल लक्ष्मी पाण्डेय देवकी साहू, रोहणी साहू,सुनीता बंजारे, विद्या श्रीवास्तव ,प्रेमलता मिश्रा लक्ष्मी साहू व संतोष यादव उपस्थित रहे ।

### अवैध मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 300 ग्राम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** अवैध रूप से गांजा रखे एक किलो तीन सौ ग्राम के साथ पुलिस ने दो आरोपी को हिरासत में लिया इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 11.04.2024 को थाना खम्हरिया स्टाफको जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि दो व्यक्ति साजा से खम्हरिया की ओर एक काले रंग के मोटर सायकल बिना नंबर प्लेट में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बि ी हेतु खम्हरिया की ओर आ रहा है कि सूचना पर थाना खम्हरिया स्टाफव गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 01 किलो 300 ग्राम कीमती करीबन 13,000/- रूपये, एक मोटर सायकल कीमती 15,000/- रूपये, कुल जुमला 28,000/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# दाढ़ी एवं चंदनू थाना क्षेत्र के कोटवारों को लोकसभा चुनाव के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में 13.04.2024 को थाना दाढी प्रभारी उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी एवं थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक यशवंत जंघेल व थाना स्टाफके द्वारा अपने ङ्क अपने थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवारो का बैठक लेकर आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण व आवश्यक जानकारी एवं चुनाव के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करने तथा आर्दश आचार सहिंता के नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# अनुनय कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को वोट करने की अपील





पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकालकर नागरिकों को अपना वोट अवश्य करने हेतु अनुरोध किया गया इस रैली में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के नारे तथा स्लोगन को दिखाते हुए आम जनता को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट अवश्य देने हेतु अनुरोध किया गया,इसके साथ ही विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. इस आयोजन में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूकता लाने का था. विद्यालय में नागरिकों को अपने मत के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस आयोजन में निबंध लेखन में प्रथम प्रियांशी सिदार तथा रश्मि यादव द्वितीय अनन्या साहू निकिता पटेल तथा तृतीय दीपू चंद्र तथा अभय कशेर रंगोली में प्रथम डिंपल केसर तथा विनु द्वितीय बबीता एवं सरिता तृतीय भीमेश्वरी तथा रश्मि रहे। जबकि मतदान के प्रति जागरूकता दिखाने हेतु चित्रकला का आयोजन भी हुआ जिसमें सुधा चंद्रा घनिष्ठ जायसवाल प्रेरणा जायसवाल प्रेरणा साय उन्नति कंवर युक्ति बरेट दीपिका देवांगन भूमिका साहू पूर्व पटेल चाहत पटेल सोमेश राठौर ने उत्कृष्ट चित्र बनाकर मतदान के फायदे को दर्शाया, संस्था प्रमुख योगेश साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा शपथ ली गई तथा अपनेपरिचितों को मतदान अवश्य करने हेतु प्रेरित भी किया जाएगा, कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता देवांगन प्रमिला साहू लक्ष्मी यादव सुमन देवांगन रानी वर्मा किरण श्रीवास मंजू साहू बिंदा देवांगन सीमा राठौर सहित समस्त स्टाफका योगदान रहा, विद्यालय के डायरेक्टर योगेश साहू ने कहा है कि मतदान जागरूकता को लेकर विद्यालय परिवार निरंतर सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएगा तथा समय-समय पर हमारे विद्यार्थी इस दिशा में काम करेंगे।

# 30 बसों की हुई फिटनेस जांच

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरबा जिला आरटीओ और पुलिस ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न चौक-चौराहे पर बसों की जांच की। इस दौरान 30 बसों की फिटनेस जांची गई। इसमें सभी बसों के फिटनेस परमिट और दस्तावेज खंगाले गए। जांच में कई बस ड्राइवर पूरे दस्तावेज नहीं दिखा सके, जिसके बाद प्रति बस 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। बसों से कुल 15 हजार जुर्माना वसूल किया गया है। 3 बसों को जब्त भी किया गया है। इनमें से 2 बसों को दीपका क्षेत्र में और एक बस को आरटीओ परिसर में खड़ा किया गया है। इसके अलावा शहर के नगर निगम बालको और दर्री मुख्य मार्ग के अलावा अन्य जगहों पर निजी कंपनी में चलने वाली बसों की जांच की गई। वहां मेडिकल किट, फायर किट के अलावा इमरजेंसी गेट है या नहीं, इसकी जांच की गई। आरटीओ की टीम ने बस ड्राइवरों को गाड़ी की फिटनेस के बारे में भी जानकारी दी। कोरबा डीटीओ विवेक सिन्हा ने कहा कि ये जांच अभियान आगे भी जारी रहेगी। अगर दस्तावेजी या फिटनेस में कमी पाई जाती है, तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा है कि सभी वाहन मालिकों को गाड़ी के दस्तावेज हर हाल में अपडेट रखने होंगे।

## मनवानी ट्रेडर्स के मनीष मनवानी से जीआरपीएफ पुलिस ने 4 लाख नकद किए जब्त

**कोरबा।** मनवानी ट्रेडर्स के मनीष मनवानी को जीआरपीएफपुलिस ने 4 लाख नकद रकम के साथ पकड़ा है। जब्त रकम की जांच के कार्यपालक मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। बाइक, कार और बसों में कैश ट्रैफिकिंग पकड़ाने के बाद अब कारोबारी और हवाला की नगदी ट्रेनों के जरिए लाई ले जाई जा रही है। हसदेव एक्सप्रेस में कोरबा से आए एक यात्री से ऐसे ही बिना कागजात के चार लाख रूपए जब्त किए गए। आरपीएफपोस्ट रायपुर के अधिकारी एवं स्टाफ18250 कोरबा रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में जांच के दौरान कोच संख्या डी-05 से एक व्यक्ति को रायपुर स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 में उतरने के बाद रोका गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मनीष मनवानी पिता ठाकुरदास मनवानी उम्र 39 वर्ष निवासी मिशन रोड पटेल पारा कोतवाली कोरबा बताया। उसके पास रख बैग के बारे में पूछने पर बैग में कैश 400000 होना बताया। लेकिन कैश के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका। उसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाकर उडन दस्ता विधानसभा रायपुर उत्तर क्षेत्र के उडनदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी को जप्ती के लिए सौंपा गया।

# महिला जागृति शाखा का सेवा कार्य, चंद्रपुर पदयात्रा के पैदल पद यात्रियों को बांटे फल एवं किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर की मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा ने 13 अप्रैल को शहर की चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा नवरात्रि पर्व पर मां अष्टभुजी देवी अड़भार हेतु निकाली गई पैदल पदयात्रा के दौरान यात्रा में शामिल समस्त देवी भक्तों, श्रद्धालुओं को जहां फल एवं केले वितरित किए गए तो वहीं इस दौरान चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के भी पदाधिकारी-सदस्यों का सम्मान किया गया, इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष उषा अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष रीना गेवाडीन ने बताया की शक्ति शहर के लिए यह गौरव का विषय है कि साल में दो बार नवरात्रि के पावन पर्व पर चंद्रपुर एवं अड़भार की पैदल पदयात्रा इस समिति द्वारा निकाली जा रही है, तथा यह दोनों यात्राएं पूरे प्रदेश में धार्मिक क्षेत्र में अपने आप में एक मिशाल है, तथा इस यात्रा के पैदल पद यात्रियों का सम्मान करते हुए एवं उनकी सेवा करते हुए हमारी शाखा सुखद अनुभूति महसूस कर रही है, एवं हम सभी देवी माता से प्रार्थना करते हैं कि उनकी यात्रा सफल, सुखद एवं मंगलमय हो, इस दौरान महिला जागृति शाखा के सदस्यों में भी काफी उत्साह देखा गया एवं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाखा की अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल, सचिव मीनल अंकित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गुड्डी अग्रवाल, मीना अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रीना नरेश गेवाडीन, कविता अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, सारिका अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य शामिल थे।

# ट्रेलर ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक सहित दो बच्चो की हुई मृत्यु

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

## बालको नगर में चक्काजाम



कोरबा जिले के बालको क्षेत्र में दुर्घटना अनवरत जारी हैं। अभी कुछ दिन पहले रूमगरा मार्ग में पालिटेक्निक कालेज के पास ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम भी किया। इसके बावजूद शनिवार की शाम चार बजे पुनः एक ट्रेलर ने आटो को टक्कर मार दी। परसाभाठा नवधा पंडाल के पास से आ रही ट्रेलर ने एक आटो को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में आटो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों को चोंट लगी। घायल लोग एक ही परिवार के सदस्य घटना के बाद उपस्थित लोगों की भीड़ लग गई और उन्होंने आनन-फानन में आटो के सवारियों के बाहर निकाला व उपचार के लिए अस्पताल भेजा। उपचार दौरन ऑटो चालक मनोज लहरे सहित दो बच्चो का निधन हो गया बताया जा रहा है लेकिन इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी। जिसके कारण गुस्साए लोगों ने आज प्लांट के सामने घेराव किया है शहर में ऑटो बंद हैं। घटना की सूचना मिलते ही बालको पुलिस भी स्थल पर पहुंच गई। इस घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में पुनः रोष व्याप्त हो गया। उनका कहना है कि ट्रेलरों को रफ्तार में अंकुश नहीं लग पा रहा है।

चालक तेज गति से ही वाहन चला रहे हैं, इससे दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं आता है तो आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जाएगा।

# निदेशक तकनीकी फ्रैकलिन जयकुमार पहुंचे कुसमुंडा खदान

## खनन गतिविधियों का लिया जायज़ा



पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में 13 अप्रैल को निदेशक तकनीकी (यो/परि) फ्रैकलिन जयकुमार कुसमुंडा खदान पहुंचे एवं व्यू पॉइंट से खनन गतिविधियों का जायज़ा लिया। खदान में उतरकर वे डिपार्टमेंट फेस आरवीआर एवं नीलकंठ पैच तक गए एवं खनन की समीक्षा की। इसके साथ ही कोर टीम के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने उत्पादन-उत्पादकता, क्रशिंग एवं आरवीआर की प्रगति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह एवं मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी के साथ रहे।

# अरुणा दिनेश अग्रवाल ने निशुल्क बाटे 500 जुट के बैग एवं महिलाओं को दिलाई मतदान की शपथ



पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार की आजीवन सदस्या,कर्मठ समाज सेविका अरुणा दिनेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर शहर में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के दिशा- निर्देशन में शनिचरी बाजार की महिलाओं को जहां पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी ओर से 500 की संख्या में जुट के बैग निशुल्क वितरित किए तो वहीं 500 महिलाओं को जुट के बैग बाटते हुए उन्हें मतदान जागरूकता की भी शपथ दिलाई इस दौरान काफी संख्या में अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही तथा अरुणा दिनेश अग्रवाल ने कहा है कि उनका यह मतदान जागरूकता का कार्यक्रम निरंतर पूरे प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जारी रहेगा तथा वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नो पॉलिथीन के संदेश को मजबूत बनाते हुए लोगों को जुट के बैग भी वितरित करती रहेंगी, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने भी अरुणा दिनेश अग्रवाल की इस पहल पर उन्हें संस्था की ओर से

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाकर दी गई कई महत्वपूर्ण जानकारियां



- उद्योगों के कर्मचारियों को भी आग से बचाव के बताए जाएंगे उपाए, हर दिन होंगे अलग अलग कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नगर सेना रायगढ़ में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है। जिस अवसर पर रविवार को जिला अग्निशमन अधिकारी की उपस्थिति में नगर सेना के सैनिक एवं अग्निशमन कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर सन् 1944 में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धाजंलि दी गई। इसके बाद अग्निसुरक्षा के बचाव के संबंध में सभी सैनिकों को जिसमें महिला सैनिको की भी उपस्थित थी उन्हें घरेलू एलपीजी गैस में आग लगने उनसे उसे कैसे बुझाया जाए इस संबंध में विस्तार से बताया गया।

जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर यह अभियान 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रतिदिन अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि के पाम्पलेट एवं बैनर पोस्टर वितरित कर चलाया जाएगा। साथ ही विभिन्न कोई न कोई गतिविधियां की जाएगी। नगर के आस पास स्थित फैक्ट्रियों में वहां के कर्मचारियों को अग्नि के बचाव के संबंध में बताया जाएगा। इस दौरान बी कुजूर जिला अग्निशमन अधिकारी, अनिल वैद्य अग्निशमन अधिकारी, प्रमोद जोगी, विपिन खिलाको, सुमित केशरवानी सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# चंद्रपुर में चैत्र नवरात्र के पंचमी दिवस 13 अप्रैल कों सम्पन्न हुआ दुकालू यादव का कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



चंद्रपुर के सबसे बड़े मंदिर न्यास - श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं श्री चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में पहले दिन माँ चन्द्रहासिनी के धाम चंद्रपुर में छत्तीसगढ़ी गायक दुकालू यादव के गीतों में झूम उठा नगर और चैत्र नवरात्रि के पंचमी कों जसगीत के धूनों पर शेरावाली के भक्त स्कूल मैदान में जयकारा लगाकर थिरकते रहे। श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं श्री चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा स्कूल मैदान में शनिवार की रात जसगीत सम्राट दुकालू यादव का जगराता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें शहर सहित आसपास के गांवों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी मंदिर दर्शन के बाद सम्मिलित हुए उनके साथ विष्णु तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष नरेश गेवाडिन सक्ति, रश्मि गवेल, अशोक तोता आदि सम्मिलित हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव भी जसगीत का आनंद लेते रहे, झूपत झूपत आबे दाई.., तोला ओ, तोला गाड़ा गाड़ा जोहार भोले बाबा, चला चंद्रपुर जाबो के गीतों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंदिर न्यास के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का यह पहला कार्यक्रम हिट रहा, कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं विशिष्ट अतिथि विधायक रामकुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बेला में अतिथियों संग समिति के प्रबंधक गोविन्द अग्रवाल ने जगत जननी मां चंद्रहासिनी के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर नमन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने लोगों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि मंदिर न्यास ने नगर में इस तरह के भव्य आयोजन आयोजित कराया है। कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

## इंश्योरेंस का पैसा जमा ना कर कई कस्टमर्स से की थी धोखाधड़ी

# 6 साल से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा लंबित अपराधों के फरार आरोपियों की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के दिये दिशा निर्देशों पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा धोखाधड़ी फरार के आरोपी पवन कुमार महानंद पिता सुरेन्द्र राम उम्र 48 वर्ष सा. गीतांजली सिटी फेस-2 गली नं. 04 शिव मंदिर के सामने बिलासपुर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर (छ.ग.) को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी करीब 06 साल से गिरफ्तारी से बचने लुक-छिप रहा था।

घरघोड़ा पुलिस लगातार आरोपी के सकुनत बिलासपुर में दबिश देकर उसके परिवारजन और रिस्तेदारों से पूछताछ कर संपर्क रखे हुये थी साथ ही थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा आरोपी के सकुनत आसपास सूचना देने मुखबीर तैनात कर रखा गया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अग्रिम जमानत के लिए घरघोड़ा आया हुआ है, सूचना पर तत्काल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ में उसने कस्टमर्स के इन्सोरेंस रूपये जमा ना कर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया जिससे खर्च के बाद बचे रकम 4,000 की जप्ती की गई है। घरघोड़ा पुलिस द्वारा कल शाम आरोपी पवन कुमार महानंद को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**आरोपी पवन कुमार महानंद की जालसाजी**-वर्ष 2018 में घरघोड़ा पुलिस को पवन कुमार महानंद के विरूद्ध धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत पत्र जांच के लिये प्राप्त हुआ था जिसमें आवेदक एवं गवाहों का कथन लिया गया।

आवेदक व गवाहों ने बताया कि वर्ष 2012-13 में पवन कुमार महानंद कोरबा में प्रायवेट इंश्योरेंस कंपनी में सेल्स मैंनेजर के पद में कार्यरत था जो कि वर्ष 2014 में आवेदक रघुनंदन प्रसाद चैधरी तथा सुशील कुमार चैधरी, रूप सिंह राठिया, कंठी राम राठिया, जगमोहन दास, गंगा राम सिदार, कांति राठिया को कंपनी में अधिक ब्याज मिलने का लालच देकर इंश्योरेंस कराया और उन्हें पैसा जमा कर रसीद लाकर दूंगा कहकर रकम ले गया। जब कस्टमर्स ने रूपये जमा की रसीद मांगी तो पवन का खेल बिगड़ गया। उसने उस समय 5 कस्टमरों को 48 हजार रूपये वापस किया गया एवं बाकी 12 कस्टमरों को रकम 2 माह की अवधि लेकर वापस करने का स्टाम्प पेपर में लिखकर दिया किन्तु रूपये नहीं लौटा कर फरार हो गया था। यहीं नहीं उसने कांति राठिया को एक चेक 1,50,000 रूपये का दिया गया जो चेक बांऊस हो गया है और गोविन्द यादव को 1,50,000 रूपये को जाली बाऊण्ड पेपर दिया गया। शिकायत जांच में 22 जुलाई 2018 को आरोपी पर धारा 420, 201, भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने लगातार अपना निवास स्थान बदल रहा था जिसे घरघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# समस्त भय से मुक्ति देती है माँ कालरात्रि : पं द्विवेदी

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

चाम्पा नगर की कुल देवी श्री माँ समलेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि बड़ी धूम धाम से मनाया जा रहा है प्रतिदिन माँ समलेश्वरी के समक्ष दुर्गासप्तशती का पाठ हो रहा भक्त माँ के दर्शन के लिए लाइन पर अपनी बारी का इंतजार करते है पं अतुल कृष्ण द्विवेदी के अनुसार सप्तमी पर मध्य रात्रि माँ समलेश्वरी के समक्ष माँ कालरात्रि को स्वेत बलि निम्बू की माला अर्पित की जाएगी सप्तमी पूजन सोमवार 15/04/2024 को मध्य रात्रि 11 बजे माँ को भक्तो और श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की जाएगी .पं द्विवेदी बताते है कि देवी भागवत में आख्यान आता है कि निम्बू माला ( श्वेत बलि) चढ़ाने के पीछे मान्यता है कि मां काली को प्रसन्न करने के लिए पहले बली और नरमुंडों की माला चढ़ाई जाती थी. यह आज के समय में असंभव है. ऐसे में मां के इस रौद्र रूप को प्रसन्न करने के लिए और उनका आशीर्वाद पाने के लिए इन मालाओं की जगह पर नींबू की माला माता काली की मूर्ति पर चढ़ाते हैं.. !



# एनटीपीसी सीपत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती का आयोजन







पायनियर संवाददाता < सीपत
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती में उन्हें नमन किया गया। परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय, तहसीलदार सीपत, सिद्धि गवेल, महाप्रबंधक (सीपीजी-2) श्रीजित कुमार तथा उपस्थित सभी अधिकारीयों तथा कर्मचारियों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय कृष्ण पाण्डेय द्वारा संविधान के प्रस्तावना का पठन कराया गया। इस दौरान विजय कृष्ण पाण्डेय ने डॉ अंबेडकर के बारे में बताया और उन्हें प्रेरणा का श्रोत मानते हुए उनको उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत सीपत के परियोजना प्रमुख (एचओपी) विजय कृष्ण पाण्डेय ने सिद्धि गवेल, तहसीलदार (सीपत) की उपस्थिति में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई और मतदान के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के भाग के रूप में उज्जवलनगर परिसर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उत्साह से भाग लिया और डॉ अंबेडकर जी के आदर्शों को याद किया तथा नगरवासियों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# ग्राम बोरसी (ध) में माता कर्मा मंदिर में की गई मूर्ति स्थापना एवं मनाई जयंती

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



विगत रविवार को समीपस्थ ग्राम बोरसी (ध) में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्राम में साहू समाज के नवनिर्मित मंदिर में माता कर्मा की मूर्ति स्थापना सुबह 10 बजे पूजन के साथ भक्त माँ कर्मा की जयंती समारोह बड़े ही धुमधाम से भक्तिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में लिलेश्वरी साहू संयुक्त सचिव प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ, भरत साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ भाटापारा, ममता कमलेश साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ भाटापारा, सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, तिहारू राम साहू अध्यक्ष तरेंगा परिक्षेत्र, रामसागर साहू अध्यक्ष सिंगारपुर परिक्षेत्र, कुलेश्वर साहू अध्यक्ष मोपका परिक्षेत्र एवं नगर, तहसील, ग्रामीण परिक्षेत्र के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों की संख्या में स्वजातिय बंधुओं व भगनियो ने भाग लिया। इसके पश्चात् दोपहर 3 बजे से इस कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में बताया कि माँ कर्मा जब बाल्यावस्था में थी तब उनके माता-पिता उन्हे घर में अकेली छोड़ कर किसी कार्य से कुछ दिनों के लिए बाहर गये थे। तब वे अपनी पुत्री भक्त माँ कर्मा से कहकर गये थे कि वह स्वयं भोजन करने से पहले भगवान श्री कृष्ण को प्रतिदिन भोग लगाकर ही भोजन करें। माँ कर्मा ने प्रथम दिवस ऐसा ही किया। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को भोग लगा दिया। फिर कुछ देर तक बैठी रही। कुछ समय पश्चात् उसने भोग की थाली को देखा तो वह वैसी की वैसी ही दिखी भगवान श्री कृष्ण ने भोग को ग्रहण नहीं किया था। तब माँ कर्मा ने ठान लिया कि जब तक भगवान भोग नहीं करेंगे तब तक वह भी खाना नहीं खायेगी। वह कई दिनों तक भूखे ही रहीं। तब भगवान श्री कृष्ण ने उनके हठ के आगे नतमस्तक होकर उनको स्वयं दर्शन देकर उनका लगाया भोग ग्रहण किया। जो खिचड़ा के रूप में था। ऐसी भक्त थी माता कर्मा। हम सभी उसी भक्त माता कर्मा की संताने है, जिसका हमें गर्व है। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में सामाजिक व ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

13 अप्रैल 2024 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए सभी प्लेटफॉर्मों पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है रायपुर रेल मंडल पर रेल प्रशासन के द्वारा यात्रियों के लिए निशुल्क सादा एवं ठंडा पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है यात्री इस सुविधा का लाभ रायपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित वाटर बूथ और वाटर कूलर में लगे नलों से पेयजल प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं रायपुर रेल मंडल के रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 01 पर निशुल्क आर ओ वॉटर बूथ भी लगाया गया है। रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों के प्लेटफार्म पर यात्रियों की पेयजल व्यवस्था के लिए 283 वाटर बूथ पर लगभग 953 नल एवं ठंडे पानी के लिए 104 वाटर कूलरों पर लगभग 307 नल पेयजल की व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशनों के स्टालों पर निर्धारित दरों पर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर की व्यवस्था भी उपलब्ध है। यात्रीगण अपनी सुविधा अनुसार पेयजल के लिए सभी व्यवस्थाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कुदरगढ़ी मां धाम का श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में स्थित सुप्रसिद्ध कुदरगढ़ी मां धाम का चैत्र नवरात्र के पंचमी तिथि को दर्शन करने के लिए पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता ने के नेतृत्व में रामानुजगंज से अनेको भक्त दर्शन करने के लिए रवाना हए। श्रद्धालुओं का जत्था यहां से रात्रि में कुदरगढ़ धाम के लिए रवाना हुआ दूसरे दिन सभी श्रद्धालु कुदरगढ़ी मां का दर्शन कर पूजा अर्चना उपरांत अपने अपने श्रद्धा अनुसार श्रद्धालुओं ने उनको चुनरी एवं नारियल मिष्ठान का भोग अर्पण कर प्रसाद ग्रहण किया। शैलेष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गए हुए श्रद्धालुओं टीम जब वापस लौट रही थी तो अचानक से प्रतापपुर विधानसभा के विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते से मुलाकात हो गई फिर क्या था भेंट मुलाकात के बाद राजनीति चर्चा शुरू हो गई इसी दरमियान शैलेष कुमार गुप्ता ने कुदरगड़ी मां धाम को श्रद्धालुओं के लिए और बेहतर सुविधा देने हतु कई विषयों पर चर्चा की गई इसके संबंध में पोर्ते ने कहा कि धीरे-धीरे वह हर सुविधाओं को देने का प्रयास करेंगे जिससे श्रद्धालुओं को नवरात्र में दर्शन करने के लिए उनको पुनः इस ओर खींच लाय। श्रद्धालुओं में अजय गुप्ता, विजय तिवारी, अजय यादव, विकास गुप्ता, डॉ राकेश गुप्ता, विवेक यादव, अमित गुप्ता, अनूप गुप्ता, संतोष गुप्ता, मंटू केशरी, प्रेमचंद गुप्ता, अविनाश गुप्ता, विनय गुप्ता, अमित कश्यप, अमित सिंह पूर्व सरपंच, उत्तम गुप्ता, लालमोहन ठाकुर, सुखराम सिंह, राजाराम कुशवाहा, डॉ. अमरेश्वर प्रजापति, विकास गुप्ता, भोला कश्यप, विकास तिवारी, गोपाल सिंह, सुदामा सिंह, विजय मेहता एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग विषय पर डॉ. अजीत वरवंडकर का व्याख्यान संपन्न

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर में कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग विषय पर भारत के विख्यात कैरियर गाइड व काउंसलर डॉ अजीत वरवंडकर का व्याख्यान संपन्न हुआ। जिसमें अपने भविष्य योजना के लिए जिज्ञासु व जागरूक पालक व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अपने सारगर्भित एवं विस्तृत संबोधन में डॉ वरवंडकर ने विभिन्न करियर विकल्प एवं इसमें पलक, विद्यार्थी व शाला की भूमिका बड़े विस्तार से समझाया। पूरे सत्र के दौरान अपनी विशिष्ट शैली में पलक, विद्यार्थी व शिक्षक से जीवंत संवाद स्थापित किया। जिसे सभी ने सराहा और ऐसे कार्यक्रम के महत्व पर बल दिया। कुल मिलाकर यह सत्र काफी उपयोगी रहा एवं पलक, विद्यार्थी व शाला परिवार इसे अत्यंत लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजीव गुप्ता, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन उपस्थित थे तथा सुहानी शर्मा, डायरेक्टर,शाला प्राचार्य व समस्त शिक्षक वृंद उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग स्थापना दिवस पर योग से निरोग रहने की दी गई जानकारी




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की योग संस्थान भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस 10 अप्रैल 1967 को है जिसकी स्थापना श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल द्वारा 1967 में दिल्ली के एक पार्क पर निःशुल्क योग साधना केंद्र खोलकर की गई थी। भारतीय योग संस्थान, रायपुर प्रधान मुकेश सोनी ने बताया यह दिवस हम सबके लिए ज्ञान और सुंदरता का जश्न है योग की क्षमता का शक्तिशाली अनुस्मारक स्तंभ का रूप है विश्व के कई देशों में व संपूर्ण भारत में लगभग 4500 निःशुल्क केंद्र वर्तमान में चल रहे हैं, जिसके अंतर्गत योगासन प्राणायाम, ध्यान शुद्धि क्रियाएं एवं सूक्ष्म क्रियाएं नेत्र सुरक्षा क्रिया सम्मिलित की गई है। छत्तीसगढ़ के अधिकारी राजेश डागा व राजेश अग्रवाल ने बताया संस्थान द्वारा त्रैमासिक योग पत्रिका तथा योग को सरल और सुगम बनाने के लिए विभिन्न साहित्य का प्रकाशन भी योग संस्थान करता है इसका उपयोग करके आम जनजीवन स्वस्थ रहने के लिए आसानी से योगाभ्यास कर पाते हैं आज के इस योगाभ्यास का संचालन करते हुए सुदेशना मेने, रिया फ्तनानी ने बताया योग समस्त चराचर के लिए एकरूपता की प्रतीकात्मक भाषा है जो की किसी भी प्रकार के व्यय के बिना सभी को स्वास्थ्य लाभ देता है योग पूर्ण रूप से सार्वभौमिक होता है हर आयु वर्ग संप्रदाय सभी के लिए एक ही भाषा समझता है वह है करोड्र योग रहो निरोग। अपने विशेष उद्बोधन में मीडिया प्रभारी कांति लुनिया ने बताया योग सामान्य जन जीवन के लिए एक चैलेंज है जहां चारों ओर विलासिता के चलते जिम और प्रोफेशनल स्वास्थ्य क्लासेस में व्यक्ति पैसा समय और मानसिक शांति का दुरुपयोग कर रहा है वहीं भारतीय योग संस्थान निःशुल्क योग केंद्र चलाकर लोगों को अस्पताल जाने व शारीरिक व मानसिक दोष से बचा रहा है। योग संस्थान के प्रत्येक प्रमुख अधिकारी, संस्थान प्रमुख, केंद्र प्रमुख तथा सदस्य अपनी नैतिक जवाबदारी समझते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ समय-समय पर लोगों को शिविर लगाकर, घर-घर जाक प्रोत्साहित भी करते हैं। कार्यक्रम के संचालक भारती मखीजा व वर्षा जैन के साथ योग की क्रियाको संपन्न करने के लिए वंदना फारसी, रीना सिरे, डॉ अमिता, किशोर लालवानी, पीतांबर मिश्रा, भावना खत्री आरती श्रीवास, संगीता कुमारी, जयंती, पलक, ममता अग्रवाल, सोनिया पोपटानी राव आनंद नगर पिंकी जैन, कमलजीत कौर, लक्ष्मी मूर्ति, हर्षपाल मेहता, गायत्री अग्रवाल, प्रकाश बजाज, जीवन दम्मानी ने पूर्ण उत्साह के साथ सहयोग दिया। तत्पश्चात आनंद नगर केंद्र व ऑक्सीजन योग केंद्र द्वारा बहुत ही सुंदर योग नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भारतीय योग संस्थान की रायपुर शाखा का उद्देश्य है पूरे छत्तीसगढ़ को योग की इस यात्रा में जोड़कर स्वस्थ छत्तीसगढ़ का निर्माण करें।

# जमाअत ए इस्लामी हिंद, रायपुर यूनिट द्वारा ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जमाअत ए इस्लामी हिंद, रायपुर यूनिट द्वारा अल-फलाह टावर बैरन बाजार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्म और समाज के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रफुल्ल ठाकुर अध्यक्ष प्रेस क्लब रायपुर, नंदलाल साहब प्रबंधक शदाणी दरबार रायपुर, दिलेर सिंह जी प्रबंधक तेलीबांधा गुरुद्वारा रायपुर, फादर सेबेस्तियन बैरन बाजार चर्च एवं मेंतानंद भंते प्रबंधक बुद्ध विहार बिरगांव उपस्थित हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब मोहम्मद अहमद साहब सेक्रेटरी जमाअत ए इस्लामी हिंद, नई दिल्ली ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बना रहे। ईद मिलन कार्यक्रम का आगाज़ हाफिज अर्मुगान द्वारा कुराअन की तिलावत से की गई उसके बाद जनाब फहीम उल्लाह ने प्रारंभिक भाषण में ईद मिलन कार्यक्रम में आने पर सभी का स्वागत किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इस में विशेष अतिथि के रुप आए प्रफुल्ल ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मैं बचपन में किताबों में पढ़ा करता था हिंदू मुस्लिम सिख इसाई आपस में भाई-भाई। कार्यक्रम में आने पर मुझे यह देखने को मिला और कहा ईद की सेवई की जो मिठास है वह हमारे जबानो में भी उतर जाए तो हम हमेशा ऐसे ही मिलकर रहेंगे जैसे देखने को मिल रहा है इसी के साथ उन्होंने इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर जमाअत ए इस्लामी का शुक्रिया अदा किया और रायपुर प्रेस क्लब की तरफ से सभी को ईद की मुबारकबाद दी, नंदलाल साहब ने कहा ईश्वर का नाम रख लेने से कोई ईश्वर नहीं बन जाता या किसी बड़ी से बड़ी मंदिर या मस्जिद में इबादत कर लेने से बड़ा इन्सान नहीं होता बल्कि उसका मन साफहोना और ईश्वर के बताए हुए मार्ग पर चलने और एक दूसरे के काम आने पर ही इंसान बड़ा और अच्छा होता है साथ ही उन्होंने संस्था द्वारा किए जाने वाले काम के सराहना कि और कहा ऐसे कार्यक्रम से शहर की अच्छी फिज़ा बनी रहती है। सर्व आस्था मंच के पदाधिकारी मनमोहन सिंह सैलानी जी ने कहा धर्म से बड़ा कोई नहीं इंसानियत और मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है सभी मानव जाति को आपस में भाईचारे के साथ रहना चाहिए जिसकी यह कार्यक्रम आज एक मिसाल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जमाअत ए इस्लामी हिंद के सेक्रेटरी जनाब मोहम्मद अहमद साहब ने रमज़ान के रोज़े की अहमियत बताते हुए कहा कि रोज़ा इंसान के अंदर ईश्वर का डर पैदा करता है और जिस इंसान के अंदर ईश्वर का डर नहीं हो वह जानवर की तरह हो जाता है और हर बुरे काम करने लगता है। हर इंसान को किसी भी मज़हब को मानने वाला हो ईश्वर का डर होना चाहिए जिससे वह बुराइयों से रुकेगा जिससे एक अच्छा समाज एक अच्छा राष्ट्र बनेगा और देश का नवनिर्माण होगा, आगे उन्होंने कहा मोहब्बत करना और मोहब्बत हासिल करना हमारा हक है।

# चंगोरी में स्वीकृत क्षेत्र से बाहर रेत की अवैध खनन जोरों पर



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

लवन तहसील से करीब 15 किलोमीटर दूर शिवनाथ, महानदी ,जोंक नदी त्रिवेणी संगम पर बसा ग्राम पंचायत चंगोरी है।जहां विगत कुछ दिनों से स्वीकृति क्षेत्र के बाहर रेत की अवैध खनन एवं परिवहन जोरों पर है।इसके चलते राज्य सरकार को करोड़ों की चपत लगना अभी से शुरू हो गया है।रेत माफ्यिा बड़ी चालाकी से गॉव के भोले भाले ग्रामीणों एवं सरपंच को सांठगांठ करके इस गोरखधंधे में भागीदारी बनाने की जानकारी सूत्रों से मिला है।शाम6बजे के बाद एवं सुबह6बजे से पहले रेत खनन का नियम नहीं है उसके बावजूद यंहा के रेत माफ्यिा खनन एवं परिवहन करवा रहे हैं।इसके अलावा लोडिंग गाड़ियों को पिटपास नहीं काटने की शिकायत भी मीडिया को मिल रहा है।स्वीकृति चंगोरी रेत घाट के लिए जेसीबी मशीन का प्रयोग नहीं किये जाने की नियम प्रशासन स्तर पर है उसके बावजूद मजदूरों के बजाय 3से 4 जेसीबी मशीन से अंधाधुंध रेत की अवैध खनन स्वीकृति हेक्टेयर से बाहर राज्य सरकार को रेत माफ्यिा चुना लगा रहे हैं।ज्ञात हो कि चंगोरी पैसर देवरघटा ग्राम पंचायत को जोड़ने वाली कम भार क्षमता वाली ओवर ब्रिज भी बदहाली की तरफ जा रहा है।इसी प्रकार लगातार ओवर लोडिंग गाड़ियां चलती रही तो ग्रामीणों के लम्बी संघर्ष के बाद बनी पुल भी कुछ दिनों में क्षतिग्रस्त हो कर गिर सकती है, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी रेत माफिया लेने को तैयार नहीं होंगे क्योंकि उनको तो केवल मुनाफे से मतलब है।ग्रामीण समस्या से उनको कोई लेना देना नहीं है कि बात ग्रामीणों ने मीडिया कर्मियों को फोन से सूचना देकर लगातार बताते आ रहे हैं।इस मामले पर कलेक्टर के एल चौहान ने पत्रकार गोलू कैवर्त के चर्चा करने पर बताया कि सोमवार को खनिज इंस्पेक्टर को कार्रवाई के लिए भेजता हूँ।वहीं इस मामले पर सचिव लक्ष्मी नारायण पटेल ने बताया कि कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को लिखित शिकायत देते हैं।वहीं सरपंच प्रतिनिधि धन साय कैवर्त ने बताया कि अवैध खनन नहीं हो रहा है, किसी ने झूठी शिकायत किये होंगे।वहीं ग्रामीण शिव कुमार कैवर्त ने बताया कि रेत का खनन देर रात हो रहा है।

# नियुक्त व्यय प्रेक्षक ने जिले के विभिन्न चेकपोस्टों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

सरगुजा लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक गिरिराज दत्त शर्मा ने बलरामपुर जिले के विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चेक पोस्टों पर जाकर विस्तृत जानकारी लेते हुए तैनात कर्मचारियों को सजग एवं सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए कहा। संधारित् पंजी का अवलोकन करते हुए शराब नगदी एवं अन्य सामग्री के अवैध परिवहन को लेकर कड़ाई से जांच करने के निर्देश देते हुए सख्त कार्रवाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधिक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग रामानुजगंज लोकेश मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी सहित जवान उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी की भाजपा में जाने की अटकलें तेज



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कॉंग्रेस से इस्तीफा देने के बाद देर रात साथियों सहित जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल से उनके आवास में मुलाकात की, इससे अटकलें तेज हो गई है। कि अपने दर्जन भर से अधिक जनपद सदस्यों,और सरपंचों के साथ प्रज्ञा निर्वाणी भाजपा का दामन थाम सकती हैं,निर्वाणी जिला पंचायत में बेहद सक्रिय नेत्री मानी जाती हैं और पूर्व में बेमेतरा जनपद की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं,उनके साथ गई साजा जनपद की उपाध्यक्ष सीमा भुनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा के 200 से अधिक सरपंच,पंच कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले है, भाजपा प्रवेश के मुद्दे पर प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि दयाल दास बघेल जिले के मंत्री हैं और मेरा जिला पंचायत क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा नवागढ़ विधानसभा में आता है तो क्षेत्र के समस्याओं को लेकर ही मुलाकात हुई है,मैंने कांग्रेस से इस्तीफा 2 दिन पहले दे दिया है लेकिन अभी किसी पार्टी की सदस्य नही हूँ,बतौर जिला पंचायत सदस्य मंत्री बघेल से उनकी मुलाकात हुई है,कांग्रेस छोड़ने के प्रश्न पर उन्होंने यह कहते हुए अपनी बात रखी कि

**उसी का ईमा बदल गया है**
**कभी जो मेरा खुदा रहा था**

उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर,कृषि समिति के सभापति लाला भारती, जनपद सदस्य राजेश साहू,सरपंच संजय जोशी,सरपंच तामेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की।


## न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक लक्ष्मण कुमार नायक पिता क्षेमा प्रसाद नायक निवासी ग्राम चारभांठा तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वंय के माता स्व. कौशल्या का मुत्यु दिनांक 06/12/06 को ग्राम चारभांठा में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नही हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया हैं।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप / दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 16/04/24 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 26/02/2024

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

## न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सेतकुमार भोई पिता स्व. मधु निवासी ग्राम जलगढ़ तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वंय के पिता मधु भोई का मुत्यु दिनांक 17.10.2005 को ग्राम जलगढ़ में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नही हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया हैं।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप / दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 16/04/24 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 29/02/2024

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

# महादेव सट्टा ऐप को चालू रखने के लिए भाजपा ने कितना चंदा लिया : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खैरागढ़ की चुनावी सभा में राज्य की भाजपा सरकार के कारनामों को छिपाकर बड़े बड़े झूठ बोलकर चले गए। उन्होंने महादेव ऐप के बारे में तो ढेर सारी बातें की, लेकिन यह नहीं बताया कि अब जबकि डबल इंजन की सरकार है तो महादेव ऐप क्यों चल रहा है? उन्हें बताना चाहिए कि भाजपा ने महादेव ऐप को चालू रखने के लिए चलाने वालों से कितना चुनावी चंदा लिया है?

भूपेश बघेल ने कहा है कि महादेव ऐप पर कार्रवाई तो कांग्रेस की सरकार ने की थी और केंद्र की भाजपा सरकार से अनुरोध किया था कि महादेव ऐप को बंद करके उसके संचालकों को गिरफ्तार कर ले, लेकिन गिरफ्तारी तो दूर की बात केंद्र सरकार ने महादेव ऐप को बंद तक नहीं करवाया। उन्होंने पूछा कि क्या वजह है कि महादेव सट्टा ऐप अभी भी बिना रोक-टोक चल रहा है, तो भाजपा ने उनसे कितना चंदा लिया है? बघेल ने कहा है कि अगर वे सच में सट्टेबाजी के खिलाफ होते तो केंद्र की भाजपा सरकार सट्टेबाजी पर जीएसटी वसूलकर उसे कानूनी रूप नहीं देती। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक रूप से भाजपा लड़ नहीं पा रही है तो बेवजह आरोप लगाकर कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रच रही है।

उन्होंने कहा कि धर्म की बात करने वाले अमित शाह को बताना चाहिए उनकी पार्टी की सरकार ने गाय की देखभाल के लिए बने गौठानों को बंद कर दिया? क्यों गोबर की खरीदी बंद हो गई? और क्या वजह है कि भाजपा की सरकार बनते ही गौ-तस्करी शुरु हो गई? और गौ तस्करी इसी राजनांदगांव जिले के बाघनदी वाली सीमा से हो रही है। अमित शाह को यह भी बताना चाहिए कि यदि वे इतने ही गौ-रक्षक हैं तो उनकी पार्टी ने गौमांस तैयार करने वाली कंपनी से करोड़ों रुपयों का चंदा क्यों लिया?

अमित शाह पर तमाम तरह के झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा-हमने गंगाजल हाथ में लेकर किसानों की कर्जमाफी और प्रति क्विंटल 2500 रुपए देने का वादा किया था और वह हमने समय पर पूरा कर दिया था। शराबबंदी को लेकर कोई शपथ हमने नहीं ली थी और हम धीरे-धीरे शराबबंदी की ओर बढ़ रहे थे। भूपेश बघेल ने कहा कि या तो प्रदेश के भाजपा नेता अमित शाह को सच नहीं बता रहे हैं, या फिर अमित शाह आदतन झूठ बोल रहे हैं।

तीन साल में नक्सली समस्या हल करने के दावे को आड़े हाथों लेते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस बात की गवाह है कि भाजपा की सरकार बनते ही बस्तर में नक्सली घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के पांच साल में नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों की प्रताड़ना बंद हो गई थी, पर भाजपा की सरकार आते ही फर्जी एनकाउंटर फिर शुरु हो गए हैं, इसलिए कम से कम भाजपा को नक्सली हिंसा खत्म करने की बात नहीं करनी चाहिए।

संसद का चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले अपने केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़वा दिया फिर न मुख्यमंत्री बनाया न मंत्री और अब वे प्रदेश के एक ताकतवर मंत्री को संसद का चुनाव क्यों लड़वा रहे हैं? उन्होंने कहा कि जनता सब समझती है और एक निष्क्रिय सांसद को मोदी के नाम पर वोट डलवाने की अमित शाह की साज़िश का ठीक तरह से जवाब देगी।

# भूपेश बघेल की धर्मपत्नी व बेटी पहुंची देवी दरबार

## नवधा भक्ति का चरमोत्कर्ष, अविरल भक्तिधारा प्रवाह

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल में चैत्र नवरात्रि की नवधा भक्ति चरम पर पहुंच गई है। पंचमी दिवस पर नगर के मटियावार्ड 14 स्थित शीतला माता मंदिर में पुर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व बेटी स्मिता बघेल सहित अन्य परिजन दर्शनार्थ पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि भूपेश बघेल ने मटियावार्ड मंदिर में ज्योत प्रजल्वित कराया है। पंचमी अवसर पर मातारानी का विशेष श्रृंगार किया गया। उल्लेखनीय है कि देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत ज्वर सुसज्जित हुए हैं। देवी मंदिरों में प्रतिदिन प्रभात से देर रात्रि तक भक्ति की बयार से नगर सहित समूचा अंचल भक्तिमय हो गया है। शाम होते ही सुमधुर जसगान से भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। चैत्र नवरात्रि में डोंगरगांव नगर में श्रीनवदुर्गा मंदिर, चंडी मंदिर, बम्लेश्वरी मन्दिर, मटियावार्ड सहित अन्य वार्डों में स्थित देवी मंदिरो में आस्था के ज्योत प्रजल्वित किये गए हैं। मंदिरों में रात्रि में कृत्रिम रौशनी व स्थल सजावट सहित सुमधुर भजन भक्तों को सहसा ही आकर्षित कर रही हैं। इस दरम्यान महिलाओं की श्रद्धा भक्ति भीड़ बतौर सहसा ही उमड़ रही हैं। अंचल के अजुनी, खुज्जी, तुमड़ीबोड, आसरा, कुमरदा व करमतरा बेल्ट के गांवों में भी आस्था के ज्योत जवारा परिलक्षित हो रहे हैं। माता के भक्तजन माता की सेवा में तल्लीनता से जुटे हुए हैं।

### निशान, पताका व बाना का रस्म

देवी मंदिरों में पंचमी पर पारम्परिक तौर पर बैगा के संरक्षण में मातारानी को नीबू की माला, सात्विक वस्त्र चढ़ावा के साथ ग्रामीण अंचल की मान्यता मुताबिक देवी मन्दिरों के पारंपरिक निशान, बाना व पताका स्थापित किए गए हैं। मान्यता अनुसार पंडाल में निशान, बाना व पताको के सानिध्य में हवन पूर्णाहुति उपरांत ही ज्योत जवारा विसर्जित किए जाने की मान्यता है।

# डिप्टी सीएम शर्मा की नागरिकों से चाय पर चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को उकरित करने तथा भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र में चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता आम जनता से रूबरू हो रहे हैं।

इसी तारतम्य में गत रात्रि में स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। उन्होंने स्थानीय नागरिक, व्यापारी, रिटायर्ड कर्मचारी, डॉक्टर, अधिवक्ता सहित पत्रकारों के साथ चर्चा की। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बहुत ही बेबाकी से आमजनों के चुनिंदा सवालों के जवाब देते हुए कहा कि आज विपक्षी पार्टियां बढ़ती महंगाई को लेकर हो हल्ला मचाते रहती है, लेकिन सब जानते हैं कि पूरे देश ने नरेन्द्र मोदी को आलू के रेट कम करने के लिए प्रधानमंत्री नहीं बनाया है। कुछ ऊंचे उद्देश्यों को लेकर उन्होनें प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला है, जिसको पिछले दस सालों में पूरे देश के लोगों ने देखा और समझा है। गृहमंत्री ने कहा कि गुजरात के सीएम रहते जिस देश अमेरिका ने उन्हें वीजा देने से इंकार कर दिया था, उनके संसद में जब पीएम नरेन्द्र मोदी भाषण देते हैं, तो वहां के सांसद 18 बार उठकर अभिवादन करते हैं। वहीं अमरीका का राष्ट्रपति पीएम मोदी का आटोग्राफ मांगता है और उन्हें बॉस कहता है। हमने इन्ही मोदी की गारंटी को हमने प्रदेश में पहले ही केबिनेट की बैठक में लागू किया। अंत मे नगर के सेवानिवृत्त सैनिक संतोष सागर शर्मा ने भाजपा की रीति नीति, खासकर देशहित व हिन्दूत्व के मुद्दे पर साफगोई के चलते भाजपा ज्वाइन किया। इस मौके पर लोकसभा चुनाव सहसंयोजक दिनेश गांधी, वरिष्ठ नेतागण लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, रामकिशन माहेश्वरी, अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा व संतोष यादव, सरिता ढीमर, अंजू त्रिपाठी तथा डिकेश साहू, रोहित गुप्ता, कोमल साहू तथा भाजयुमो के प्रवेश ठाकुर व मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# भाजपा देश व विदेश में भारतीय नागरिकों की रक्षा के लिए वचनबद्ध : संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे अपने चुनाव अभियान की शुरुवात भारत र बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर वे दोपहर तक अपने कार्यालय में कार्यकर्ता व नागरिकों से भेंट की फिर खैरागढ़ जाकर देश के गृह मंत्री अमित शाह की महती जनसभा को संबोधित किया फिर वे अपने जनसम्पर्क प्रवास पर निकल गए। इस दौरान अनेक ग्रामों में हुए जनसम्पर्क के दौरान पांडे ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने अपने देश के नागरिकों को आतंकवाद व नक्सलवाद के खतरों से बचाने के लिए साफ रवैया अपनाया था। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टांरलेस नीति अपनाई हैं, हम आगे भी अपने देश व नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षित व समृद्ध भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गारंटी हैं। पांडे ने स्मरण करते हुए कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में वर्ष 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक व वर्ष 2019 में एयर स्ट्राइक हमारे प्रयासों के ठोस उदाहरण हैं। हम आतंकवाद के सभी खतरों से देश व विदेश में भारतीय नागरिकों की रक्षा के लिए वचनबद्ध हैं। सुरक्षित व समृद्ध भारत के तहत हमने तालिबान द्वारा काबुल पर तेजी से कब्ज़ा करने के बाद काबुल से अपने नागरिकों और अफगान सहयोगियों को निकालने के भारत के जटिल मिशन 'ऑपरेशन देवी शक्ति ' कर नागरिकों को सुरक्षित निकाला इसी तरह रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान सैकड़ों भारतीयों एवं अन्य नागरिकों को सुरक्षित भारत लाने के लिए 'ऑपरेशन गंगा' चलाया गया जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई। भारत ने सुरक्षित भारत की दृष्टि से सेना में बेहतर समन्वय के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) का पद स्थापित किया हैं और आगे चलकर देश के कुशल संचालन के लिए 'सैन्य थियेटर कमांड' की स्थापना की जाएगी। पांडे ने आरोप लगाया की कांग्रेस सरकारों की घोर उपेक्षा के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत संरचना कमजोर थी, इस गंभीर गलतियों को सुधार करते हुए सड़क, रेलवे, टेलीकॉम टावर, ऑप्टिकल फाइबर केबल और बिजली नेटवर्क का वृहद निर्माण शुरु किया गया। भारत -चीन, भारत - पाकिस्तान और भारत- म्यांमार सीमाओं पर मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का समय बद्ध विकास हो रहा हैं, एवं नई तकनीकी के उपयोग से सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए फेंसिंग की जा रही है।

# भाजपा का कोल प्रेम रूपी महत्वाकांक्षी चारागाह है रेल परियोजना : कांग्रेस

■ 300 करोड़ की दुहाई देने वाली भाजपा 500 करोड़ का काम तो बताएं : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे द्वारा डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन सहित रेल में अपनी उपलब्धि बताने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कटाक्ष करते हुए कहा मात्र ज्ञापन देकर अपनी औपचारिक हाजरी लगाने वाले सांसद संतोष पांडे पहले डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन का उद्देश्य जो वित्त मंत्री अरुण जेटली ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया जिसे 27 सितंबर 2018 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने अपने सोशल मीडिया में पोस्ट किया उससे परिचित हों। क्योंकि उससे यह साफ खुलासा हो गया था कि डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन छत्तीसगढ़ में कोल खदानें हैं। कोल परिवहन को देखते हुए यह योजना लागू की गई है। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के कोल खनन को जो डेढ़ सौ एमपीपीएस था उसे ढाई सौ एमपीपीएस करने के उद्देश्य से इस परियोजना को लागू कर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना उन्होंने तैयार की। दुबे ने कहा कि उन्होंने साबित कर दिया कि वर्ष 2020-21 के केंद्रीय बजट में 500 करोड़ की राशि स्वीकृत होने के बाद भी कोई कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। और तो और छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अपने बजट में 300 करोड़ का प्रावधान किए जाने की बात को भाजपाई गले फाड़ फाड़ कर दुहाई दे रहे हैं। जबकि संतोष पांडे कवर्धा में जो रेलवे का बुकिंग काउंटर था उसे पोस्ट ऑफिस में मर्ज हो जाने से उसको पृथक करने में भी सक्षम नहीं रहे। कर्मचारियों के अभाव में कवर्धा के निवासी रेल टिकट प्राप्त करने के लिए भी निरंतर परेशान होते रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि डोंगरगढ़-कवर्धा-कटघोरा रेल लाइन में स्टेशनों की ग्राम से दूरी बड़ी समस्या रही जिसके कारण ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 24 सितंबर 2022 को जनहित को सुविधा उपलब्ध कराने सर्वे में संशोधन हेतु रेल मंत्री को पत्र लिखा। किंतु रेल विभाग जनहित के लिए बेसुध रहा। रेलवे और केंद्र सरकार साढ़े चार साल में योजना पूर्ण करने की बात कहीउसमें कितना अमल कर सकी। साथ ही इस रेल परियोजना के लिए जनहित के लिए क्या किया सांसद ने इसका खुलासा करें। क्योंकि 6 अक्टूबर 2018 को करोड़ों का टेंट लगा कर आचार संहिता के दिन भूमिपूजन कर भाजपा श्रेय लिया था। वही नौटंकी अब तक भाजपा व सांसद कर रहे हैं।



# भाजपा के महिला सम्मेलन में महिला विकास मंत्री राजवाड़े शिरकत करेगी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के कल 15 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र के तीन स्थानों पर महतारी वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं, इस सम्मेलन में प्रत्येक स्थान पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया हैं। इन सम्मेलन में प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण साहू महामंत्री पारूल जैन व देवकुमारी साहू उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन की शुरुवात ग्राम टेड़ेसरा से होगी यहाँ सुबह 11:00 बजे होने वाले महिला सम्मेलन की व्यापक तैयारी ग्रामीण मण्डल द्वारा की गई हैं इसके लिए ग्राम के गौठान मैदान में विशाल पंडाल की व्यवस्था की जा रही हैं। इसी प्रकार दोपहर 02: बजे ग्राम सुरगी में महिला सम्मान सम्मेलन का आयोजन होगा इसके बाद शाम 05:00 बजे राजनांदगाँव शहर के श्रमिक बहुल क्षेत्र शंकरपुर में आयोजन रखा गया हैं। उल्लेखनीय हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की भाजपा सरकर ने विधानसभा चुनाव में महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था, जिसे सरकार बनने के बाद पूरा कर लिया गया हैं, इसी प्रकार देश की दस करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन देकर धुंए भरे चूल्हे से मुक्ति प्रदान की गई हैं। महिलाओं की मयार्दा को ध्यान में रख कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्यारह करोड़ महिलाओं को शौचालय उपलब्ध कराकर उनके जीवन में एक नई रौशनी लायी गई। तीन करोड़ महिलाओं को पीएम मातृ वंदना के अंतर्गत मातृत्व सेवा का लाभ दिया गया तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में आरक्षण से सशक्त भागीदारी की राह आसान की गई।

## सोनसायटोला, भड़सेना में हुआ आयोजन

# मातृ शक्ति वंदन में जुटा महिला मोर्चा, मोदी की गारंटी घर-घर पहुंचा रहे

पायनियर संवाददाता ➤ अंबागढ़
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम सोनसायटोला व भड़सेना में मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश सारस्वत ने बताया कि, लोकसभा चुनाव के दौरान महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताएं हर एक महिला तक पहुंच कर उन्हें भाजपा सरकार की योजनाओं और मोदी की गारंटी से अवगत करा रहीं हैं। वहीं महिला मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की जा रही है।

सारस्वत ने कहा कि महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर परिस्थितियों में काम करना जानती हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम सोनसायटोला के बाजार चौक मंच पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। संगठन की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुद ही मंच की साफ-सफाई की और बैठक की व्यवस्था बनाई। सभी मिलजुलकर पूरे समर्पण भाव से गांव गांव तक भाजपा का परचम लहराने का काम कर रही हैं। सोनसाय टोला में मोर्चा की पदाधिकारियों ने महिलाओं को मोदी की गारंटी से अवगत कराते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना लागू की है। इससे हर परिवार की महिलाओं को एक हजार रुपए मिल रहे हैं। इस योजना के साथ भाजपा ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत प्रयास किए हैं। इसी तरह ग्राम भड़सेना में महिला मोर्चा ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। समूह की महिलाओं को जानकारी देते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि फिर एक बार रेडी टू ईट का निर्माण महिला समूहों को दिया जा रहा है। ये फैसला मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार ने किया है। सारस्वत ने बताया कि मात्र शक्ति सम्मेलन में ग्राम भड़सेना अंबागढ़ चौकी मंडल में लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष प्रचार कर कमल फूल पर वोट डालने की अपील की। साथ ही मोदी की गारंटी के बारे में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत, बुनकर समिति की जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष ईश्वरी धुर्वे, मंडल अध्यक्ष कुंजलता हरमुख, मंडलमहामंत्री तीजन मानिकपुरी, उपाध्यक्ष उमा तिवारी, कल्पना, समाजसेवी शंकर मानिकपुरी, योगमाया साहू, उपाध्यक्ष उमा तिवारी, माया बाजपेयी, नंदा, बूथ अध्यक्ष आनंद साहू सहित ग्राम हाथीकन्हार, ग्राम केकतीटोला सहित अन्य गांवों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

# हमारा वोट, हमे मिली सुविधाओं के लिये मोदी जी को हमारा धन्यवाद होगा: कविंद्र

## विकसित भारत बनाने 400 सीटों के साथ मोदी को लाना होगा : अरविंदर

- भाजपा लायी देश मे बड़ा बदलाव - अविनाश
- ग्राम रांवा मे नुक्कड़ सभा और ग्राम पोटियाडीह मे चाय पे चर्चा मे पहुंचे भाजपाई

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com





लोकसभा चुनाव प्रचार मे भाजपा अब बूथ स्तर तक उतर चुकी है। चाय पे चर्चा, लाभार्थी सम्मेलन, नुक्कड़ सभा एवं घर घर संपर्क कार्यक्रम के साथ साथ महिला सम्मेलन, युवा सम्मेलन, सामाजिक सम्मेलन, विशिष्ट वर्ग सम्मेलन जैसे अनेक कार्यक्रम गाँव गाँव तक चलाये जा रहे हैं । शनिवार को ग्राम रांवा मे बाजार चौक मे नुक्कड़ सभा आयोजित की गयी साथ ही पोटियाडीह मे चाय पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों ही कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा के आमदी मंडल के प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने कहा कि मोदी जी ने प्रधान सेवक के रूप मे 10 साल मे समाज के हर वर्ग के कल्याण के सैकड़ों योजनाएं लायी । बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्न, आवास, बाह्य सुरक्षा,आंतरिक सुरक्षा, स्व रोजगार, नारी उत्थान,पिछड़ों, दलितों,वंचितो सभी के जीवन स्तर मे बड़ा बदलाव लाया। आज देश की जनता के पास अवसर है कि इतनी सुविधाओं के बदले केवल अपना एक वोट देकर मोदी जी का धन्यवाद करे और देश की तरक्की मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। जिला महामंत्री अविनाश दुबे ने पोटियाडीह मे चाय पे चर्चा के दौरान मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राम मन्दिर, धारा 370, समान नागरिक संहिता, दंड आधारित कानूनों मे बदलाव कर उसे न्याय आधारित बनाने का काम मोदी जी ने अपने पिछले 2 कार्यकाल मे किया है । जिला उपाध्यक्ष अरविंदर मुंडी ने ग्राम रांवा की नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल मे उनका संकल्प भारत को पूर्ण विकसित एवं विश्व का सिरमौर राष्ट्र बनाना है और इसके लिये एन डी ए को 400 से अधिक सीटों की आवश्यकता है । राष्ट्र के कल्याण के लिये भाजपा को वोट देकर अपना कर्तव्य पुरा करें । उन्होंने महिलाओं और युवाओं को विशेष तौर पर आव्हान किया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, अमन राव,कोमल यादव, पुनाराम साहू, माणिक साहू, नामदेव राय, सीताराम ध्रुव, जितेंद्र यादव,ईश्वर देवांगन, जगत राम यादव, दानु साहू, बसंत राम, गणेश राम बांधे सहित बड़ी संख्या मे वरिष्ठ,महिला एवं युवा मतदाता शामिल हुए ।

# देश को विकसित बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है 2024 की मोदी गारंटी: सुनील सोनी

- सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर सभी वर्गों का होगा उत्थान-भाजपा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर सांसद सुनील सोनी ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने संकल्पपत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है। आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि सबका साथ-सबका साथ के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोना काल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला हुआ था कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी। लेकिन मोदी की सरकार ने सरकार ने हर वर्ग के लिए बनाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता का ऐसा सिस्टम विकसित किया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बची है। आज हर योजना के लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। लेकिन जब यही कांग्रेस की सरकार थी, जनता के पैसे को हड़पने का काम इनके नेता करते थे। पीएम मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर कांग्रेस और इसके इंडी गठबंधन के दल अपने झूठे संकल्पपत्र से फिर से जनता को झांसे में लेने के लिए कुचक्र रच रहे हैं। लेकिन जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों के झूठे संकल्प पत्र को नाकार देगी और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पीएम मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। यहां छत्तीसगढ़ में भी भाजपा 11 की 11 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

# परसुली और दर्री बूथ में बैठक एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य ठाकुर शशि पवार द्वारा नुक्कड़ सभा लिया गया

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



महासमुंद लोकसभा अंतर्गत विधानसभा धमतरी भोथली मंडल के ग्राम परसुली और दर्री में बूथ की बैठक एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य ठाकुर शशि पवार के द्वारा नुक्कड़ सभा लिया गया। प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने एवं देश के प्रधान सेवक यशस्वी प्रधानमंत्री को पुनः एक बार प्रधान सेवक बनाने के लिए प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः मंडल प्रभारी जिला मंत्री डॉ बिथिका विश्वास मंडल सह प्रभारी किसान मोर्चा जिला महामंत्री सामा रोहितास मिश्रा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरपंच गीतेश्वरी साहू, शक्ति केंद्र संयोजक राजेंद्र साहेब, कांशीराम साहू ,किशन कुमार, साहू योगेश्वर साहू, चोखे राम साहू ,शेखन साहू ,लिखीराम साहू ,रामचंद्र साहू, लोकेश्वर, अनिल, संजय कुंभकार, खिलेश्वर राम साहू ,रामशरण साहू, शिवकुमार साहूकुमार, साहू भारत निषाद ,टकराम साहू ,मोहन साहू, मनीराम साहू, पूरन साहू ,सीताराम साहू ,परशुराम साहु, लाभाराम साहू, योग राम साहू ,पवन साहू, विरतराम साहू ,विष्णु राम साहू ,शंकर साहू ,ओमकार ,नेम भैया लाल साहू, मदन साहू, गंगाबाई साहू, प्रमिला साहू,शारदा साहू , विशाखा साहू आदि उपस्थित रहे।

# निष्पक्ष मतदान के लिए सीमाओं पर स्थैतिक दल के साथ पुलिस की कड़ी निगरानी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




लोकसभा चुनाव जिले में निष्पक्ष रूप से भय और प्रलोभन मुक्त सम्पन्न किये जाने जिला प्रशासन एवं पुलिस कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा और आकलन कर अवैध गतिविधियों, जब्ती की रोकथाम और अंतर-राज्य और अंतर जिला सीमाओं पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने स्थैतिक निगरानी दल लगाया गया है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस, उड़नदस्ता व अन्य शासकीय एजेंसियां सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना, चैकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के अंतर्राज्यीय और अंतर जिला चेक पोस्ट की समय-समय पर निरीक्षण करने एवं स्थैतिक निगरानी दल में लगे अधिकारीगण व जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश देने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में आज सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र के चेक पोस्ट जाकर जांच कार्यवाही चेक किये तथा एसएसटी टीम को अवैध शराब, नकदी, नशीली दवाओं के प्रवाह को रोकने लगातार कड़ी निगरानी के निर्देश दिये। थाना प्रभारीगण सीमावर्ती उड़ीसा राज्य के पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा और सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्यवाही को लेकर चर्चा किया गया।

# हाथी के हमले में बुजुर्ग महिला की मौत, महुआ बिनने जंगल गई थी महिला इसी बीच हाथी से हुआ सामना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में तमनार थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह हाथी के हमले से जंगल मे महुआ बिनने गई एक महिला की मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। मामला रायगढ़ वन मंडल के तमनार वन परिक्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 8 बजे आमघाट निवासी कालावती पति सुखसिंग राठिया उम्र करीबन 50 साल गांव की अन्य महिलाओं के साथ महुआ बिनने जंगल गई हुई थी। बताया जा रहा है इस बीच सभी लोग पहाड़ चढ़ाई कर रहे थे उसी दौरान एक हाथी मौके पर आ गया। अचानक हाथी को सामने देख लोगो मे अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। लोग अपने जान बचाने इधर उधर भागने लगे, परंतु कलावती भागने में सफल नही हो सकी। जिसके बाद हाथी ने महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि महिला को कुचलने के बाद 1 किलोमीटर दूर उसी हाथी ने 1 व्यक्ति रामलाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथी के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम के साथ साथ वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# महंत घासीदास वार्ड बूथ क्रमांक 128 एवं 129 बूथ मैनेजमेंट पर हुई सार्थक चर्चा

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



महासमुंद लोकसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति तय की गई एवं बूथ मैनेजमेंट पर सार्थक चर्चा की गई । जिसमे शक्ति केंद्र प्रभारी अर्चना चौबे, बूथ पालक क्रमांक 128 नवीन सांखला, एव बुथ क्रमांक 129 बूथ पालक देशांत लोढ़ा, शक्ति केंद्र संयोजक दिलीप पटेल, बूथ क्रमांक 128 अध्यक्ष संकेत बरडिया, 129 अध्यक्ष प्रहलाद पटेल,पार्षद रश्मि त्रिवेदी, सलज अग्रवाल सहित वार्डवासी कविता बंजारे, प्रतीक चौबे, भावेश जैन,जानकी पटेल, सुमित त्रिवेदी ,अनुसिया पवार, दयाराम लहरे, नरेश सोना सहित बड़ी संख्या में सभी उपस्थित थे ।

# मोबाईल चोरी करने वाले दो आरोपियों को साइबर टीम एवं कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



10 अप्रेल 2024 के रात्रि करीबन 8:30 बजे श्रीराम हॉस्पिटल के सामने धमतरी में प्रार्थी कमल साहू अपने पहचान के अविनाश टेकाम मिला तो अपने मोबाईल को मोटर सायकल के टंकी में रखकर बातचीत कर रहा था तभी दो अज्ञात व्यक्ति आये और प्रार्थी के मोटर सायकल के टंकी में रखे प्रार्थी के OPPO A31 जिसका IMEI No.- 860093049790110, 860093049790102 कीमती 5,000 रु0 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की प्रार्थी रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अप.क्र. 162/24 धारा 379 भादवि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना एवं आरोपी के पतासाजी के दौरान दो व्यक्ति मोबाईल बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे है की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर अम्बेडकर चौक धमतरी गये दो व्यक्ति मोबाईल फोन बेचने के लिए ग्राहक तलाश करते मिले जिसे गवाहों के समक्ष घेराबंदी कर पुछताछ करने पर अपना नाम संजय गोरा व गजेन्द्र बांधे बताये जिन्हें गवाहों के समक्ष पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये। मेमोरण्डम कथन में चोरी किये मोबाईल फोन OPPO A31 के अलावा 7 मोबाईल फोन को आरोपीगण द्वारा बरामद कराने पर गवाहो के समक्ष आरोपी गजेन्द्र बांधे से 04 नग मोबाईल व संजय गोरा से 03 मोबाईल को जप्त किया गया है तथा गजेन्द्र बांधे से थाना सिटी कोतवाली के अप.क्र. 39/24 में पृथक से एक रीयल मी कपनी का मोबाईल को जप्त किया गया। प्रकरण में दो आरोपी होने से धारा 34 भादवि जोडी गयी। आरोपीगण के विरूद्ध अपराध सदर धारा 379, 34 भादवि का घटित करना पाये जाने से आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है। उक्त कार्यवाही में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे एवं कोतवाली से सउनि संतोषी नेताम, अनिल यदु साइबर टीम से प्रधान आरक्षक देवेंद्र राजपूत, लोकेश नेताम आरक्षक योगेश नाग, फनेश साहू, आनंद कटकवार वीरेंद्र सोनकर का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा कार्यालय कुरूद मे विधानसभा स्तरीय भाजपा का व्यापारी सम्मेलन संपन्न

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




मुख्य वक्ता केदारनाथ गुप्ता भाजपा प्रवक्ता.पूर्व प्रदेश संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ, आशु चन्द्रवंशी भाजपा विधानसभा प्रभारी, भाजपा विधानसभा संयोजक भानु चन्द्राकर एवं व्यापारी प्रमुखों का हुआ मार्गदर्शन,मोदी को पुनः प्रधानमन्त्री बनाने रूपकुमारी चौधरी को जिताने की अपील किये। 13 अप्रेल को भाजपा कार्यालय कुरूद में विधानसभा स्तरीय व्यापारी कार्यकर्ता सम्मेलन कुरूद,भखारा एवं मेघा के सैकड़ों व्यापारी बंधुओं के उपस्थिति मे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक केदारनाथ गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में व्यापारी बंधुओं का ओजस्वी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। देश के सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को विकसित भारत में तब्दील करने मोदी जी को सबके सहयोग से पुनः प्रधानमन्त्री बेहद ज़रूरी है। सम्मेलन में भाजपा विधानसभा प्रभारी आशु चन्द्रवंशी ने 400 पार लगाने के लिए व्यापार जगत एवं सभी संघ संगठनों को एकजुट होकर भाजपा को जिताने के लिए अपील किये।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण के रूप मे विधानसभा संयोजक भानु चन्द्राकर ने कहा मोदी को 2014 मे प्रधानमन्त्री बनाने के लिए व्यापारी बंधुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार भी कुरूद विधानसभा के सभी व्यापारी बंधुवर महासमुंद लोकसभा से रूपकुमारी चौधरी को 3 नम्बर बटन दबाकर सीधे मोदी को प्रधानमंत्री बनाये। सम्मेलन मे व्यापारियों को संबोधित करते हुए व्यापारी संघ कुरूद के अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, व्यापारी संघ भखारा से सुमीत पांडे, राइसमिल एसोसिएशन से सुरेश महावर, सराफा व्यापारी संघ से त्रिलोकचंद जैन आभार प्रदर्शन मेघा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष संतोष सोनी एवं मंच संचालन प्रभात बैस ने किये। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों में भाजपा के पदाधिकारीगण भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, श्याम साहु, भीमदेव साहु, मालकराम साहु, अनिल चन्द्राकर, छत्रपाल बैस, मोहन अग्रवाल, रामस्वरूप साहु, कुलेश्वर चन्द्राकर, कृष्णकांत साहु, सुरेश अग्रवाल, हरि सोनवानी, आदर्श चन्द्राकर, लोकेश्वर सिन्हा के आतिथ्य में संपन्न हुआ ।

# डा.अम्बेडकर जंयती पर भाजपाईयो ने किया माल्यार्पण



**धमतरी।** संविधान निर्माता बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर अम्बेडकर चौक धमतरी में भाजपा शहर मंडल द्वारा माल्यार्पण कर पूण्य स्मरण किये। इस मौके पर पूर्व विधायक रंजना साहू, डीपेन्द्र साहू, शशि पवार, दयाशंकर सोनी, दीपक गजेन्द्र, सुशीला तिवारी, सहित बडी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। भाजपाईयो ने उपस्थित समाज जनो को जयंती की बधाई दिए।

## मातृभूमि की रक्षा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा-दीपक ठाकुर

# जिले में चल रही प्रार्थना सभाओं को पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से शांति पूर्ण ढंग से समझाइश देकर बंद कराया

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदैव राष्ट्र हित एवं लोक हित में कार्य करता रहा है। आज धमतरी जिले मे लगातार चंगाई सभा अबाध गति से चलाई जा रही है, जिसका गांव गांव में लगातार शिकायत और विरोध प्रदर्शन का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के संचालन का कार्य मोहन साहू के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन पर कानून व्यवस्था को बिना प्रभावित किए धर्मांतरण रोकने का कार्य किया जा रहा है। कुरद, भखारा एवं मगरलोड में शांतिपूर्ण ढंग से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा कुछ स्थानों पर अवैध रूप से अंधविश्वास फैलाने वाले घरों में बिना किसी दस्तावेज के संचालित हो रही चंगाई प्रार्थना सभा को जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक ठाकुर के निर्देशन और जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू के नेतृत्व में जिले में चल रही प्रार्थना सभाओं को पुलिस विभाग एवं प्रशासन के सहयोग से शांति पूर्ण ढंग से समझाइश देकर बन्द करवाया गया है। गांव वालों को भी संविधान के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों अनुच्छेद 25 से 28 तक की पूरी जानकारी दी गई। गांव वालों को अंधविश्वास फैलाने वाले लोगों से सावधान रहने के लिए कहा गया। विभिन्न राज्यमें धर्मांतरण के विरुद्ध जो कानून बनाए गए हैं उसको विस्तार पूर्ण ढंग से से समझाया गया। दीपक सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को उद्बोधन में कहा की मातृभूमि की रक्षा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, इस मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए किसी भी प्रकार के राजद्रोह को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा चाहे वो गौ माता की सुरक्षा हो या अंधविश्वास के जरिए धर्मांतरण का हो, युवाओं से आह्वान किया गया कि इन विदेशी ताकतो से राष्ट्र को बचाने की शुरुआत अपने गांवो से करनी होगी। ग्राम खरतुली में जामवन्त देशमुख का कार्य सराहनीय रहा पुलिस की ओर से बतौर अधिकारी उनका बहुत सहयोग मिला भठेली, भखारा में जप ठाकुर का कार्य अनुकरणीय रहा उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से सभा को बंद करवाया। नवागांव में अभिषेक सिंह के सहयोग से सभा बन्द करवाई गई। पचपेडी में गांव वालों ने बन्द करवाया बजरंग दल के सहयोग से। जिले में इस तरह का पुलिस और प्रशासन का सहयोग मिलने से कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन हुआ और अंधविश्वास फैलाने वाले और अवैध सभा लगाने वाले लोगों को भी सबक मिला। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल इस न्यायपूर्ण कार्यवाही के लिए पुलिस और प्रशासन को आभार व्यक्त करता है और धन्यवाद देता है। उपरोक्त कार्यवाही में चित्रेश साहू,दीपक सोनी, कुंजबिहारी साहू, महेंद्र ध्रुवंशी, कृष्णकांत साहू, छोटू माल, तुमेन्द्र साहू, डाकेस साहू, जितेन्द्र देवांगन, योगेश धीवर,गौरव साहू, लोकेंद्र ध्रुवंशी के साथ सैकडो कार्यकर्ता मौजूद थे। मोहन साहू के मार्गदर्शन में गौरव जैन, प्रिंस जैन, कैलाश बख्तानी और पीयूष जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# सीमांकन के आदेश के बाद भी पटवारी नही कर रहा नापजोख



**रायगढ़।** विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम तोलमा में एक पटवारी पर जमीन का सीमांकन करने के मामले में एक पक्षीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने तहसील कार्यालय में ज्ञापन देकर पटवारी पर दूसरे पक्ष से सांठगांठ का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तोलमा निवासी निकोलस टोप्पो, मेरखा टोप्पो, सतीश टोप्पो वगैरह ने आरोप लगाया कि ग्राम तोलमा प. ह. न. क्रमांक 34, खसरा नंबर 999, रकबा 5.760 हेक्टेयर (14 एकड़ लगभग) जिसमें एक महिला भी शामिल है ने अनावेदकों अमूस टोप्पो,शिलाश टोप्पो ,एग्नेश टोप्पो पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। 29 फरवरी को तहसील न्यायालय लैलूंगा में उक्त भूमि के सीमांकन के लिए आदेश प्राप्त होने के बावजूद भी पटवारी द्वारा आज 40 दिन बाद भी नापजोक नहीं करते हुए न्यायालय के आदेश की अपेक्षा करते हुए दिनांक सीमांकन हेतु जमीन नहीं नापी गई है।

# डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए गरीबों-वंचितों के हित में काम कर रही भाजपा : बृजमोहन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया और उन्होंने हमेशा ही समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर कहीं। राजधानी के कचहरी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उन्होंने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की सभी को हार्दिक बधाई दी। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताया था। उन्होंने कहा था कि, शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार है जिससे आप अपनी गरीबी और पिछड़ेपन को मिटा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार उनके आदर्शों पर चलते हुए कार्य कर रही है। देश भर एकलव्य स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय समेत सैकड़ों शिक्षा के नए संस्थान खोले जा रहे है। इतना ही नहीं पिछले 10 साल के मोदी कार्यकाल के दौरान एम्स आईआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे उच्च शिक्षण संस्थान में भी बढ़ोतरी हुई है। केंद्र और राज्य भाजपा सरकार की अनेकों योजनाएं गरीबों, महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है जिनका फायदा समाज के लोग उठा रहे हैं और उनके जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने लोगों से आह्वान किया कि, आइए हम सब बाबा साहेब के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लें और एक ऐसे भारत का निर्माण करने का संकल्प लें जो बाबा साहेब के सपनों का भारत हो। जहां सभी को समान अधिकार और कार्य करने के अवसर प्राप्त ही।

# अंबेडकर जयंती पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नवा रायपुर अटल नगर में शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों को मतदान के महत्व को बताते हुए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेरा के सदस्य धनंजय देवांगन ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी। लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी आवश्यक है। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी को मतदान करने तथा कराने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे, विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर, अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव, औद्योगिक न्यायालय के जज एस एल मात्रे, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष सत्येन्द्र देवांगन, सोजलीफ कोफाउंडर अनिल बनज, विद्युत मंडल के अभियंता राजकुमार सोनकर, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम सागर कोसले, संतोष कुमार वर्मा व शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष देवलाल भारती, कांति सूर्यवंशी सचिव मंत्रालय संघ, प्रीति चौरे, वीरेंद्र मीरचे, राजेश हीरा, आर के पात्रे, शैलेन्द्र बोरकर, हरीश कंवर, शेंडे, टेम्बुरने, महेंद्र बागडे, बी एल साहू आदि अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हाथी ने महुआ बिनने गए ग्रामीणों पर किया हमला, वृद्धा की मौत

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में रविवार सुबह जंगल में हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। मामला रायगढ़ वन मंडल के तमनार वन परिक्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, आमघाट निवासी कालावती पति सुखसिंग राठिया उम्र करीबन 50 साल गांव की अन्य महिलाओं के साथ महुआ बिनने जंगल गई थी। बताया जा रहा है इस बीच सभी लोग पहाड़ चढ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान एक हाथी मौके पर आ गया। अचानक हाथी को सामने देख लोगो मे अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने इधर-उधर भागने लगे। लेकिन कलावती भागने में सफल नही हो सकीं। जिसके बाद हाथी ने महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने बताया कि महिला को कुचलने के बाद एक किलोमीटर दूर उसी हाथी ने एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथी के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम के साथ साथ वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# भाजपा के संकल्प पत्र से साबित, भाजपा संविधान बदलना चाहती है : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा के संकल्प पत्र से साबित हो रहा है कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में उल्लेख है कि भाजपा एक देश एक चुनाव लागू करेगी। भाजपा का यह संकल्प संविधान की मूलभावनाओं के विपरीत है। इसको लागू करने के लिये अनेक चुनी हुई सरकारों के कार्यकाल को अनेकों जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल को बाधित किया जायेगा जो असंवैधानिक है। संविधान में बदलाव की नीयत से ही भाजपा 400 पार का नारा दे रही है जो बुरी तरह से धराशायी होने वाला है। भाजपा के एक सांसद सहित अनेकों भाजपा नेताओं ने बार-बार कहा भी है कि हम संविधान को बदलने के लिये 400 की बात कर रहे है। आरएसएस और भाजपा का षड़यंत्र इनके नेताओं की जुबान पर आने के बाद अब चुनावी संकल्प पत्र में भी उजागर हो गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा का मातृ संगठन आरएसएस तो शुरू से ही संविधान के प्रावधानों के खिलाफ रहा है। देश की जनता की जनादेश के सामने इनकी चल नहीं पा रही है इसीलिये यह कुछ कर नहीं पाये, आरएसएस भारत के राष्ट्रध्वज, संविधान और संवैधानिक व्यवस्था को अनमने ढंग से स्वीकार करता है अब यह लोग 400 पार का सपना देख रहे है ताकि देश के संविधान और संवैधानिक मूल्यों में छेड़ छाड़ कर सके। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के 400 पार की हवा इंडिया शाइनिंग और फीलगुड के समान निकल जायेगी। 'न नौ मन तेल होगा, और न राधा नाचेगी' भाजपा कुछ भी कर लें 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा और उसके नेतृत्व के फासीवादी सोच, मोदी सरकार के पतन का कारण बनेगा। जनता भाजपा के खिलाफ मतदान करने जा रही है। जनता अपने संविधान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिये भाजपा के खिलाफ मतदान करेगी।

# बुर्का पहनकर भागने में था कांग्रेस नेता अकबर खान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



चांटीडीह के व्यापारी और कांग्रेसी नेता रज्जब अली को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सरकंडा पुलिस ने कांग्रेस नेता और भूमाफिया अकबर खान को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, 4 अक्टूबर 2022 को चांटीडीह के रहवासी और कांग्रेस नेता रज्जब अली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौत के बाद परिजनों को सुसाइड नोट मिला था, जो सीएम के नाम लिखा गया था। मामले में विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने कांग्रेस नेता अकबर खान और तैय्यब हुसैन के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया था। लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी, पुलिस रिकॉर्ड में उन्हें फरार बताया जा रहा था। अकबर खान को पिछले कुछ दिनों से गिरफ्तारी की भनक लग गई थी। वह फरार चल रहा था। पुलिस को रविवार को मुखबिरों से सूचना मिली कि अकबर खान घर आया है। पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची तो वह बुर्का पहनकर पुलिस को चकमा देने की फिराक में था, लेकिन पुलिस इस बार चूक नहीं की और उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें, कि अकबर खान के खिलाफ धमकाकर जमीन हड़पने और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज है।

# भाजपा का घोषणा पत्र मोदी की गारंटी और 2047 के विकसित भारत का संकल्प पत्र है : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धारा 370 को खत्म करके कश्मीर में भारत का संविधान लागू किया। आज देश के किसी भी कोने में बम के धमाकों की आवाज सुनाई नहीं पड़ रही है। पूर्वोत्तर के राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व शांति कायम हुई है। भाजपा के रविवार को जारी संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है, 2047 के विकसित भारत का संकल्प पत्र है, छोटे व्यवसायियों के उत्थान की गारंटी है, आधारभूत संरचना के विस्तार का संकल्प पत्र है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र तुष्टीकरण की राजनीति का आईना है। आज प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त व सक्षम नेतृत्व में भारत की सामर्थ्य का डंका देश-दुनिया में बज रहा है। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार पर हमलावर होते हुए शर्मा ने कहा कि राजनांदगाँव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल वही हैं जो अपने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश के 18 लाख गरीबों का आवास रोका था। भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहली कैबिनेट में इन आवासों को स्वीकृति देकर मोदी की गारंटी पूरी की। प्रदेश की भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना की दो किश्तें महिलाओं के खाते में जमा कराई, किसानों को दो साल का बकाया बोनस भुगतान किया और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदकर उसका एकमुश्त भुगतान किया।






# सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड को 5 दिन के भीतर साफ करने का अल्टीमेटम

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



शहर के कचरा रखने की पुरानी जगह सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड के 24 एकड़ में से 5 एकड़ जिसकी सफाई नहीं हो पाई थी उसे रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने 5 दिन के भीतर सफाई करने का निर्देश दिए। सफाई नहीं करने पर उन्होंने कार्रवाई करने का भी अल्टीमेटम भी दिया।

दरअसल सरोना ट्रैचिंग ग्राउंड में निगम की मालिकाना हक की 24 एकड़ की जमीन है। इसी जगह पर शहर भर के कचरे को डाला जा रहा था। संकरी में नया ट्रैंचिंग ग्राउंड बनने के बाद इस जगह पर कचरा एकत्रित करना बंद कर दिया गया। इसी के साथ ही इस जगह पर खाद बन चुके कचरे को अलग करने की कार्रवाई शुरू की गई। इस प्रक्रिया में 24 में से 19 एकड़ क्षेत्र को कचरा मुक्त कर दिया गए। करीब 5 एकड़ क्षेत्र विभिन्न प्रकार के कचरों से अब भी भरें पड़ें हैं। इनमें ठोस अपशिष्ट भी शामिल हैं। निगम के जोन क्रमांक 8 के आयुक्त अरुण ध्रुव ने बताया कि निगम कमिश्नर मिश्रा ने गत दिनों भी इस जगह का निरीक्षण कर खाद में तब्दील हो चुके मिट्टी और खाद में तब्दील हो चुके कचरे को यहां से हटाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों को वहां के खाद को हटाकर उस जगह को 5 दिनों के भीतर पर्यवारण के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। उनके साथ निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे, स्वस्थ भारत अभियान के कार्यपालन अभियंता द्रय रघुमणि प्रधान, योगेश कड़ू तथा जोन क्रमांक 8 के जोन आयुक्त अरुण ध्रुव तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## घर में लगी भीषण आग, सो रहे 3 बच्चे जिंदा जले

**अंबिकापुर।** घर में लगी आग से सो रहे तीन बच्चे जिंदा जल गए। घटना सरगुजा जिले के मैनपाट थाना क्षेत्र की है। इस घटना के बाद बच्चों की मां सदमे में हैं और घटना के संबंध में कुछ भी नहीं बोल पा रही है। मौके पर एसपी अम्बिकापुर विजय अग्रवाल पहंचे हुए हैं और आग कैसे लगी इस संबंध में आसपास के लोगों से चर्चा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, घटना थाना कम्लेश्वरपुर, मैनपाट के ग्राम बरिमा पकरीपारा की है। गांव में देवप्रसाद माझी का परिवार रहता है। हादसे के दौरान देवप्रसाद मांझी मजदूरी करने के लिए पुणे गया हुआ है। और घर में उसकी पत्नी सुधनी माझी और चार बच्चे रहते थे। 13 अप्रैल की देर रात सुधनी तीनों बच्चों को सुलाकर पड़ोस के घर अपनी बड़ी लड़की खुशबु को खोजने गई हुई थी। इस दौरान अचानक घर में आग लग गई। सुधनी जब घर पहुंची तो पूरा घर आग की लपटों में घिरा था। महिला अपने बच्चों का नाम लेकर बचाओं बचाओं कहकर चिल्लाने लगी। ग्रामीणों मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन आग की लपटें इतनी भीषण थी कि उसे बुझाया नहीं जा सका। मौके पर पुलिस की टीम भी पहुंची।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403